आज का मौसम
24.0⁰ अधिकतम तापमान
11.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.50 सूर्यास्त 05.56

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष सप्तमी 05:01 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082

रविवार, 8 फरवरी 2026, वर्ष 4, अंक 175, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये






■ आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत बोले- संघ सत्ता की इच्छा नहीं रखता - 12





■ इलेक्ट्रॉनिक्स आई पी के लिए अमेरिका के साथ काम कर रहा भारत : अश्विनी वैष्णव - 12


■ ईरान के साथ कारोबार करने वाले देशों पर टैरिफ लगाएगा अमेरिका - 13





■ डेविस कप क्वालीफायर में सुमित नागल पहले एकल मुकाबले में हारे - 14


# अमेरिका से व्यापार समझौता पूरा, भारत के लिए 30,000 अरब डॉलर का बाजार खुला

## ट्रंप ने रूस से तेल खरीद पर लगाया गया अतिरिक्त 25% टैरिफ भी हटाया, अब सिर्फ 18 फीसदी टैरिफ

- भारत अगले 5 साल में 500 अरब डॉलर के अमेरिकी ऊर्जा उत्पाद विमान और कलपुर्जे आदि खरीदेगा

नई दिल्ली/वाशिंगटन, एजेंसी

भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार वार्ता शनिवार को पूरी हो गई। दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कई वस्तुओं पर आयात शुल्क घटाएंगे। वहीं, रूस से तेल खरीद पर लगाया गया अतिरिक्त 25% टैरिफ भी अमेरिका ने हटा दिया है। अब भारतीय वस्तुओं पर मौजूदा शुल्क 50% से घटकर 18 प्रतिशत रह जाएगा।

समझौते के तहत भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं और अमेरिकी खाद्य एवं कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर आयात शुल्क समाप्त या कम करेगा। इनमें सूखे अनाज, पशु आहार के लिए लाल ज्वार, मेवे, ताजे और प्रसंस्कृत फल, सोयाबीन तेल, शराब और स्पिरिट शामिल हैं। दोनों देशों के एक संयुक्त बयान के मुताबिक, भारत ने अगले पांच साल में 500 अरब डॉलर के अमेरिकी ऊर्जा उत्पाद, विमान और विमान कलपुर्जे, कीमती धातु, प्रौद्योगिकी उत्पाद और कोकिंग कोयला खरीदने का इरादा जताया है। बयान के मुताबिक, अमेरिका और भारत को पारस्परिक और द्विपक्षीय रूप से लाभकारी व्यापार से संबंधित एक अंतरिम समझौते के लिए रूपरेखा तैयार करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इसके अलावा, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश के माध्यम से रूसी तेल की खरीद पर पिछले वर्ष अगस्त में भारत पर लगाए गए 25 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क को हटा दिया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि अंतरिम समझौते से भारतीय निर्यातकों, विशेषकर एमएसएमई, किसानों व मछुआरों के लिए 30,000 अरब अमेरिकी डॉलर का बाजार खुलेगा। इसका कारण भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी शुल्क पहले के 50 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत हो जाएगा। अमेरिका ने अगस्त, 2025 में रूस से कच्चे तेल की खरीद जारी रखने को लेकर भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगा दिया था। यह पहले से लगाए गए 25 प्रतिशत जवाबी शुल्क के अलावा था। इस वजह से भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में कुल शुल्क बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया था। इससे भारतीय निर्यातकों को भारी नुकसान हुआ था, क्योंकि अमेरिका उनका सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है। शुल्क में कमी से वस्त्र और परिधान, चमड़ा और जूते, प्लास्टिक और रबर, जैविक रसायन, गृह सज्जा, हस्तशिल्प उत्पाद जैसे भारत के श्रम-प्रधान क्षेत्रों और कुछ मशीनरी के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। इसके अतिरिक्त, जेनेरिक दवाइयों, रत्नों और हीरों, तथा विमान के कल-पुर्जों सहित कई प्रकार की वस्तुओं पर शुल्क शून्य हो जाएगा।





नई दिल्ली के वाणिज्य भवन में भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल।

### मेक इन इंडिया को मिलगी मजबूती : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौता किसानों और उद्यमियों के लिए नए अवसर खोलकर मेक इन इंडिया को मजबूत करेगा तथा महिलाओं और युवाओं के लिए रोजगार पैदा करेगा। प्रधानमंत्री ने भारत और अमेरिका के बीच मजबूत संबंधों के प्रति अपनी व्यक्तिगत प्रतिबद्धता के लिए राष्ट्रपति ट्रंप को धन्यवाद भी दिया। मोदी ने कहा, भारत-अमेरिका के लिए बहुत अच्छी खबर। यह रूपरेखा भारत-अमेरिका साझेदारी की बढ़ती गहराई, भरोसे और गतिशीलता को दिखाता है।

### इन चीजों पर नहीं लगेगा कोई टैरिफ

चाय, मसाले, कॉफी, नारियल तेल, कोपरा, और वनस्पति मोम जैसे उत्पादों पर अमेरिका में कोई आयात शुल्क नहीं लगेगा। इसके अलावा, केले, आम, अमरूद, एवोकाडो, कीवी, पपीता, अनानास, मशरूम, जड़ वाली सब्जियां, अनाज, जौ, बेकरी उत्पाद, कोको उत्पाद, तिल, खसखस और खट्टे फलों के रस जैसे कई फल, सब्जियां और कृषि उत्पाद भी बिना किसी शुल्क के अमेरिकी बाजार में पहुंचेंगे। भारत से करीब 13 अरब डॉलर के दवा निर्यात पर भी अमेरिका में शून्य-शुल्क लगेगा। रत्न और आभूषण निर्यात को भी शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी, साथ ही कई अन्य उच्च-मूल्य वाले उत्पाद भी इसमें शामिल हैं।

### भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार

अमेरिका 2021-25 के दौरान भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार था। भारत के कुल निर्यात में अमेरिका का हिस्सा 18 प्रतिशत, आयात में 6.22 प्रतिशत और द्विपक्षीय व्यापार में 10.73 प्रतिशत है। 2024-25 में, द्विपक्षीय व्यापार 186 अरब डॉलर (86.5 अरब डॉलर निर्यात और 45.3 अरब डॉलर आयात) तक पहुंच गया। अमेरिका के साथ भारत का व्यापार अधिशेष 2024-25 में 41 अरब डॉलर था।

## राम मंदिर में होगी नए अर्चकों की भर्ती

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** श्रीराम जन्भूमि मंदिर परिसर में बने 18 अन्य मंदिरों में भी नियमित पूजा पाठ के साथ पुजारियों की उपस्थिति बनी रहे। सभी मंदिरों में पुजारी दो अलग-अलग शिफ्ट में सेवा देंगे। जिसको लेकर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट गठित धार्मिक समिति के सदस्यों के साथ मंथन कर रहा है। रामनवमी से पहले कुछ नये अर्चकों को शामिल किये जाने की संभावना है।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट राम मंदिर सहित विभिन्न धार्मिक आयोजनों का संपादन कर रहे आचार्यों को पुजारी के रूप में नियुक्त करने की तैयारी कर रहा है। राम मंदिर के परकोटे में बने छह मंदिरों के अलावा सप्त मंडपम, शेषावतार मंदिर, कुबेर टीला और यज्ञमंडप में भी सुबह-शाम दर्शन शुरू कराने की योजना है। हर मंदिर में दोनों पालियों में न्यूनतम दो-दो पुजारियों की जरूरत होगी। इस हिसाब से एक मंदिर के लिए चार पुजारी अनिवार्य होंगे। कुल मिलाकर करीब 72 पुजारियों की आवश्यकता होगी। वर्तमान में 20 पुजारी ही सेवाएं दे रहे हैं। वहीं नए पुजारियों की भर्ती के प्रस्ताव को तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्ट पहले ही मंजूरी दे चुके हैं। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से पहले ट्रस्ट ने छह महीने की प्रशिक्षण योजना चलाई थी, जिसमें 21 आचार्यों का चयन किया गया था। इनमें से 16 आचार्यों को पुजारी के रूप में नियुक्त किया जा चुका है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉक्टर अनिल मिश्रा ने बताया कि सभी मंदिरों के निर्माण का कार्य संपन्न हो चुका है।

## तेंदुए ने मासूम पर किया हमला, मौत

**बहराइच।** कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग अंतर्गत थाना सुजौली क्षेत्र के मोहकम पुरवा चफ़रिया गांव में शनिवार शाम तेंदुए के हमले में 6 साल की मासूम बच्ची की मौत हो गई है। ग्राम पंचायत चफ़रिया के मोहकम पुरवा गांव निवासी राजू गौतम की 6 साल की बच्ची सहजल घर के आंगन में खेल रही थी तभी जंगल से निकलकर तेंदुआ घर में घुस गया जो बच्ची को दबोचकर पास के गन्ने के खेत में घुस गया। तभी परिजन व आसपास के लोग हाका लगाते हुए दौड़े जिस पर तेंदुआ बच्ची को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। परिजन बच्ची को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुचे । चिकित्सक आरपी सिंह व वार्ड बॉय सतेंद्र ने बच्ची का प्राथमिक उपचार शुरू किया इस दौरान बच्ची की हालत गंभीर होने की वजह से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।





इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, प्यार का उत्सव वेलेंटाइन डे व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

☞ www.amritvichar.com

## मथुरा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर ट्रक ने छह यात्रियों को रौंदा

- बस से उतरकर सड़क किनारे खड़े थे यात्री, सभी के चेहरे कुचले, स्वेटर से पहचान
- जान गंवाने वालों में दो औरैया एक-एक कन्नौज, फिरोजाबाद बस्ती और दिल्ली के रहने वाले

मथुरा, एजेंसी

यमुना एक्सप्रेसवे पर एक कंटेनर ट्रक के बस से टकरा जाने से छह लोगों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना मथुरा जिले के सुरीर थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात दो बजकर 45 मिनट पर हुई। सुरीर पुलिस थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) अजय कुमार ने बताया कि यह दुर्घटना तब हुई जब नोएडा से कानपुर जा रही एक बस को बीच में एक यात्री के शौचालय जाने के कारण रोका गया था। उन्होंने बताया कि एक कंटेनर ने बस को बगल से टक्कर मार दी, जिससे बस से उतरकर सड़क पर खड़े छह लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। हादसे में यात्रियों के चेहरे कुचल जाने से उनकी पहचान स्वेटर से की गई।

जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह ने बताया कि सभी मृतकों और घायलों के परिजनों को नियमानुसार सहायता मुहैया कराई जाएगी। इस हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान औरैया निवासी सोनू (32), बस्ती निवासी देवेश (32), कन्नौज निवासी असलम (27), दिल्ली निवासी संतोष (45), औरैया निवासी अनुराग (27) और फिरोजाबाद निवासी प्रमोद (35) शामिल हैं। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की पहचान औरैया निवासी शिवकांत दुबे (46) के रूप में हुई है। जिलाधिकारी ने बताया शवों का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद फरार हुए ट्रक चालक की तलाश जारी है। शेष यात्रियों को उनके गंतव्य तक भेजा जा रहा है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई कर रही है।



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त बस।

## यूपी नीट पीजी काउंसिलिंग में 1533 सीटों पर मिलेगा प्रवेश

**लखनऊ।** यूपी नीट पीजी-2025 की तीसरी काउंसिलिंग में प्रदेश के सरकारी व निजी कुल 70 मेडिकल कॉलेजों की रिक्त 1533 पीजी सीटों को शामिल किया गया है। मेरिट सूची के आधार पर चिकित्सक अभ्यर्थियों को मनपसंद कॉलेजों की प्राथमिकताएं देनी होंगी।

चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक द्वारा कॉलेजों के रिक्त सीटों की मेट्रिक्स सार्वजनिक कर दी गई है। जारी मेट्रिक्स के अनुसार 34 सरकारी समेत 70 मेडिकल कॉलेजों में एमडी-एमएस की 1458 सीटें और डीएनबी की 75 सीटों सार्वजनिक की गई हैं। इनमें एनेस्थिसिया, ईएनटी, मेडिसिन, माइक्रोबॉयोलॉजी, आर्थो, मानसिक रोग विभाग, रेडियोलॉजी और सर्जरी विभाग की सीटें शामिल हैं। अभ्यर्थियों को 11 फरवरी तक प्राथमिकताएं देनी होंगी, तत्पश्चात सीट आवंटन परिणाम घोषित किए जाएंगे। 17 फरवरी तक प्रवेश की प्रक्रिया कॉलेज स्तर पर संपन्न की जाएगी।

### मलेशिया पहुंचे पीएम मोदी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को मलेशिया के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे, यहां उनकी अगवानी समकक्ष अनवर इब्राहिम ने की। मोदी ने कहा कि मलेशिया में भारतीय मूल के 30 लाख लोग रहते हैं, जो विश्व में भारतीय मूल के लोगों का दूसरा सबसे बड़ा समुदाय है। (खबर देश विदेश पेज पर)

### ब्रीफ न्यूज

### ऑपरेशन साइहॉक 3.0 के तहत 2500 से अधिक ठगों पर की गई कार्रवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने ऑपरेशन साइहॉक 3.0 के तहत खुफिया जानकारी के आधार पर कई राज्यों में साइबर ठगी नेटवर्क के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान चलाया है, जिसमें 2,563 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है और 627 करोड़ रुपये से अधिक के धोखाधड़ी मामलों को आपस में जोड़ा गया है। दिल्ली तथा असम, अरुणाचल प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, पंजाब, हरियाणा और केरल समेत 10 से अधिक राज्यों में समन्वित ढंग से अभियान चलाया गया जिसमें 5,000 से अधिक पुलिस कर्मियों ने भाग लिया।

## अमेरिका ने पीओके और अक्साई चिन को भारत का हिस्सा बताया

- ट्रेड डील के बाद भारतीय मानचित्र शेयर किया, पाकिस्तान के प्रोपेगैंडा को बड़ा झटका

**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते की घोषणा के बाद अमेरिकी ट्रेड ऑफिस (यूएसटीआर) ने भारतीय मानचित्र शेयर किया। जिसमें पूरा जम्मू-कश्मीर क्षेत्र, जिसमें पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और अक्साई चिन (चीन के कब्जे वाला इलाका) हैं, उन्हें भारत का हिस्सा दिखाया गया है।

यह नक्शा सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। अमेरिका पहले के नक्शों में पीओके को अलग से दिखाता था। अंतर्राष्ट्रीय मंचों और पश्चिमी देशों के सरकारी नक्शों में भी विवादित हिस्सों को अलग रंग या 'डॉटेड लाइन्स' से दिखाया जाता है। इस बार ट्रंप प्रशासन ने जानबूझकर या अनजाने में एक ऐसा नक्शा शेयर किया जो भारत की सीमाओं को पूरी तरह मान्यता देता है। भारत हमेशा से जम्मू-कश्मीर को अपना अभिन्न अंग मानता आया है। इसे पाकिस्तान के प्रोपेगैंडा के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। पिछले कुछ महीनों में पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार और आर्मी चीफ फील्ड मार्शल असीम मुनीर ट्रंप की खुशामद में लगे हुए हैं। यहां तक कि शहबाज सरकार ने ट्रंप के गाजा पीस बोर्ड में भी शामिल होने का फैसला कर लिया, जिसका पाकिस्तान में ही विरोध हो रहा है।

## केरल में प्याज के ट्रक से भारी मात्रा में विस्फोटक जब्त

- 245 बक्से बरामद, जिलेटिन की 10,500 छड़ें और डेटोनेटर मिले

**मलप्पुरम।** केरल में मलप्पुरम के समीप चेम्माड में शनिवार को प्याज लदे एक ट्रक से जिलेटिन की 10,500 से अधिक छड़ें व डेटोनेटर जब्त किए गए। इस सिलसिले में पुलिस ने ट्रक की मालकिन को हिरासत में लिया है।

पुलिस के अनुसार, ईंट के भट्ठे के पास खड़े इस ट्रक से लगभग 245 बक्से बरामद किए गए जिनमें जिलेटिन की छड़ें, डेटोनेटर और तार रखे थे। तिरुरंगडी थाने के अधिकारियों ने बताया कि प्याज से लदा यह ट्रक शुक्रवार देर रात ईंट के भट्ठे पर पहुंचा था।

एक गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, जिसके बाद ट्रक से सामान उतार रहे लोग भाग गए। हिरासत में ली गई महिला पत्थर की एक खदान भी चलाती है।

## बच्चे से योगी बोले- हम भी तेरे दादा ही लगते हैं

- उत्तराखंड के पैतृक गांव पंचूर में बच्चों के बीच उमड़ा 'महाराज' का बालप्रेम
- सीएम ने सुबह गांव में बड़े-बुजुर्गों से हालचाल पूछा, बच्चों को किया दुलार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तराखंड दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी ने अपने पैतृक गांव पंचूर में रात्रि विश्राम के बाद शनिवार सुबह गांव के बड़े-बुजुर्गों का हालचाल जाना और बच्चों को दुलार किया। इस दौरान योगी का बालप्रेम उमड़ आया। उन्होंने गांव के बच्चों पर अपना स्नेह बरसाया, उनसे बातचीत की और उन्हें चॉकलेट भी दी। एक बच्चे से बातचीत में बोले कि 'हम भी तेरे दादा ही लगते हैं'।

योगी ने एक बच्चे को अपनी गोद में लेकर उसे प्रेम से खिलाया। बच्चों ने भी सहज भाव से मुख्यमंत्री से बातचीत की। इस दौरान, गांव के लोगों ने योगी के साथ सेल्फी भी ली। वे शनिवार को अपने परिजनों से भी मिले। योगी की विनम्रता, सरलता व सहजता देखकर स्थानीय लोग भी भाव-विभोर हो गए।



उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिलांतर्गत यमकेश्वर तहसील स्थित अपने गांव पंचुर में बच्चे को दुलारते मुख्यमंत्री योगी।

**हीलाहवाली** — तीसरे-चौथे दर्जे के कर्मी सबसे आगे, ऑनलाइन ट्रैकिंग से बढ़ा डर, पहले फाइलों में दब जाते थे मामले

## संपत्ति घोषणा में चार गुना पीछे हैं आईएएस-पीसीएस अफसर

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** आईएएस, आईपीएस और पीसीएस संवर्ग के अधिकारी ही संपत्ति घोषणा में सबसे पीछे खड़े नजर आ रहे हैं। प्रदेश में सभी कार्मिकों की चल-अचल संपत्ति की मानव संपदा पोर्टल पर घोषणा अनिवार्य किए जाने और वेतन तक रोकने के बावजूद पहले और दूसरे दर्जे के अफसरों की सुस्ती नहीं थमी है। जबकि तीसरे और चौथे दर्जे के कर्मी चार गुना आगे हैं।

इसके पीछे की वजह ऑनलाइन ट्रैकिंग से किसी की ओर शिकायत पर कार्रवाई का डर माना जा रहा है। पहले मामले फाइलों में दबे रह जाते थे। मुख्यमंत्री योगी की भ्रष्टाचार पर जीरो-टॉलरेंस नीति और मुख्य सचिव एसपी गोयल के सख्त निर्देशों के बावजूद संपत्ति विवरण देने में सर्वाधिक उदासीनता तो प्रशासन व पुलिस विभाग के अधिकारियों ने ही दिखाई है। आंकड़े बताते हैं कि जहां प्रथम श्रेणी (आईएएस-आईपीएस-पीसीएस) के केवल 83 प्रतिशत अधिकारियों ने मानव संपदा पोर्टल पर संपत्ति का ब्योरा दर्ज किया, वहीं तृतीय श्रेणी के 96 प्रतिशत कर्मचारियों ने यह प्रक्रिया पूरी कर ली। 31 जनवरी की समय सीमा तक संपत्ति विवरण अपलोड न करने वाले 47 हजार राज्यकर्मियों पर अब अनुशासनात्मक कार्रवाई की तलवार लटक रही है। प्रदेश में 8.65 लाख कर्मचारियों में से यह संख्या भले प्रतिशत में कम लगे, लेकिन प्रशासनिक पदानुक्रम में इसका असर बड़ा है। संपत्ति न बताने वालों में 16.89 % प्रथम श्रेणी और 13.92% द्वितीय श्रेणी के अधिकारी शामिल हैं। जबकि तृतीय श्रेणी में यह आंकड़ा महज 4.03% और चतुर्थ श्रेणी में 7.34% है। यानी वरिष्ठ अधिकारी संपत्ति घोषणा में चार गुना तक पीछे दिख रहे हैं। ऐसे में तकनीकी दिक्कतों का बहाना भी बनाना अब मुश्किल होगा। जानकारों के मुताबिक वरिष्ठ अधिकारियों की संपत्ति का स्वरूप अपेक्षाकृत जटिल होता है।

पुरानी खरीदी गई जमीनें, रिश्तेदारों के नाम संपत्ति, बिना अनुमति के किए गए निवेश। ऑनलाइन व्यवस्था में हर एंट्री का स्थायी डिजिटल रिकॉर्ड बन रहा है। पहले कागजी फाइलें दब जाती थीं, अब ट्रैक बनता है। यही डर कई अफसरों को असहज कर रहा है। स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, बेसिक-माध्यमिक शिक्षा, लोक निर्माण, राजस्व, पंचायती राज, गृह, वित्त और सिंचाई जैसे बड़े विभागों में संपत्ति न बताने वालों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक है।

### ब्योरा न देने वालों की हो सकती जांच

सूत्रों के मुताबिक एक से अधिक वर्षों तक संपत्ति विवरण न देने वाले अफसरों की अलग सूची तैयार हो रही है। वेतन रोकने से आगे बढ़कर विस्तृत जांच भी हो सकती है। यह मुख्यमंत्री योगी की बैठक में तय होगा, जो पिछले सप्ताह में टल गई थी। आने वाले दिनों में यह स्पष्ट हो जाएगा कि यह सख्ती सिर्फ चेतावनी बनती है या वास्तव में प्रशासनिक संस्कृति में पारदर्शिता का स्थायी बदलाव लाती है।

### यह है कर्मचारी आचरण नियमावली

उप्र सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली के अनुसार हर कर्मचारी को प्रत्येक वर्ष अपनी और आश्रितों की जमीन, मकान, प्लैट, दुकान, वाहन, आभूषण, निवेश और बैंक जमा जैसी सभी चल-अचल संपत्तियों का विवरण देना अनिवार्य है। सेवा काल में कोई बड़ी संपत्ति खरीदने पर विभागीय अनुमति भी जरूरी है। नियम का मकसद आय और संपत्ति के बीच असंगति पकड़ना है।

# गुजरात की तर्ज पर माननीयों का इस्तीफा लेकर बदले जा सकते मंत्री

## योगी मंत्रिमंडल का दूसरा विस्तार जल्द, बदले जा सकते डेढ़ दर्जन मंत्री, व्यापक फेरबदल की तैयारी अंतिम चरण में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार:** प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर बड़े बदलाव की आहट तेज हो गई है। गुजरात मॉडल की तर्ज पर योगी सरकार 2.0 में दूसरा मंत्रिमंडल विस्तार और व्यापक फेरबदल की तैयारी अंतिम चरण में मानी जा रही है। करीब डेढ़ दर्जन मंत्रियों को बदले जाने की संभावना है। इसके साथ ही भाजपा संगठन में भी बड़े स्तर पर बदलाव को लेकर दिल्ली में सहमति बन चुकी है। इसी के साथ भाजपा संगठन में भी भारी फेरबदल की तैयारी है। इसे लेकर दिल्ली में सहमति बन गई है।

गुजरात में 2022 विधानसभा चुनाव से पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने बड़ा दांव खेलते हुए 16 मंत्रियों से इस्तीफा लिया था और नए मंत्रिमंडल में 19 नए चेहरों को शामिल किया गया था। इसका सीधा असर चुनावी नतीजों में दिखा और भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

इसी मॉडल को यूपी में अपनाने की तैयारी मानी जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार में फिलहाल 54 मंत्री हैं, जबकि संवैधानिक रूप से 60 मंत्रियों की सीमा है। यानी छह पद पहले से खाली हैं। ऐसे में मंत्रिमंडल विस्तार तय माना जा रहा है, लेकिन इस बार संदेश साफ है, सिर्फ विस्तार नहीं बल्कि परफॉर्मेंस के आधार पर बदलाव। पार्टी और संगठन स्तर पर लंबे समय से यह फीडबैक मिल रहा है कि सरकार के कुछ मंत्रियों के कामकाज को लेकर असंतोष है। यह नाराजगी केवल जनता तक सीमित नहीं, बल्कि विधायकों, सांसदों और संगठन के पदाधिकारियों के जरिए भी शीर्ष नेतृत्व तक पहुंची है। आरएसएस और भाजपा के बीच हुई समन्वय बैठकों में भी मंत्रियों की सक्रियता, जनता से जुड़ाव और विभागीय प्रदर्शन को लेकर सवाल उठे हैं।

सूत्रों का कहना है कि जिन मंत्रियों के खिलाफ लगातार शिकायतें मिल रही हैं, उन्हें संगठन या चुनावी मैदान में भेजा जा सकता है। वहीं उनकी जगह ऐसे नए चेहरों को मौका मिलेगा, जो जमीनी पकड़ रखते हों और 2027 के विधानसभा चुनाव की रणनीति में फिट बैठते हों। सूत्रों के मुताबिक, मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर दो टाइमलाइन पर विचार चल रहा है, पहली होली से पहले और दूसरी पश्चिम बंगाल चुनाव के बाद। हालांकि पार्टी के भीतर यह भी संकेत हैं कि खाली पदों के साथ-साथ बड़े बदलाव एक साथ किए जा सकते हैं, ताकि बार-बार फेरबदल का संदेश न जाए।

### सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन पर जोर

मंत्रिमंडल विस्तार में सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन पर खास ध्यान दिया जाएगा। दलित, पिछड़े, ब्राह्मण और महिलाओं को अधिक प्रतिनिधित्व मिलने की संभावना जताई जा रही है। इसके अलावा पश्चिमी यूपी, बुंदेलखंड, पूर्वांचल और तराई क्षेत्र से नए चेहरों को आगे लाने पर भी मंथन चल रहा है। कुछ ऐसे विधायक, जिन्होंने हाल के वर्षों में संगठन और सरकार के बीच बेहतर समन्वय दिखाया है, उन्हें मंत्री पद मिल सकता है।

### भाजपा संगठन में भी होगा बड़ा फेरबदल

केवल सरकार ही नहीं, भाजपा संगठन में भी बदलाव तय माने जा रहे हैं। जिलों से लेकर क्षेत्रीय स्तर तक कई पदों पर नए चेहरों को लाने की तैयारी है। सभी मोर्चे में कमान बदली जा सकती है। दिल्ली में हुई बैठकों में यह सहमति बनी है कि सरकार और संगठन दोनों में एक साथ बदलाव कर चुनावी मशीनरी को पूरी तरह सक्रिय किया जाए।

## आठ मेडिकल कॉलेजों में प्राचार्य की नियुक्त को मांगे आवेदन

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के स्वशासी मेडिकल कॉलेजों में आठ कॉलेजों में प्राचार्य की नियुक्ति के लिए आवेदन मांगे गए हैं। यह आवेदन 6 मार्च 2026 तक, समस्त प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियों के साथ चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक कार्यालय में पंजीकृत डाक द्वारा उपलब्ध कराना होगा। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक कार्यालय के अपर निदेशक द्वारा कानपुर देहात, कुशीनगर, बिजनौर, सुल्तानपुर, सोनभ गोंडा, अमेठी और बुलंदशहर मेडिकल कॉलेजों में प्राचार्य की नियुक्ति के लिए आवेदन मांगे गए हैं। आवेदक अभ्यर्थियों की उम्र 50 साल से लेकर 62 साल के मध्य होनी चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### 31 मार्च तक चलेगा राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान 2.0

**अमृत विचार, लखनऊ :** न्यायालयों में लंबित वादों के त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान 2.0 का संचालन 1 जनवरी से 31 मार्च तक किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने नागरिकों से अभियान में भाग लेकर मध्यस्थता का लाभ उठाने की अपील की है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के सचिव जीवक कुमार सिंह ने बताया कि जिले के सभी न्यायालयों, पारिवारिक न्यायालय, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, वाणिज्यिक न्यायालय, उपभोक्ता फोरम सहित विभिन्न न्यायालयों में लंबित मामलों का मध्यस्थता के माध्यम से निस्तारण किया जाएगा। मालूम हो कि यह अभियान राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा), नई दिल्ली तथा सर्वोच्च न्यायालय की मीडियेशन एवं कंसीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी के तत्वावधान में पूरे देश में चल रहा है।

### 50 हजार का इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसटीएफ ने फरार चल रहे 50 हजार के इनामी गैंगस्टर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अभियुक्त गिरफ्तारी से बचने के लिए हरियाणा में छिप कर रह रहा था। एसटीएफ प्रवक्ता के मुताबिक, गोंडा के थाना परसपुर में गैंगस्टर एक्ट के मामले में अभियुक्त रितिक सिंह उर्फ बिल्लू निवासी गांव कालीपुर पुरवा मधईपुर फरार चल रहा है। उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार का इनाम घोषित था। एसटीएफ के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्त रितिक ने बताया कि अपने साथी मलखान, जाकिर, रिजवान, सनी, योगेश और अंकित के साथ मिलकर लक्षनपुरवा डेहरास में बीयर की दुकान को काटकर चोरी की थी। इसके बाद धरमनगर स्थित बीयर की दुकान में भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

### रेरा ने एजेंटों के लिए लागू की नई व्यवस्था

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) प्रदेश में कार्यरत रियल एस्टेट एजेंटों के प्रशिक्षण एवं प्रमाणन के सम्बंध में नई संशोधित व्यवस्था लागू की है। फर्म, पार्टनरशिप, एलएलपी अथवा कंपनी के रूप में कार्य कर रहे डायरेक्टर या पार्टनर की जिम्मेदारी होगी कि एजेंट का प्रशिक्षण के लिए पंजीकरण कराएं। साथ ही सेल अथवा मार्केटिंग से जुड़े एक निश्चित संख्या में कार्मिकों को प्रशिक्षण प्राप्त कर मूल्यांकन प्रक्रिया में सफल होना होगा। उसके बाद ही प्रतिष्ठान द्वारा रेरा में एजेंट पंजीकरण के लिए आवेदन किया जा सकेगा। ऐसे पार्टनर और डायरेक्टर जो दैनिक कार्यों में शामिल नहीं रहते हैं, उन्हें प्रशिक्षण से छूट लेने का प्रावधान किया गया है। सभी सक्रिय निदेशकों, पार्टनर और कार्मिकों को प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य होगा। पहले से पंजीकृत सभी रियल एस्टेट एजेंटों को 31 दिसम्बर 2026 तक प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य होगा।

### रिपोर्ट दर्ज कराने को कांग्रेसियों ने थाना घेरा

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की कथित आपत्तिजनक तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं करने पर कांग्रेसियों में खासा गुस्सा है। जिलाध्यक्ष रुद्र दमन सिंह बबलू के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शनिवार को लखनऊ के हुसैनगंज थाने का घेराव किया और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। आरोप है कि बीते दिनों सरोजनी नगर के भाजपा समर्थित लोगों द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की अपमानजनक तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की गई थी।

# आईबी अफसर बनकर गांठता था रौब, गिरफ्तार

## विभागों में अवैध कार्य कराने का बना रहा था दबाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एसटीएफ ने आईबी और एनएसए के फर्जी कार्ड किए बरामद

**अमृत विचार:** इंटेलीजेंस ब्यूरो (आईबी) के फर्जी डिप्टी डायरेक्टर को एसटीएफ ने बिजनौर से गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से आईबी और एनएसए दिल्ली के फर्जी कार्ड बरामद किए गए हैं। आरोप है कि गिरफ्तार अभियुक्त मनोज चौहान खुद को आईबी का अफसर बताकर पुलिस और प्रशासन के अफसरों पर अवैध कार्य कराने का दवाब बना रहा था।

एसटीएफ प्रवक्ता के मुताबिक, सूचना मिली कि पिछले कुछ दिनों से मनोज चौहान नामक व्यक्ति खुद को आईबी का डिप्टी डायरेक्टर बता कर बिजनौर में घूम रहा है। वह पुलिस, राजस्व और शिक्षा समेत अन्य विभागों के अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों तक को फोन कर अवैध कार्य कराने का दबाव बनाता है। सभी से खुद को आईबी का डिप्टी डायरेक्टर बनाकर ही मुलाकात भी करता है। वह सफेद रंग की इंगनिस कार लेकर चलता है।



आरोपी मनोज चौहान

एसटीएफ ने दिल्ली स्थित इंटेलीजेंस विभाग में संपर्क किया तो पता चला कि बिजनौर में किसी भी अधिकारी की तैनाती नहीं की गई है। इसके बाद एसटीएफ के एडीशनल एसपी ब्रजेश कुमार सिंह ने टीम के साथ बिजनौर में डेरा डाल दिया। शुक्रवार की रात को उन्हें पता चला कि कथित आईबी अधिकारी बिजनौर के कस्बा धामपुर स्थित साकेत बिहार कालोनी में है। एसटीएफ ने जाकर उसे गिरफ्तार कर लिया। पहले तो उसने एसटीएफ को भी दबाव में लेने का प्रयास किया, लेकिन एक नहीं चली। उसके गिरफ्तार कर पूछताछ की गई तो वह टूट गया। उसने अपना नाम मनोज चौहान पुत्र नरेन्द्र सिंह चौहान निवासी त्रिलोकवाला, थाना नगीना बताया। मौजूदा समय में वह कस्बा धामपुर के मोहल्ला साकेत बिहार कालोनी में रह रहा था। पुलिस ने उसके कब्जे से दो मोबाइल, आईबी और एनएसए दिल्ली के दो फर्जी परिचय पत्र और एक कार यूपी 20 सीएच 6789 को बरामद किया है। एसटीएफ ने थाना धामपुर में मुकदमा कायम कर गिरफ्तार कर लिया।

## शीतलहर व विक्षोभ का असर खत्म

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में मौसम ने करवट ले ली है। पश्चिमी विक्षोभ के असर से हुई बारिश और तेज हवाओं के बाद अब प्रदेश में शीतलहर का प्रभाव लगभग समाप्त हो चुका है। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में मौसम सामान्य रहेगा और तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी।

शनिवार को प्रदेश के कई हिस्सों में पछुआ हवाएं चलती रहीं। धूप निकलने के बावजूद हवा में ठंडक बनी रही, लेकिन सुबह और शाम की गलन पहले के मुकाबले काफी कम महसूस की गई। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार, प्रदेश में कोहरे का प्रभाव लगभग खत्म हो चुका है। उन्होंने बताया कि अगले दो से तीन दिनों तक प्रदेश में कोई सक्रिय मौसम तंत्र नहीं बन रहा है, जिससे तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी संभव है। रविवार को भी तेज हवाएं चलने के आसार हैं। हालांकि, मौसम शुष्क बना रहेगा और दिन में धूप खिली रहेगी। इससे दिन के तापमान में हल्की बढ़त देखने को मिलेगी।



लखनऊ : बसपा मुख्यालय में आयोजित बैठक में पदाधिकारियों का अभिवादन करतीं पार्टी प्रमुख मायावती, साथ में आकाश आनंद।

# भाजपा सरकार में अधिकांश वर्ग पीड़ित

- विधानसभा उप चुनाव को लेकर बसपा की प्रदेशस्तरीय बैठक को मायावती ने किया संबोधित

**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार में गिने-चुने लोगों को छोड़कर समाज का अधिकांश वर्ग, विशेषकर बहुजन समाज, उपेक्षा, असुरक्षा एवं महंगाई से पीड़ित है। उन्होंने आरोप लगाया कि विरोधी दल बसपा को कमजोर करने के लिए षड्यंत्र कर रहे हैं, लेकिन पार्टी गरीबों, दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और सर्वसमाज के हितों को केंद्र में रखकर पूरी मजबूती से चुनावी मैदान में उतरेगी।

बसपा प्रमुख शनिवार को पार्टी मुख्यालय में उप्र. राज्य के प्रदेश, जिला व विधानसभा स्तर के पदाधिकारियों को संबोधित कर रही थी। आगामी विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों को लेकर बुलाई गयी अहम बैठक में उन्होंने कहा कि चुनावी तैयारियों को ध्यान में रखते हुए पार्टी संगठन को और मजबूत बनाने के लिए आवश्यक संगठनात्मक फेरबदल किए जाएंगे। सरकार से आमजन के प्रति संवेदनशील रवैया अपनाने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव के लिए समय बहुत कम बचा है। 'एसआईआर की वजह से पार्टी का काम प्रभावित हुआ है। अब उन कार्यों को पूरा किया जाएगा ताकि चुनाव को लेकर संगठन मजबूत और तय चुनावी रणनीति पर अमल किया जा सके।



पौड़ी गढ़वाल स्थित गुरु गोरखनाथ की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते मुख्यमंत्री योगी।

## गुरु गोरखनाथ महाविद्यालय में किया पौधरोपण

**अमृत विचार, लखनऊ/पौड़ी गढ़वाल :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने उत्तराखंड प्रवास के दूसरे दिन शनिवार को पौड़ी गढ़वाल जिले के बिथ्याणी (यमकेश्वर) स्थित गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय का दौरा किया। मुख्यमंत्री ने महाविद्यालय परिसर में आम का पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और हरित भविष्य के लिए सामूहिक प्रयासों का आह्वान किया। इस अवसर पर 127 गढ़वाल इन्फेंट्री बटालियन के जवानों ने 'भारत माता की जय' के नारों के साथ कार्यक्रम स्थल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। मुख्यमंत्री ने परिसर का निरीक्षण किया और शैक्षणिक व आधारभूत सुविधाओं की जानकारी ली।

# बड़ी संख्या में पकड़े गए बिजली चोर, राहत लेने को तैयार नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रदेश में ओटीएस योजना की सुस्त रफ्तार, 12 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने ही कराया पंजीकरण
- योजना का तीसरा चरण शुरू बकायेदारों से वसूली के लिए विभाग ने कसी कमर

**अमृत विचार:** प्रदेश में बिजली चोरी सहित बकायेदारों से बिल की वसूली के मामलों के निपटारे के लिए शुरू की गई एकमुश्त समाधान योजना पॉवर कॉरपोरेशन की उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पाई है। करोड़ों रुपये की छूट और मुकदमेबाजी से राहत के बावजूद प्रदेश भर में बिजली चोरी में पकड़े गए उपभोक्ता योजना से दूरी बनाए हुए हैं। अब तक केवल 12 प्रतिशत पात्र उपभोक्ताओं ने ही ओटीएस के तहत पंजीकरण कराया है, जिससे बिजली विभाग की रणनीति पर सवाल खड़े हो गए हैं।

ऊर्जा विभाग के आंकड़ों के अनुसार, 1 जनवरी-26 तक बिजली चोरी के कुल 6.26 लाख मामले ओटीएस के लिए पात्र थे। इन मामलों में करीब 26,367.23 करोड़ रुपये की आंकी गई देनदारी और 1,560.80 करोड़ रुपये के कंपाउंडिंग चार्ज शामिल हैं। वहीं योजना लागू होने के बाद अब तक सिर्फ 75,277 उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराया, जबकि 51,557 मामलों का ही पूर्ण निस्तारण हो सका है। योजना के तहत अब तक 188.38 करोड़ रुपये की वसूली की जा सकी है। इसमें 149.63 करोड़ रुपये बकाया राशि और 38.75 करोड़ रुपये कंपाउंडिंग चार्ज से प्राप्त हुए हैं। इसके बदले बिजली कंपनियों ने 108.35 करोड़ रुपये की राशि माफ की है। 3 जनवरी को एक दिन में सर्वाधिक 4.57 करोड़ रुपये की वसूली दर्ज की गई थी, लेकिन इसके बाद राजस्व वसूली की रफ्तार सुस्त पड़ गई। कॉरपोरेशन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसे कम भागीदारी को गंभीर संरचनात्मक समस्या बताया। उनका कहना है कि यह स्थिति बताती है है कि विभाग की ओर से की जाने वाली कार्रवाई को उपभोक्ता गंभीरता से नहीं ले रहे है। या फिर बड़ी संख्या में उपभोक्ता अब भी औपचारिक बिलिंग व्यवस्था से बाहर हैं। वहीं यूपीपीसीएल के निदेशक (वाणिज्य) प्रशांत वर्मा ने कहा ने कहा कि बिजली चोरी में पकड़े गए उपभोक्ताओं की सीमित भागीदारी के कारणों का विश्लेषण किया जाएगा। फिलहाल हमारा फोकस सामान्य बकाया राशि की वसूली पर है।

### उपभोक्ताओं ने योजना से बनाई दूरी

ओटीएस योजना को लाखों बकायेदार उपभोक्ताओं से राजस्व वसूली के उद्देश्य से तीन चरणों में लागू किया गया था। पहला और दूसरा चरण समाप्त हो चुका है, लेकिन अपेक्षित भागीदारी नहीं मिली। अब तीसरे चरण की शुरुआत हो चुकी है, जिसके साथ ही विभाग ने रुख सख्त कर लिया है।

### डिस्कॉम-वार स्थिति

पंजीकरण के मामले में दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम 24,773 से अधिक मामलों के साथ पहले स्थान पर है। इसके बाद पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम में 24,033 से ज्यादा पंजीकरण दर्ज हुए हैं। प्रतिशत के लिहाज से पूर्वांचल सबसे आगे है, जहां 15.3 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ लिया। वहीं कानपुर की केस्को में महज 8 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने ही पंजीकरण कराया।

### योजना के खत्म होने के बाद होगी कार्रवाई

बिजली चोरी जैसे गंभीर अपराध पर राहत देने के बावजूद उपभोक्ताओं की उदासीनता के चलते विभाग की ओर से कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार कम पंजीकरण को देखते हुए बिजली विभाग ने संबंधित अधिकारियों को कनेक्शन काटने, कुर्की और अन्य कड़ी कार्रवाई के निर्देश दे दिए हैं।

## होमगाड्र्स के मृतक आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति में राहत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** होमगाड्र्स एवं अवैतनिक होमगाड्र्स अधिकारियों-कर्मियों के मृतक आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति के मामलों में बड़ी राहत दी गई है। अब ऐसे पात्र आश्रितों को शारीरिक अहर्ता (लंबाई) में दो सेंटीमीटर की छूट प्रदान की जाएगी। यह छूट पुलिस विभाग के समान लागू होगी।

राज्य सरकार ने यह निर्णय न्यायालय के निर्देश के अनुपालन में लिया गया है। इसके तहत सेवाकाल में मृत्यु होने अथवा स्थायी रूप से दिव्यांग होने की स्थिति में पात्र आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति के समय शारीरिक मानकों में यह विशेष छूट दी जाएगी। इस संबंध में होमगाड्र्स विभाग के प्रमुख सचिव राजेश कुमार सिंह ने महासमादेष्टा, होमगाड्र्स उत्तर प्रदेश को आवश्यक आदेश जारी कर दिए हैं। आदेश जारी होने के बाद अब विभागीय स्तर पर अनुकंपा नियुक्ति से जुड़े मामलों में यह छूट प्रभावी मानी जाएगी।

# मुठभेड़ : 127 दिनों में 19 बदमाश ढेर

## हत्या, लूट व फिरौती के लिए कुख्यात बदमाश रहे पुलिस-एसटीएफ के निशाने पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** बीते दिनों लखनऊ, बिजनौर समेत कुछ जिलों में बदमाशों ने लूट की वारदातों को अंजाम देकर जमकर दहशत फैलाई, वहीं पुलिस और एसटीएफ भी बदमाशों को ढेर करने में पीछे नहीं रही। 3 फरवरी को एसटीएफ ने बनारस में एक लाख के इनामी बनारसी यादव और 6 फरवरी को पुलिस ने शामली में दिल्ली निवासी 50 हजार के इनामी बदमाश रिहान को ढेर कर दिया। यह दो मामले तो बानगी भर हैं। दरअसल पिछले 127 दिन में पुलिस ने बदमाशों की दहशतगर्दी के खात्मे के लिए ताबड़तोड़ एनकाउंटर किए। 28 सितंबर-2025 से छह फरवरी-2026 तक पुलिस और एसटीएफ ने मिलकर 19 बदमाशों को ढेर कर दिया। हालांकि इन मुठभेड़ों में दर्जन भर पुलिस के जवान भी घायल हुए।

प्रदेश में भाजपा सरकार आई तो क्राइम को लेकर जीरो टालरेंस की नीति पर पुलिस ने काम करना शुरू कर दिया। इसके लिए एनकाउंटर का एक चलन सा शुरू हो गया। हालांकि एनकाउंटर के खिलाफ विपक्षी दल आवाज उठाते रहे हैं। बीते दिनों एक संवैधानिक संस्था ने भी इसके खिलाफ तल्ख टिप्पणी कर डाली। इससे एक बारगी लगा कि एनकाउंटर को लेकर पुलिस बैकफुट पर आ सकती है। लेकिन हुआ इसके ठीक विपरीत। पुलिस और एसटीएफ का एनकाउंटर अभियान जारी रहा। तीन फरवरी को एक लाख के इनामी कथित सुपारी किलर बनारसी यादव को ढेर कर दिया, वहीं छह फरवरी को दिल्ली से सटे यूपी के शामली में भी पुलिस ने 50 हजार के इनामी बदमाश रिहान को भी मौत की नींद सुला दिया। बनारसी यादव अन्य जघन्य मुकद्मों के साथ ही कोलोनाइजर महेन्द्र गौतम की हत्या का अभियुक्त था, जबकि रिहान के खिलाफ 80 मुकदमे दर्ज थे। हालांकि यह दो मामले तो बानगी भर हैं। पुलिस और एसटीएफ का रिकार्ड खंगाले तो पिछले 127 दिनों में 19 कुख्यात अपराधियों को एनकाउंटर ढेर किया गया है।



> एनकाउंटर को आम तौर पर पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ को ही कहा जाता है। पूर्व में आईपीसी और अब बीएनएस में भी पुलिस को आत्मरक्षा का अधिकार है। कभी- कभी आत्मरक्षा करते समय ही बदमाश ढेर हो जाते हैं, वहीं पुलिस कर्मी भी हताहत होते हैं। जब एनकाउंटर में कोई बड़ा बदमाश ढेर होता है तो जनता में सुरक्षा का अहसास पैदा होता है। जनता पुलिस की हीरोज्म की छवि को पसंद करती है। हालांकि यह अलग बात है कि इसके कानूनी पहलू कुछ भी हो सकते हैं।
>
> -सुनील कुमार गुप्ता, पूर्व अपर पुलिस महानिदेशक, यूपी

### इनके हुए एनकाउंटर

28 सितंबर-25 को मुजफ्फरनगर में नईम कुरैशी और तीन अक्टूबर को मेहताब को ढेर कर दिया गया। इसी तरह पांच अक्टूबर को फिरोजाबाद में नरेश पंडित और सहारनपुर में इमरान को पुलिस ने मौत की नींद सुला दिया था। नौ अक्टूबर को बरेली में कुख्यात बदमाश शैतान का एनकाउंटर कर दिया, वहीं 12 अक्टूबर लखनऊ पुलिस ने एक लाख के इनामी मोहम्मद नफीस और 13 अक्टूबर को मेरठ पुलिस ने शहजाद उर्फ निक्की को ढेर कर दिया। शामली में 18 अक्टूबर एक लाख के इनामी नफीस को, जबकि 23 अक्टूबर को शामली में ही फैसल को मौत की नींद सुला दिया। 12 दिसंबर को शामली पुलिस ने समयदीन और दो दिसंबर को बाबरिया गिरोह के सरगना मिथुन एनकाउंटर में मारे गए। 21 दिसंबर को बुलंदशहर में जुबैर और सहारनपुर में एक लाख के इनामी सिराज को मुठभेड़ में ढेर कर दिया गया। पांच जनवरी 26 को सुल्तानपुर में एक लाख का इनामी तालिब को मार गिराया गया, वहीं 23 जनवरी को चित्रकूट में कारोबारी बेटे की 40 लाख की फिरौती के लिए हत्या करने वाले बदमाश कल्लू को ढेर कर दिया। तीन फरवरी को एक लाख के इनामी कुख्यात बनारसी यादव और छह फरवरी को शामली में रिहान के अलावा दो बदमाशों को भी पुलिस ने अन्य मुठभेड़ में मार गिराया।

**उपलब्धि** | बिजली उपलब्धता से निवेश, एमएसएमई व रोजगार सृजन को बढ़ावा

# बिजली आपूर्ति की स्थिति में सुधार का दावा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आरडीएसएस व स्मार्ट मीटरिंग से डिस्कॉम की कार्यक्षमता में हुई बढ़ोतरी

**अमृत विचार:** यूपीपीसीएल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बिजली की दरों में 30 फीसद तक की वृद्धि का प्रस्ताव दिया है। जबकि सरकार का दावा है कि प्रदेश में बिजली संकट अब बीते दौर की बात हो गई है।

योगी सरकार का मानना है कि बेहतर बिजली आपूर्ति के चलते प्रदेश में औद्योगिक निवेश बढ़ा है, एमएसएमई सेक्टर को संबल मिला है और रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं। आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 में प्रदेश की बिजली की कुल आवश्यकता 1 लाख 44 हजार 251 मिलियन यूनिट थी। योगी सरकार ने बिजली की मांग व आपूर्ति के अंतर को समाप्त करने के लिए नीतियों और प्रबंधन सुधारों का जो प्रयास किया, उसका असर दिखने लगा। वित्त वर्ष 2023-24 में आपूर्ति 1 लाख 48 हजार 287 मिलियन यूनिट तक पहुंच गई, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 1 लाख 64 हजार 786 मिलियन यूनिट हो गई। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में दिसंबर 2025 तक की स्थिति में व्यापक सुधार हुआ। इस अवधि में बिजली की कमी व्यावहारिक रूप से लगभग खत्म हो गई है। योगी सरकार ने बिजली उत्पादन और आपूर्ति के साथ-साथ पारेषण व वितरण व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया।

### आयोग की मंजूरी से तय होगी दरों में बढ़ोतरी

यूपी पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) ने बढ़ते राजस्व घाटे का हवाला देते हुए बिजली दरों में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया है। हालांकि अंतिम दरों का निर्णय यूपी विद्युत नियामक आयोग की मंजूरी के बाद ही होगा। यूपीपीसीएल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बिजली की दरों में 30% तक की वृद्धि का प्रस्ताव दिया है। यह बढ़ोतरी पिछले 5 वर्षों से नहीं हुई है, जिसके कारण राजस्व घाटा बढ़ गया है। प्रस्ताव के मंजूर होने पर, ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बिजली की दरें 13 रुपये प्रति यूनिट तक पहुंच सकती हैं, जिसमें फिक्स चार्ज में भी वृद्धि शामिल है। यूपी में अप्रैल 2025 से ही 1.24% का एक नया फ्यूल सरचार्ज जोड़ा जा रहा है, जिससे बिजली बिल पहले ही थोड़े बढ़ चुके हैं। यदि राज्य विद्युत नियामक आयोग इस प्रस्ताव को मंजूरी देता है, तो उपभोक्ताओं की जेब पर बड़ा बोझ पड़ सकता है।

मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त
एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी
बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर"
के आशीर्वाद से अभिसिंचित एवम् संचालित
एम. के.
बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर


विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज
कानपुर 208001, फोन – 9519456555 9695416555

# एक प्रार्थना पत्र ने शिकायत को ही कर दिया कठघरे में

## मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य का मामला प्रमुख सचिव ने दिया जांच का आदेश

## प्रभारी प्राचार्य ने गठित की छह सदस्यीय जांच टीम, बाराबंकी के अधिवक्ता ने की है शिकायत

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा के खिलाफ चल रही जांच के बीच एक नया मोड़ आ गया है। उनके खिलाफ की गई शिकायत ही अब कठघरे में आ गई है। इस मामले का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश दे दिया है। प्रभारी प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह मर्तोलिया ने छह सदस्यीय जांच कमेटी का गठन कर दिया है। संभवता यह पहला ऐसा मामला होगा कि कोई शिकायत भी जांच के दायरे में आ गई हो।

प्रमुख सचिव संजय प्रसाद को बाराबंकी के समाज सेवक व अधिवक्ता चंद्र शर्मा ने शिकायत की है। शिकायती पत्र में उल्लेख किया है कि मेडिकल कॉलेज से संबंधित कुछ विषयों को लेकर जनप्रतिनिधि होने के नाते मुझे शिकायत एवं सूचनाएं प्राप्त हुईं। जिसमें मेडिकल कॉलेज में फर्जी तरीके से विपक्षीजनों द्वारा बदनाम करने की साजिश की जा रही है। संज्ञान में आया है कि पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. पारस खरबंदा व ब्लड बैंक विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने प्रधानाचार्य की कुर्सी हथियाने की लालसा से कॉलेज को बदनाम करने तथा विपक्षी समर बहादुर पटेल (जिसके पुत्र ने आत्महत्या की) को एक करोड़ का लालच देकर उससे 26 दिसंबर 2025 को फर्जी प्रार्थना पत्र दिलवाया गया। जिसमें मेडिकल कॉलेज की समस्त जानकारी के तथ्यों को उजागर करने का कार्य किया। जिससे यह प्रश्न उठना लाजिमी हो गया कि बाहरी व्यक्ति समर बहादुर पटेल जिसका मेडिकल कॉलेज से कोई संबंध नहीं, उसको 200 पेज के मेडिकल कॉलेज के प्रपत्र कैसे दे दिए गए? इस चोरी में एक पूर्व प्राचार्य का हाथ बताया गया है, जिसके इशारे पर विपक्षी कॉलेज की छवि धूमिल करते हुए रंजिशन कार्य कर रहे हैं।


गंजा स्थित मेडिकल कॉलेज का भवन

### 18 पेज में शिकायत छह नहीं 11 शिकायतकर्ता का नाम

प्रमुख सचिव को भेजी गई शिकायत 18 पेज की है। इसमें शिकायतकर्ता छह नहीं बल्कि 11 दिखाए गए हैं। इनमें पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. पारस खरबंदा, ब्लड बैंक विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार सिंह, माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. स्नेहांशु शुक्ला, फॉरेंसिक मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. अंजू सिंह, कम्युनिटी मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतिभा गुप्ता, मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार, मेडिकल विद्यार्थी मृतक सागर पटेल के पिता समर बहादुर पटेल, आउटसोर्स के दो लैब टेक्नीशियन उमाशंकर, संतोष व प्रीती खरबंदा का नाम शामिल किया गया है। शिकायत की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, प्रिंसिपल सेक्रेटरी, विशेष सचिव चिकित्सा शिक्षा, लोकायुक्त व जिलाधिकारी अयोध्या को भी भेजी है।

### गंभीर आरोप लगे हैं प्रोफेसर्स पर

अधिवक्ता चंद्र शर्मा ने बाकी प्रोफेसर्स पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। डॉ. स्नेहांशु पर जमीन खरीद फरोख्त, निजी पैथोलॉजी में रुचि लेना और गंभीर मरीजों को मेडिकल कॉलेज से निजी अस्पतालों में भेजने का आरोप है। डॉ. प्रतिभा गुप्ता पर फर्जी तरीके से उत्पीड़न का आरोप लगा है। इसके साथ ही कई और गंभीर आरोप लगे हैं। डॉ. अरविंद कुमार पर निजी हॉस्पिटल चिरंजीव में प्राइवेट प्रैक्टिस का आरोप है। साथ ही उन पर यहां से मरीजों को चिरंजीव ले जाने का भी आरोप लगाया गया है। पत्र में बताया गया है कि वह चिरंजीव अस्पताल के पार्टनर भी हैं।

### डॉ. सत्यजीत समेत इनकी हुई थी शिकायत

मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसर्स के मोर्चे के सामने अकेले पूर्व प्राचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा ही नहीं थे, बल्कि कॉलेज के असिस्टेंट प्रो. मनीष कुमार वर्मा, बोयोकेमेस्ट्री विभागाध्यक्ष डॉ. देवजीत शर्मा, असिस्टेंट प्रो. डॉ. अर्शिता श्रीवास्तव, एसोसिएट प्रो. डॉ. रणदीप मुखर्जी का भी नाम था।

### एक सप्ताह में मांगी जांच आख्या

प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह मर्तोलिया ने प्रमुख सचिव संजय प्रसाद के आदेशों को देखते हुए जांच गठित करते हुए कमेटी बना दी है। इसका एक पत्र भी जारी किया है, जिसमें जनरल मेडिसिन के डॉ. विमलेश वर्मा को कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। टीम में सदस्य के रूप में डॉ. आनंद शुक्ला, डॉ. हेमा वर्मा, डॉ. विनीता भारती, डॉ. पंकज बरनवाल व डॉ. साकेत गुप्ता को शामिल किया गया है। एक हफ्ते में जांच आख्या मांगी गई है।

# मेडिकल कॉलेज के एमएस का निजी अस्पताल में इलाज करते वीडियो वायरल

अयोध्या कार्यालय।

- सोशल मीडिया पर लोग जमकर निकाल रहे भड़ास, मेडिसिन विभागाध्यक्ष हैं डॉ. अरविंद कुमार

**अमृत विचार:** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के एक वरिष्ठ चिकित्सक के निजी प्रेक्टिस करने का मामला विवादास्पद बन गया है। मेडिसिन के विभागाध्यक्ष व अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अरविंद कुमार का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इसमें उन्हें अयोध्या के नाका स्थित चिरंजीव अस्पताल में प्राइवेट प्रैक्टिस करते हुए दिखाया गया है। वीडियो में डॉ. अरविंद कुमार मरीज से उनकी बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी लेते नजर आ रहे हैं। वह मरीज की जांच करने के बाद दवाइयां प्रेस्क्राइब करते हैं।


नाका स्थित निजी अस्पताल में मरीजों के इलाज के दौरान वायरल वीडियो का स्क्रीन शॉट।

- 4 फरवरी का एक पुराना पर्चा भी हुआ वायरल



हॉस्पिटल के वायरल पर्चे पर लिखा डॉ अरविंद कुमार का नाम।

वीडियो के साथ ही चिरंजीव अस्पताल का 4 फरवरी का एक पुराना पर्चा भी वायरल हुआ है, जिसमें डॉ. अरविंद कुमार का नाम स्पष्ट रूप से छपा हुआ है। वायरल फोटो में अस्पताल के बाहर लगे बोर्ड पर भी उनका नाम अंकित है, साथ ही उनके उपलब्ध रहने का समय भी लिखा हुआ है। यह सबूत बताते हैं कि वे नियमित रूप से वहां प्राइवेट प्रैक्टिस कर रहे हैं। डॉ. अरविंद कुमार को हाल ही में चिकित्सा अधीक्षक नियुक्त किया गया था। इस पद पर उन्हें सरकारी अस्पताल की चिकित्सा सेवाओं के साथ-साथ सुविधाओं और प्रशासनिक जिम्मेदारियां भी सौंपी गई थीं।

सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों के नियमों के अनुसार पूर्णकालिक सरकारी डॉक्टरों को प्राइवेट प्रैक्टिस करने की अनुमति नहीं होती, क्योंकि इससे सरकारी अस्पतालों में उनकी उपलब्धता और मरीजों की देखभाल प्रभावित हो सकती है। सूत्रों के अनुसार पूर्व प्राचार्य ने उन्हें प्राइवेट प्रैक्टिस से रोकने का प्रयास किया था। इसके जवाब में उन्होंने प्राचार्य के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था और कुछ विवाद भी हुए थे। अब यह वीडियो वायरल होने के बाद मेडिकल कॉलेज प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग में हलचल मच गई है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि एक ओर जहां सरकारी अस्पताल में मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने की जिम्मेदारी है, वहीं वरिष्ठ डॉक्टर निजी अस्पताल में प्रैक्टिस कैसे कर रहे हैं? इस मामले में सोशल मीडिया पर लोग नाराजगी जाहिर कर रहे हैं और जांच की मांग कर रहे हैं। हालांकि अमृत विचार वायरल वीडियो व फोटो की पुष्टि नहीं करता है। प्रभारी प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह मर्तोलिया ने बताया कि वीडियो देखा है। मैंने पूछताछ की है तो पता चला कि चैरिटेबल अस्पताल है। सेवा करने के लिए जाते हैं। मामले की जांच कराई जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### आरएसएस के कार्यकर्ताओं ने लता चौक पर किया घोष वादन



**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विशेष घोष अभ्यासवर्ग के क्रम में शनिवार को कारसेवकपुरम से लता चौक तक स्वयंसेवकों ने पथ संचलन किया। लता चौक पर घोष वादन का प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया, जिसने राहगीरों और स्थानीय नागरिकों का ध्यान आकर्षित किया। संघ के पदाधिकारी स्वांत रंजन ने बताया कि एक दिन पहले लता मंगेशकर की पुण्यतिथि थी, ऐसे में यह वादन उन्हें श्रद्धांजलि था। बताया कि अभ्यासवर्ग का उद्देश्य स्वयंसेवकों में शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास के साथ-साथ समाज के प्रति सेवा भाव को और मजबूत करना है। पथ संचलन में राम मंदिर के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र, क्षेत्र के शारीरिक प्रमुख अखिलेश, प्रांत घोष प्रमुख संतोष, नीलकंठ, महेंद्र कुमार, विभाग प्रचारक कृष्ण चंद्र, महानगर प्रचारक सुदीप आदि मौजूद रहे।

### मेगा शिविर के लिए प्री-कैंप का आयोजन

**अयोध्या, अमृत विचार :** मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के आयोजन के मद्देनजर तहसील सदर में प्री-कैंप और राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान-दो को लेकर आम लोगों को जानकारी दी। मेगा शिविर का आयोजन 22 फरवरी को होगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव रंजिनी शुक्ला ने प्री-कैम्प में जिलेवासियों से अपील की है कि वे मेगा विधिक सेवा शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। अपने लंबित मामलों का समाधान सरल व त्वरित तरीके से कराएं।

### हड़ताल की सफलता को मोर्चा की बैठक

**अयोध्या, अमृत विचार :** संयुक्त किसान मोर्चा की 12 फरवरी को प्रस्तावित आम हड़ताल की सफलता के लिए बैठक मसौधा स्थित राणी सती मंदिर परिसर में हुई। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार से 29 श्रम कानूनों को खत्म कर बनाए गए चार श्रम कोड मजदूरों को मालिकों का गुलाम बना देंगे। कहा कि मांग एवं अधिकार आधारित ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून को समाप्त कर दिया गया। बैठक में मोर्चा संयोजक मया राम वर्मा, किसान सभा के राज्य सचिव अशोक कुमार तिवारी, किसान नेता अशोक यादव, वरिष्ठ नेता अतीक अहमद, भाकियू नेता कमला प्रसाद बागी आदि मौजूद रहे।

### पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

**रुदौली, अमृत विचार :** राजकीय इंटर कॉलेज सुनबा में शनिवार को वार्षिक उत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य गोविंद शुक्ला ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने, विभिन्न प्रतियोगिताओं में सक्रिय रूप से भाग लेने और अपने सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। समारोह में उच्च प्राथमिक विद्यालय कसारी के प्रधानाचार्य श्रीनिवास पाठक, मुख्य अतिथि उच्च प्राथमिक विद्यालय सुनवा के प्रधानाचार्य लल्लू वर्मा, प्राथमिक विद्यालय कसारी से श्याम देव, उच्च प्राथमिक विद्यालय सुनवा से आशुतोष उपाध्याय, तौफीक सहित अन्य लोग मौजूद रहे। संचालन श्रवण कुमार ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक, सांस्कृतिक और अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार प्रदान किए गए। छात्राओं को भी सम्मानित किया गया।

# चोरी के माल के साथ पकड़े गए दोषी को 3 साल की सजा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** चोरी की बाइक और जेवर के साथ पकड़े गए आरोपी को कोर्ट ने तीन साल के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है। उस पर एक हजार रुपये जुर्माना भी हुआ है। फैसला अपर जिला जज सुरेंद्र मोहन सहाय की अदालत से शनिवार को हुआ।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ज्ञानेश चंद्र पांडे व रोहित पांडे ने बताया कि 20 दिसंबर 2022 को रुदौली कोतवाली के उपनिरीक्षक विनय कुमार यादव ने मुखबिर की सूचना पर पसैया बंधे पर तीन बाइक से आ रहे तीन युवकों रामचंद्र निवासी राजपुर थाना परसपुर जनपद गोंडा, महेश उर्फ पवन तथा गंगा प्रसाद निवासी



कस्तूरी थाना कर्नलगंज जिला गोंडा को पकड़ा था और उनके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल, दो अंगूठी, एक मंगलसूत्र व एक कान का झुमका बरामद किया था। आरोपियों ने बताया कि 5 ,6 माह पूर्व तीनों ने मिलकर करनैलगंज गोंडा के पास ग्राम भवनिया के एक घर में चोरी किया था, जिसमें 40 हजार नगद व सोने व चांदी के कई आभूषण मिले थे। विवेचना के बाद पुलिस ने तीनों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। अन्य दोनों की पत्रावली अलग कर दी गई। केवल रामचंद्र का विचारण हुआ और दोषी पाते हुए कोर्ट ने उसे सजा दी।

# राजस्व वसूली में फिसड्डी निरीक्षकों से स्पष्टीकरण, दो कर्मी हटाए

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** राजस्व वसूली के मामले में लापरवाही बरतने वाले दो निरीक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। इसके साथ ही दो कर्मी हटा दिए गए हैं। यही नहीं नगर निगम ने बड़े बकाएदार होटल संचालकों से सख्ती करने का निर्णय लिया गया है। नगर निगम कार्यालय में महापौर गिरीश पति त्रिपाठी व नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने शनिवार को कर-करेत्तर संबंधी समीक्षा बैठक की, जिसमें नगर आयुक्त ने बकाया राजस्व वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिया।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेंद्र कुमार ने बताया कि अयोध्या विकास प्राधिकरण, पुलिस विभाग समेत सभी सरकारी विभागों को बकाया जमा करने के लिए पत्र भेजा गया है। इस दौरान नगर आयुक्त ने


समीक्षा बैठक लेते महापौर गिरीश पति त्रिपाठी व नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार।

14 कोसी एवं पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर पड़ने वाले आवासीय एवं व्यावसायिक भवनों से टैक्स वसूली करने का निर्देश दिया। उन्होंने बिजली विभाग के डिविजनल मैनेजर से वार्ता के क्रम में निर्देशित किया कि शहर में लगे ट्रांसफार्मर के कवर एरिया या प्लाट पर टैक्स निर्धारण कर उन्हें अवगत कराएं, ताकि बिजली विभाग से समय से कर जमा कराया जा सके।

नागरिकों की ओर से पहले ज्यादा टैक्स लगाकर फिर कम करने के नाम पर अनुचित मांग की आ रही शिकायत पर नाराजगी जताते हुए नगर आयुक्त ने कर अधीक्षकों व राजस्व निरीक्षकों को कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने कम राजस्व वसूली के कारण अयोध्याधाम के राजस्व निरीक्षक गोविंद प्रकाश पांडे एवं शमशेर सिंह को स्पष्टीकरण जारी करने का निर्देश जोनल अधिकारी को दिया। नगर आयुक्त ने अवधपुरी जोन की

- राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक में बड़े बकाएदार होटल संचालकों पर सख्ती के निर्देश
- शहर में लगे ट्रांसफार्मर के कवर एरिया या प्लाट पर भी टैक्स होगा निर्धारित

राजस्व निरीक्षक स्वप्निल सिंह से शाश्वत एवं पुष्पक जैसे होटल के टैक्स को लेकर चर्चा की। उनके द्वारा स्पष्ट जवाब न दिए जाने पर नाराजगी जताई। राजस्व निरीक्षक प्रतिभा श्रीवास्तव ने बताया कि उनके कार्य क्षेत्र में आने वाले प्रमुख होटलों को नोटिस डिमांड तैयार कर भेजा जा रहा है।

महापौर एवं नगर आयुक्त ने अयोध्या धाम में कार्यरत कर्मचारी भोला गुप्ता एवं ओमप्रकाश श्रीवास्तव के विरुद्ध मिल रही शिकायतों के मद्देनजर हटाने का निर्देश जोनल अधिकारी को दिया। इस दौरान नरेंद्रालय में दोपहिया वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था किए जाने एवं वहां से निष्प्रयोग वाहनों को हटाने के लिए भी महापौर ने अपर आयुक्त को निर्देशित किया। इसके साथ ही कर अधीक्षक जय प्रकाश को करेक्टर मद में वाहन पार्किंग तथा विज्ञापन की वसूली बढ़ाने एवं बकाया धनराशि को शीघ्र जमा करने के लिए निर्देशित किया।

बैठक में अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार, जोनल अधिकारी अशोक कुमार गुप्त, सौरभ नाथ, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेंद्र कुमार, कर निर्धारण अधिकारी विनय प्रताप सिंह, कर अधीक्षक जयप्रकाश, विनय कुमार गौड़, राजस्व निरीक्षक अनिल यादव, देवीप्रसाद, वीरेंद्र पटेल, गोविंद प्रकाश पांडे, शमशेर सिंह, स्वप्निल सिंह, प्रतिमा श्रीवास्तव, वंदना आदि की मौजूदगी रही।

# सनातन धर्म ने सदा सर्वदा माता को दिया उच्च स्थान

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** श्रीरामबल्लभाकुंज में विश्व मांग्लय सभा संस्कार समर्थ सदाचार सेवा के तहत शनिवार को मातृ संस्कार समागम की शुरुआत हुई। इसमें 1000 से अधिक महिलाएं शामिल हुईं। इसकी शुरुआत वी भारती के चित्र पर दीप जलाकर की गई।


राम वल्लभा कुंज में आयोजित मातृ संस्कार समागम कार्यक्रम में पुस्तक का विमोचन करते मुख्य अतिथि व अन्य। अमृत विचार

मुख्य अतिथि संघ के वरिष्ठ प्रचारक स्वांत रंजन ने कहा कि सनातन धर्म ने सदा सर्वदा माता को उच्च स्थान दिया है। मातृ संस्कार समागम के तहत आई माता-बहनों को देश के प्रति अपने बच्चों को संस्कार देने के लिए प्रोत्साहित किया। कहा कि आज मोबाइल इस तरह से हो गया है कि घर के सभी सदस्य घर को घर न समझ होटल समझने लगे है। जरूरत है आज घरों में सभी लोगों को एक साथ भोजन कर एकत्रीकरण दर्शाए। आज घरों में आपसी संवाद की कमी से नई पीढ़ी दिग्भ्रमित हो रही है।

उन्होंने कहा कि यह संस्था पूरे देश भर में महिलाओं को संगठित करने का कार्य कर रही है। अयोध्या में माताओं, बहनों को संस्कारित करने के लिए दो दिन का शिविर लगा हुआ है। जिसमें विभिन्न प्रकार के सत्र चलाए जा रहे है। जिसमें परिवार अपने समाज और आत्म रक्षा के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। राम मंदिर के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र ने राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण पर प्रकाश डालते हुए मंदिर को राष्ट्र मंदिर बताया। श्रीराम को भारत की आत्मा बताते हुए कहा कि जब भी आप अयोध्या आए तो ज्यादा से ज्यादा समय व्यतीत करें। विशिष्ट अतिथि श्रीरामबल्लभाकुंज के अधिकारी राजकुमार दास ने कहा कि भारतीय संस्कृति की मूल भावना 'वसुधैव कुटुंबकम्' है और इसे समाज के हर वर्ग तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है।

इस कार्यक्रम में नम्रता पाठक जन प्रतिनिधि परिवार संपर्क विभाग यूपी, प्रशांत हलतालकर राष्ट्रीय मार्गदर्शक विश्व मांग्लय सभा, राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा देवी खंडेलवाल, डॉ. वृषाली जोशी, प्रियंका शुक्ला, विनीता पांडेय, भगवती बलदेवा, प्रशांत दामोदर भटनागर सहित सैकड़ों की संख्या में विभिन्न प्रांतों से आईं महिलाएं शामिल रहें। कार्यक्रम में थारु जनजाति की 200 महिलाएं भी शामिल हुईं।

# ई-रिक्शा यूनियन का आमरण अनशन जारी

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार।** रामपथ पर लता चौक से टेढ़ी बाजार तक ई- रिक्शा वाहनों के संचालन पर लगाए गए प्रतिबंध के विरोध में कृष्णानंद फाउंडेशन ई-रिक्शा यूनियन व श्री अयोध्या ई-रिक्शा कल्याण समिति द्वारा किया जा रहा आमरण अनशन तीसरे दिन शनिवार को भी जारी रहा। यूनियन के अध्यक्ष मुकुंद माधव त्रिपाठी ने अन्न जल का त्याग कर दिया। वहीं, इस अनशन को अब जन समर्थन भी मिलने लगा है, शनिवार को कई साधु संत व व्यापारी नेताओं ने अनशन स्थल पर पहुंचकर अपना समर्थन दिया। अभी तक प्रशासन का कोई अधिकारी अनशन स्थल तक नहीं पहुंचा है।


प्रमोद वन स्थित कार्यालय पर अनशन करते ई-रिक्शा यूनियन के पदाधिकारी व चालक।

### अध्यक्ष ने त्यागा अन्न जल

यूनियन का स्पष्ट कहना है कि यह अनशन ई-रिक्शा चालकों के मान-सम्मान और उनके स्वाभिमान की रक्षा के लिए है। बैनर पर लगे नारों के माध्यम से चालकों ने अपनी नाराजगी व्यक्त की। कृष्णानंद फाउंडेशन ई रिक्शा समिति के अध्यक्ष मुकुंद माधव त्रिपाठी का कहना है कि प्रशासन बीच का कोई रास्ता निकलने को तैयार नहीं है। कहा कि जब तक कोई विकल्प नहीं निकलता तब तक यह अनशन जारी रहेगा। अयोध्या निवासी बृजेश नाथ त्रिपाठी, रमेश पटवा, अतुल पांडे, ऋषभ गुप्ता समेत कुछ साधु संतों ने शनिवार को अनशन स्थल पर पहुंचकर अपना समर्थन दिया।



मवई में जल अर्पण दिवस का बेटियों के साथ उद्घाटन करते विधायक रामचंद्र यादव।

## विधायक ने किया जल अर्पण दिवस का शुभारंभ

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** जल जीवन मिशन के अंतर्गत विकास खंड रुदौली के ग्राम शाहबाजपुर व फेलसंडा में शनिवार को जल अर्पण दिवस का आयोजन किया गया। शुभारंभ विधायक रामचंद्र यादव ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन का उद्देश्य प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना है। इसके साथ-साथ जल संरक्षण भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पानी प्रकृति का अनमोल उपहार है और इसकी एक-एक बूंद बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने ग्रामीणों को जल संरक्षण, स्वच्छता और जल के जिम्मेदार उपयोग की सामूहिक शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान पानी की टंकी परिसर में विधायक ने आम का पौधा भी रोपित किया। जल जीवन मिशन के अधिकारी किशन कुमार ने मिशन की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला।

**कवायद** | जिले के 446 माध्यमिक विद्यालयों में होगा गठन, टीम में होगीं 11 छात्राएं, पुलिस देगी प्रशिक्षण

# रानी लक्ष्मीबाई टास्क फोर्स की बेटियाँ संभालेगी कमान

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** माध्यमिक विद्यालयों में अब बहादुर बेटियां सुरक्षा की कमान संभालेंगी। सरकार ने हर माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक कॉलेज में रानी लक्ष्मीबाई टास्क फोर्स गठित करने का फैसला किया है। जिले में कुछ 446 माध्यमिक विद्यालयों में गठन मार्च तक होगा। प्रत्येक विद्यालय में रानी लक्ष्मीबाई टास्क फोर्स की एक टीम बनेगी, जिसमें कुल 11 छात्राएं शामिल होंगी। टीम को पुलिस विभाग द्वारा विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।

> सभी कॉलेजों में रानी लक्ष्मी बाई समिति पहले से बनी है, लेकिन एक अलग टास्क फोर्स बनाई जा रही है। मार्च तक इसे पूरा कर व्यवहारिक रूप दिया जाएगा। -डॉ. पवन कुमार तिवारी, डीआईओएस।

जिसमें आत्मरक्षा के मार्शल आर्ट जैसे जूडो, कराटे, ताइक्वांडो के अलावा आपातकालीन स्थिति में सहायता, जागरूकता फैलाना, मूलभूत सुरक्षा तकनीक और मानसिक मजबूती पर फोकस होगा। प्रशिक्षण एक मार्च से शुरू हो जाएगा और यह नियमित रूप से जारी रहेगा। यह पहल वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की वीरता और साहस से प्रेरित है, जिन्होंने अकेले ही अंग्रेजों से युद्ध किया था। विशेषज्ञों मानना है कि अगर बेटियां सशक्त और प्रशिक्षित होंगी, तो समाज में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में कमी आएगी और वे आत्मनिर्भर बनेंगी। माध्यमिक स्तर पर यह टास्क फोर्स स्कूल की 'सुरक्षा सेना' की तरह काम करेगी, जो न केवल खतरे की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया देगी, बल्कि अन्य छात्राओं को भी जागरूक करेगी।

शिक्षा विभाग और पुलिस के संयुक्त प्रयास से यह कार्यक्रम राज्य भर में लागू किया जा रहा है। महिला सशक्तिकरण समन्वयक डॉ. आभा त्रिपाठी ने बताया यह न केवल सुरक्षा का मजबूत कवच प्रदान करेगा, बल्कि बेटियों में आत्मविश्वास और नेतृत्व की भावना भी जगाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार की इस पहल से प्रदेश की बेटियाँ अब 'बहादुर' से आगे 'रक्षक' बनकर उभरेंगी। यह एक ऐतिहासिक कदम है, जो बेटियों को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

### जिले में सभी चार तहसील के थानों की पुलिस देगी प्रशिक्षण

रानी लक्ष्मी बाई टास्क फोर्स के गठन के लिए जिले के सभी थानों की महिला पुलिस द्वारा समयबद्ध प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें पहले प्रशिक्षित हो चुकीं छात्राएं भी इसमें शामिल होंगी। 15 दिवस के प्रशिक्षण के बाद मुख्यालय पर इसकी एक मॉकड्रिल प्रस्तावित की गई है। प्रशिक्षण के बाद राजधानी स्थित महिला हेल्प लाइन कंट्रोल रूम का भ्रमण भी कराया जाएगा, जहां तकनीकी जानकारी दी जाएगी। फोर्स में एक छात्रा कमांडर होगी और एक छात्रा को-आर्डिनेटर बनाई जाएगी। सभी को शासन द्वारा प्रदत्त आईडी दिए जायेंगे और संबधित थाना प्रभारी को पूरी सूची। पुलिस नियमित रूप से समन्वयक बनायेगी।

अमृत विचार

अयोध्या, रविवार, 8 फरवरी 2026

अयोध्या

न्यूज ब्रीफ

## नहर में छलांग लगाने वाली सविता की तलाश जारी



**पूराबाजार, अमृत विचार :** पुलिस चौकी पूरा बाजार के बिल्हरघाट रेलवे स्टेशन के पास शारदा सहायक नहर पुल से छलांग लगाने वाली सविता गौड़ की खोज दूसरे दिन शनिवार को भी जारी रही। थानाध्यक्ष महाराजगंज राजेश सिंह ने बताया कि एसडीआरएफ टीम के साथ सविता की खोज की जा रही है। नहर में पानी कम करने के लिए भी प्रयास किया गया है जिससे पता चल सके। चौकी प्रभारी पूरा चित्रेश प्रताप सिंह ने बताया कि सविता के परिवार वाले व अन्य ग्रामीण सविता की खोज में पुलिस टीम की मदद कर रहे हैं।

## श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं सुनाईं



**बीकापुर, अमृत विचार :** बोदहरी मजरे पूरे रघुबर पंडित में संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा वाचक पं. द्वारिका नाथ महाराज से भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन सुन भक्त भाव विभोर हो गए।कथा में गोवर्धन पूजा (अन्नकूट) और छप्पन भोग का विस्तार से वर्णन किया गया। कथा में मुख्य यजमान भीम दत्त तिवारी, सरोज तिवारी, प्रभावती देवी, निर्मला तिवारी सहित अन्य लोग थे। आरती और प्रसाद वितरण किया गया।

## गरीबों का हक छीनने के लिए बदला कानून

**अयोध्या, अमृत विचार :** हैरिंग्टनगंज ब्लॉक क्षेत्र के श्री गणेश महाविद्यालय अहरन सुवंस गांव में मनरेगा बचाओ चौपाल का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष चेत नारायण सिंह ने कहा कि गरीबों का हक छीनने के लिए भाजपा की केंद्र सरकार ने इसमें बदलाव किया। पूर्व विधायक माधव प्रसाद व पीसीसी उग्रसेन मिश्रा ने कहा भाजपा ने मनरेगा को बदलकर इस देश के करोड़ों लोगों को बेरोजगार करना चाह रही है। प्रवक्ता शीतला पाठक ने मनरेगा के लिए लोगों को कांग्रेस के साथ जुड़ने पर जोर दिया। कार्यक्रम में बृजेश रावत, वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष प्रशांत पांडे, पूर्व प्रधान बबलू सिंह आदि मौजूद रहे।

# सीटीईटी : पहले दिन 400 ने छोड़ी परीक्षा

## सरकारी शिक्षकों सहित 4840 परीक्षार्थी हुए शामिल, 11 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न

**अयोध्या कार्यालय।**

**अमृत विचार:** सेंट्रल टीचर्स एलिजबिल्टी टेस्ट (सीटीईटी) परीक्षा जिले के 11 परीक्षा केंद्रों पर शनिवार को शांतिपूर्ण संपन्न हुई। जिला को-ऑर्डिनेटर अवध इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य विष्णु गुप्ता ने बताया कि पहले दिन 400 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी,रविवार को जिले के 20 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा होगी।

जिला को-ऑर्डिनेटर ने बताया कि शनिवार को जिले के जिले के 11 परीक्षा केंद्रों पर हुई सीटी ई टी परीक्षा में 5240 महिला व पुरुष अभ्यर्थी नामांकित थे। इसमें से 4840 ने परीक्षा दी और 400 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। पहले दिन हुई परीक्षा में सरकारी शिक्षक अभ्यर्थियों की तादाद उम्मीद से अधिक रही। परीक्षा के लिए जिले में उदया पब्लिक स्कूल, अनिल सरस्वती, जेबी अकादमी, एमआईएस इंटरनेशनल स्कूल, अयोध्या अकादमी, फैजाबाद पब्लिक स्कूल, गुरुनानक स्कूल, केटी पब्लिक स्कूल, सेठएमआर जयपुरिया स्कूल, ओपीएस इंटर कॉलेज, राम सेवक इंटर कॉलेज को केंद्र बनाया गया था।



एमआईएस इंटर कॉलेज में सीटीईटी की परीक्षा देकर निकलते परीक्षार्थी।

- आज 20 परीक्षा केंद्रों पर होगा एग्जाम

उन्होंने बताया कि रविवार को होने वाली सीटीईटी परीक्षा जिले के 20 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में होगी। इसमें लगभग 15 हजार अभ्यर्थी शामिल होगें। पहली पाली सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर ढाई बजे से शाम पांच बजे तक होगी। परीक्षा के दौरान पुलिस प्रशासन का सहयोग रहा। किसी भी परीक्षा केंद्र से कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली और न ही कही अनुचित साधन प्रयोग करता अभ्यर्थी मिला। शांतिपूर्ण माहौल में पहले दिन की परीक्षा संपन्न हुई।



जीआईसी में नवोदय की परीक्षा दे निकलते छात्र अभ्यर्थी।

## नवोदय परीक्षा में 621 छात्रों में से 459 हुए शामिल

**अयोध्या कार्यालय अमृत विचार :** जवाहर नवोदय विद्यालय समिति द्वारा आयोजित लेटरल एंट्री सिलेक्शन टेस्ट- 2026 के लिए जिले में कक्षा नौ और 11 की परीक्षा शनिवार को संपन्न हुई। कक्षा नौ में कुल 621 छात्रों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 459 छात्र परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 162 अनुपस्थित रहे। उपस्थिति का प्रतिशत 73.91 रहा। कक्षा नौ की परीक्षा दो केंद्रों पर आयोजित की गई। जेएनवी अयोध्या केंद्र पर 264 पंजीकृत छात्रों में से 199 उपस्थित हुए (अनुपस्थित 65), जबकि सरकारी इंटर कॉलेज अयोध्या केंद्र पर 357 पंजीकृत में से 260 छात्र परीक्षा में बैठे (अनुपस्थित 97)। दोनों केंद्रों को मिलाकर कुल उपस्थिति संतोषजनक रही। वहीं, कक्षा 11 में जेएनवी अयोध्या केंद्र पर कुल 112 पंजीकृत छात्रों में से मात्र 53 ही परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 59 अनुपस्थित रहे। उपस्थिति प्रतिशत केवल 47.32 रहा, जो पिछले वर्षों की तुलना में काफी कम है। प्राचार्य कृष्ण कुमार मिश्र ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। अब उत्तर कुंजी और परिणाम की प्रतीक्षा है। यह परीक्षा कक्षा नौ और 11 में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए महत्वपूर्ण है, जो ग्रामीण प्रतिभाओं को बेहतर शिक्षा प्रदान करती है।

# समाधान दिवस : तहसीलों में आईं 645 शिकायतें, निपटी मात्र 26

**अयोध्या कार्यालय।**

**अमृत विचार:** जिले की तहसीलों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें 645 शिकायतें आईं। जिसमें से मौके पर मात्र 26 का ही निस्तारण हुआ। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर के साथ शनिवार को तहसील मिल्कीपुर में आम लोगों की शिकायतें सुनी। अफसरों को शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता का ध्यान रखने का निर्देश दिया।

समाधान दिवस में अगरवा के एक व्यक्ति ने राशन कार्ड में नाम न जोड़ने की शिकायत की। डीएम ने आपूर्ति निरीक्षक को जांच कर राशन कार्ड बनाने का निर्देश दिया। चांदपुर के शिकायतकर्ता ने जमीन की पैमाइस कराने की शिकायत की। डीएम ने तहसीलदार को टीम बनाकर जांच कराकर कार्रवाई का निर्देश दिया। बरईपारा के एक व्यक्ति भूमि विवाद व ग्राम पंचायत तरौली में रास्ते को बंद करने की शिकायत की। डीएम अधिकारियों को न्यायोचित कार्रवाई का निर्देश दिया। कुल 161 शिकायतें प्राप्त हुई। इसमें से 11 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। समाधान दिवस में भूमि विवाद, राजस्व, सड़क, जल आपूर्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन, पेंशन आदि से जुड़ी शिकायतें रहीं। सोहावल प्रतिनिधि के मुताबिक संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एडीएम प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह की अध्यक्षता में किया गया। कुल 135 शिकायतों में से पांच का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। दिवस में उप जिलाधिकारी सविता देवी, तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह, बीडीओ अनुपम वर्मा,थाना प्रभारी पूराकलंदर सहित अन्य थे।



मिल्कीपुर तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस फरियादियों की शिकायत सुनते जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे।

- भूमि विवाद, राजस्व, सड़क, शिक्षा, राशन, पेंशन से जुड़ी ज्यादा शिकायतें

सदर तहसील में आयोजित समाधान दिवस में कुल 73 शिकायतें आई। इनमें पांच का मौके पर निस्तारण किया गया। समाधान दिवस में राशन कार्ड, भूमि विवाद, पुलिस से जुड़े ज्यादा मामले आए। समाधान दिवस में एसडीएम आरपी त्रिपाठी, एसडीएम धर्मेंद्र सहित अन्य अधिकारी थे। बीकापुर प्रतिनिधि के मुताबिक सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में कुल 90 शिकायतें आई। 10 शिकायतों का निस्तारण किया गया। अन्य शिकायतों को समय अवधि में निस्तारण का निर्देश सीडीओ ने दिया। थरियाकला के शिवकुमार ने प्रार्थना पत्र देकर खलिहान की भूमि पर अवैध मिट्टी खनन और अवैध कब्जा करने की शिकायत की है। चंवरढार के सर्वेश तिवारी ने राशन कार्ड में अपने पौत्र का नाम जुड़वाए जाने की मांग की है। समाधान दिवस में एसडीएम श्रेया , क्षेत्राधिकारी पुलिस पियूष, तहसीलदार दिनेश कुमार , नायब तहसीलदार रामखेलावन सहित अन्य लोग थे। रुदौली प्रतिनिधि के मुताबिक विधायक रामचंद्र यादव व मुख्य राजस्व अधिकारी की मौजूदगी में आयोजित समाधान दिवस में आई कुल 186 में पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। दिवस में एसडीएम संतोष कुमार, तहसीलदार विजय कुमार गुप्ता, आपूर्ति निरीक्षक रुदौली और मवई, बीडीओ मवई भावना यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## केंद्रीय बजट पर विधायक ने चौपाल लगा की चर्चा

**मवई, अयोध्या।** विधानसभा क्षेत्र के डाक बंगला में केंद्रीय बजट 2026 को लेकर विधानसभा चौपाल का आयोजन विधायक रामचंद्र यादव के नेतृत्व में हुआ। जिसमें बजट के प्रमुख प्रावधानों और उनके संभावित प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक रामचंद्र यादव ने अपने संबोधन में कहा कि बजट में बुनियादी ढांचे के विकास, रोजगार सृजन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिससे आमजन को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पांडेय 'बादल' ने बजट को समाज के हर वर्ग के हित में बताया। जिला उपाध्यक्ष आशीष शर्मा ने कहा कि यह बजट विकास को गति देने वाला है। संचालन भाजपा नेता तेज तिवारी ने किया। इस अवसर पर माँ कामाख्या नगर पंचायत के वरिष्ठ चेयरमैन शीतला प्रसाद शुक्ल, वरिष्ठ भाजपा नेता रघुनंदन चौरसिया, मंडल अध्यक्ष राकेश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष शिव गोविंद पांडे, धर्मेंद्र सिंह, सुमन पासवान सहित व्यापार मंडल के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।



कृषि विवि में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण करते मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की राष्ट्रसेवा को किया याद

**कुमारगंज अयोध्या। अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के सहयोग से तथा श्री नवदुर्गा ग्रामोत्थान सेवा संस्थान के तत्वावधान में चल रहे तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान रहे। अपने संबोधन में उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी एक ऐसे दूरदर्शी राजनेता थे जिन्होंने भारत की अखंडता और एकता के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने एक देश में दो विधान, दो निशान नहीं चलेंगे का नारा देकर जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने के लिए संघर्ष किया। विधायक ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने के लिए निर्णायक लड़ाई लड़ी और इसी संघर्ष के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में उनका निधन हुआ, जो देश के लिए अपूरणीय क्षति थी। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय परिवार की ओर से डॉक्टर डी. नियोगी, डॉक्टर एस.पी. सिंह, डॉक्टर सीताराम मिश्रा सहित अन्य गणमान्य शिक्षक, छात्र-छात्राएं और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वक्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों को वर्तमान पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बताया और उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया।

# जन चौपाल में आईं अहम शिकायतें, निस्तारण के निर्देश

**बीकापुर, अयोध्या**

**अमृत विचार:** ब्लॉक परिसर में आयोजित बजट परिचर्चा और जन चौपाल में आए लोगों ने शिकायतों की झड़ी लगा दी। विधायक ने अफसरों को इसके निस्तारण का निर्देश दिया। कई शिकायतों का निस्तारण कराया गया। नेताओं ने केंद्रीय वित्त मंत्री से पेश किए गए बजट को सबके लिए हितकारी बताया।

परिचर्चा में विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान ने बजट को गांव, गरीब, किसान, युवाओं के लिए हितैषी बताया। कहा कि साल दर साल बजट को धरातल पर उतार कर विकसित राष्ट्र निर्माण में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने आम बजट को अच्छा बताया। कहा कि किसान, मजदूर, व्यवसायियों सहित सभी वर्गों के लिए बजट में प्रावधान किया गया है। उन्हें लाभ मिलेगा।



चौपाल कार्यक्रम को सम्बोधित करते बीकापुर विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान। अमृत विचार

जनचौपाल में काजी सराय की सुमन देवी ने आवास न होने के बावजूद आवास न मिलने की शिकायत की। बीडीओ अखिलेश मिश्रा ने बताया कि इनका नाम सूची में दर्ज हुआ है, आवास मिलेगा। महावा के फितूरी की शिकायत थी कि उनकी पुत्री का मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के लिए आवेदन और रजिस्ट्रेशन किया गया था लेकिन उन्हें विवाह में शामिल होने के लिए नहीं बुलाया गया। चौरे चंदौली की पूनम ने कहा कि उसे घर जाने के लिए रास्ता नहीं है। तहसील में अधिकारियों से शिकायत की गई लेकिन कोई पहल नहीं हुई। विधायक ने प्राथमिकता के आधार पर शिकायतों का निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह कि स्वयं सेविकाओं का अभिनंदन किया गया। मौके पर ब्लॉक प्रमुख दिनेश वर्मा, एडीओ बद्री पांडे, अवधेश सिंह, पंकज श्रीवास्तव, सोनू सिंह सहित ग्राम प्रधान, बीडीसी, भाजपा कार्यकर्ता और ब्लॉक कर्मी मौजूद रहे।

# मसौधा ब्लॉक खेल प्रतियोगिता में न्याय पंचायत कैल का रहा दबदबा

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय स्कूलों की ब्लॉक स्तरीय रैली कंपोजिट विद्यालय ढाबा सेमल में हुई। प्रतियोगिता में 15 न्याय पंचायत एवं एक टाउन भादरसा में स्थित विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। शुभारंभ खंड विकास अधिकारी मसौधा अनुपम कुमार ने किया। खंड शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र कुमार के निर्देशन में आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक स्तर पर बालक एवं बालिका तथा प्राथमिक स्तर पर बालक वर्ग में अव्वल रहते हुए कैल न्याय पंचायत ने सबको पीछे छोड़ते हुए 110 अंक प्राप्त कर प्रतियोगिता में ओवर ऑल चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। प्राथमिक बालिका वर्ग में कोट सराय अव्वल रहा।

ब्लॉक व्यायाम शिक्षक धीरज शुक्ल ने बताया कि प्राथमिक स्तर की बालक वर्ग में 50 मीटर दौड़ में पारा कैल के आदित्य ने प्रथम स्थान ,चौधरी का पुरवा के यश यादव ने द्वितीय स्थान, पाराकैल के अंकित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।बालिका वर्ग में रायपुर की गौरी ने प्रथम पाराकैल की सोनाक्षी एवं नागिता ने क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में पाराकैल के आदित्य ने प्रथम, खानपुर मसौधा के अनुराग ने द्वितीय और चांदपुर हरवंश के आदित्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।बालिका वर्ग में रायपुर की गौरी ने प्रथम पाराकैल की सोनाक्षी एवं नागिता ने क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक बाल की 200 मीटर दौड़ में आदित्य ने प्रथम खानपुर मसौधा के अनुराग ने द्वितीय, चांदपुर हरबंस के अभिनंदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में रायपुर की गोरी ने प्रथम ,पाराकैल की पारुल ने द्वितीय और रायपुर की मन्नत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में पाराकैल के विशाल प्रथम ,चांदपुर हरबंस के आदित्य द्वितीय एवं रायपुर के हर्ष तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में रायपुर की गौरी प्रथम एवं पलक द्वितीय,पूरे हुसैन की नुसरत तृतीय स्थान पर रही। बालक और बालिका दोनों वर्ग की कबड्डी में कैल ने प्रथम और मलिकपुर न्याय पंचायत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। खो खो की प्रतियोगिता में बालक वर्ग में कोटसराय प्रथम ,मलिकपुर द्वितीय स्थान पर रहा।बालिका वर्ग में कोटसराय प्रथम और कैल द्वितीय स्थान पर रहा।

- कंपोजिट विद्यालय कैलपारा के बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन

जूनियर स्तर पर डाभासेमर के दीवान यादव प्रथम पर कैलपारा के निर्मल ने द्वितीय और माझाकला के अमृत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में गद्दोपुर की अनुष्का ने प्रथम, गंजा की आयुषी ने द्वितीय डाभासेमर की रूबी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालकों की 200 मीटर दौड़ में पर पाराकैल के निर्मल ने प्रथम सोफियापारा के सत्यम ने द्वितीय पाराकैल के अमरजीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में डाभासेमर की रूबी ने प्रथम, गद्दोपुर की अनुष्का ने द्वितीय और पाराकैल की मानसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालकों के 400 मीटर दौड़ में पाराकैल के गोविंदा प्रथम, गौहनिया के गुलशन द्वितीय एवं खानपुर मसौधा के रौनक तृतीय स्थान रहे।

बालक वर्ग की कबड्डी में कैल प्रथम एवं माधवपुर द्वितीय स्थान पर रहा। बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर कैल और द्वितीय स्थान पर कोटसराय रहा। लंबी कूद में पाराकैल के निर्भय प्रथम ,सोफियापारा के निर्भय द्वितीय एवं गौहनिया के गुलशन तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में गद्दोपुर की अनुष्का प्रथम डाभासेमर की रूबी द्वितीय, गद्दोपुर की जान्हवी तृतीय स्थान पर रही। खो खो की प्रतियोगिता में बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर कैल एवं द्वितीय स्थान पर शिवदासपुर रहा।बालिका वर्ग में कैल ने प्रथम एवं कोटसराय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। राष्ट्रीय एकांकी में कैल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समूह गान में प्रथम स्थान पर न्यायपंचायत कैल,द्वितीय स्थान पर शिवदासपुर एवं तृतीय स्थान पर कोटसराय की टीम रही।सभी विजेता प्रतिभागियों को खंड शिक्षा अधिकारी शैलेन्द्र कुमार ने पुरस्कृत किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला व्यायाम शिक्षक विश्वनाथ सिंह एवं सहायक विकास अधिकारी संतोष कुमार पांडे उपस्थित रहे।



जश्ने कुरान के अवसर पर सम्मानित किए गए मदरसा के छात्र। अमृत विचार

## मदरसा जामिया अरबिया हुसैनिया में सम्मानित हुए हाफिज

**अयोध्या, अमृत विचार :** मदरसा जामिया अरबिया हुसैनिया मोहल्ला बछड़ा में पवित्र कुरान को याद करके हाफिज बन जाने पर वार्षिक सम्मेलन में सम्मानित किया गया। सम्मेलन मौलाना बशीर हॉल में मदरसा के मुखिया कारी इरफान अहमद हलीमी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जामिया इस्लामिया महज़बपुर सराय मीर आज़मगढ़ के संस्थापक और अधीक्षक मुफ्ती हबीबुल्लाह कासमी ने कहा कि फैजाबाद में जिस तरह से धार्मिक शिक्षण का कार्य हो रहा है, वह सराहनीय है। मुफ्ती जियाउद्दीन कासमी, मौलाना मुहम्मद सलमान कासमी, मौलाना अब्दुल मनान कासमी, मौलाना अब्दुल वाजिद कासमी आदि ने संबोधित किया। बैठक की शुरुआत कारी मसूद आलम इल्तिफ़ात गंज द्वारा पवित्र कुरान की तिलावत से हुई। नाते पाक कारी अब्दुल बातिन फैजी और कारी नदीम सुल्तान पुरी ने पेश किया। संचालन मौलाना मुहम्मद सोहेल कासमी ने किया।

# सरियावां को हराकर फैजाबाद इलेवन बनी विजेता

**बारुन, अयोध्या।**

**अमृत विचार:** मिल्कीपुर के ग्राम पंचायत अरमारुपीपुर में शनिवार को बीबीपीएल सीजन 3 क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में फैजाबाद इलेवन ने सरियावां को 91 रनों से हराकर खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में अतिथि के रूप में मौजूद ग्राम प्रधान धर्मचंद मौर्य ने कहा कि यह क्रिकेट प्रतियोगिता ग्रामीण अंचल के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मंच प्रदान कर रही है, उन्होंने अपनी ग्राम पंचायत में जिले भर से आए खिलाड़ियों का अभिनंदन भी किया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी फैजाबाद इलेवन ने कप्तान मोहम्मद हसन की शानदार 66 रनों की पारी की बदौलत निर्धारित 12 ओवरों में 5 विकेट खोकर 195 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। मो. हसन ने अपनी पारी में 10 छक्के लगाए। कप्तान सुशील तिवारी के नेतृत्व में लक्ष्य का पीछा करने उतरी सरियावां की पूरी टीम 9.1 ओवर में ही 104 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। मैच में फैजाबाद के सोहेल और अमन ने धारदार गेंदबाजी किया। बल्लेबाज मो हसन को मैन ऑफ द मैच के साथ साथ मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार भी प्रदान किया गया। मैच के दौरान विकास श्रीवास्तव ''बंटी'' ने अपनी शानदार कमेंट्री से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया और खेल प्रेमियों के बीच एक विशेष छाप छोड़ी। दीपक मिश्रा, अनिल ओझा और बलराम यादव ने अंपायर की भूमिका निभाई, जबकि शादाब खान उर्फ गोलू ने स्कोरर का कार्य संभाला।



ट्रॉफी के साथ विजेता टीम। अमृत विचार

# फसल प्रदर्शन प्रक्षेत्रों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**सोहावल, अयोध्या।**

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन के तहत संयुक्त कृषि निदेशक डॉ. एके मिश्रा, उप कृषि निदेशक डॉ.पीके कनौजिया ने सोहावल ब्लॉक क्षेत्र के परानापुर,पिलखावां और कपासी गांव में गन्ना-चना और गेहूं फसल प्रदर्शन प्रक्षेत्रों का निरीक्षण किया। उद्देश्य कृषकों को उन्नत कृषि तकनीकों से अवगत कराना और प्रदर्शन प्रक्षेत्रों की प्रगति का आंकलन करना रहा।

- सहखेती और संतुलित उर्वरकों के प्रयोग की दी जानकारी

भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने परानापुर में अनिल कुमार,रामकुमार और बेचूराम के खेतों, पिलखावां में दुर्गेंद्र सिंह और कपासी में कृष्ण प्रताप सिंह और पुष्पराज सिंह के प्रक्षेत्रों को देखा। संयुक्त कृषि निदेशक डॉ. मिश्रा ने किसानों से बातचीत में वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने पर बल दिया। फसल विविधीकरण और अतिरिक्त आय के लिए अंतःफसली खेती में गेंदा फूल को शामिल करने और दीर्घकालीन लाभ के लिए कृषि वानिकी मॉडल अपनाने की सलाह दी। उप कृषि निदेशक डॉ. पीके कनौजिया ने किसानों को संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। रासायनिक उर्वरकों के साथ जैव एवं वैकल्पिक उर्वरकों के प्रयोग की अपील की। मौके पर सलाहकार राजपाल यादव, एडीओ कृषि रंजीत त्रिपाठी, प्रदर्शन प्रभारी सहायक तकनीकी प्रबंधक अरविंद कुमार सिंह सहित अन्य किसान मौजूद रहे।



सोहावल के कपासी में फसल का निरीक्षण करते संयुक्त कृषि निदेशक डॉ. एके मिश्रा व उप कृषि निदेशक डॉ.पीके कनौजिया।

## पेट्रोल पंप संचालक अजीत सिंह के पिता का निधन, शोक

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** देवकाली रोड अयोध्या स्थित पेट्रोल पंप संचालक अजीत सिंह बंटी के पिता वीरेंद्र सिंह (76) का बृहस्पतिवार रात निधन हो गया। वह 22 दिनों से एक निजी अस्पताल में भर्ती थे। वह पेशे से ट्रांसपोर्टर थे और सामाजिक क्षेत्र में उनकी पहचान रही। उनके निधन की सूचना मिलते ही परिवार, रिश्तेदार एवं शुभचिंतकों मे शोक की लहर दौड़ पड़ी। उनकी अंत्येष्टि शुक्रवार दोपहर जमथरा घाट पर संपन्न हुई। मुखाग्नि उनके छोटे पुत्र अमित सिंह ने दी। उनके निधन पर पूर्व सांसद लल्लू सिंह, गोसाईगंज विधायक अभय सिंह, महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, सपा नेता अनिमेष सिंह, ग्रामोदय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस रामपुर शारदा के चेयरमैन डॉ. संदीप सिंह, भाजपा नेता करुणाकर पांडे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गिरीश पांडे डिप्पुल, शिक्षक नेता विश्वनाथ सिंह समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने शोक व्यक्त किया।



वीरेंद्र सिंह (फाइल फोटो)

# अवध विवि के 5.5 लाख विद्यार्थियों का वेलफेयर फंड नहीं

## सम्बद्ध महाविद्यालयों द्वारा की जा रही है छात्र कल्याण निधि की वसूली, शासन के आदेश की अनदेखी

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में छात्र कल्याण निधि (स्टूडेंट वेलफेयर फंड) की अनियमितता से 5.50 लाख से अधिक छात्रों को प्रभावित किया है। शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद विश्वविद्यालय स्तर पर यह फंड लागू नहीं किया गया है, जबकि संबद्ध महाविद्यालयों में छात्रों से 'वेलफेयर फंड' के नाम पर धनराशि वसूली जा रही है। हर सत्र में लगभग साढ़े तीन लाख छात्र इससे प्रभावित हो रहे हैं।

शासनादेश के अनुसार छात्र कल्याण निधि का गठन छात्रों के हित में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे स्वास्थ्य सहायता, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और आपातकालीन मदद के लिए किया जाना चाहिए। अवध विश्वविद्यालय में इस फंड का कोई ठोस प्रबंधन या उपयोग नहीं दिख रहा है। संबद्ध कॉलेजों में फीस के साथ यह राशि अनिवार्य रूप से ली जाती है, लेकिन छात्रों को इसका कोई लाभ नहीं मिल पा रहा। इससे छात्रों में असंतोष बढ़ रहा है। वे महसूस कर रहे हैं कि उनकी जेब से निकली राशि कहीं गायब हो रही है। छात्र संगठनों और अभिभावकों ने इस मुद्दे पर विश्वविद्यालय प्रशासन से स्पष्टीकरण मांगा है। कई छात्रों का कहना है कि फंड की अनदेखी से उनके कल्याण से जुड़ी बुनियादी सुविधाएं प्रभावित हो रही हैं। कुलपति और छात्र कल्याण अधिष्ठाता से इसकी जांच और शासन निर्देशों के अनुपालन की मांग की जा रही है। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो छात्र आंदोलन की ओर बढ़ सकते हैं। सेवानिवृत्त प्राचार्य राधेश्याम मिश्रा ने बताया कि छात्र कल्याण निधि बेसिक से माध्यमिक और उच्च शिक्षा तक लागू है। ली जाने वाली फीस में इसकी एक न्यूनतम अलग अलग कॉलेजों द्वारा ली जा रही है। इसके बाद भी यदि अनदेखी की जा रही है तो बड़ी गड़बड़ी है।

**फैक्ट फाइल**

| | |
|---|---|
| महाविद्यालय | 659 |
| छात्र | 5,52,377 |
| छात्राएं | 3,02,070 |
| छात्र | 2,50,307 |
| शासकीय महाविद्यालय | 08 |
| एडेड महाविद्यालय | 14 |
| स्ववित्तपोषित | 634 |

"विद्यार्थियों की छात्र कल्याण निधि समाज कल्याण विभाग से संचालित होती है। अवध विश्वविद्यालय में छात्र निधि के गठन के लिए विद्या परिषद का अनुमोदन जरूरी होता है।" -विनय कुमार सिंह, कुलसचिव।

## एनआईआरएफ को लेकर राजभवन ने परखी विवि की तैयारी



अवध विवि में राजभवन से एनआईआरएफ की बैठक में मौजूद कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह व अन्य।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन सभागार में राजभवन ने विश्वविद्यालय के साथ एनआईआरएफ की तैयारी को लेकर ऑनलाइन बैठक की। संचालन राजभवन के विशेष कार्याधिकारी सुधीर एम. बोबडे एवं डॉ. पंकज एल. जॉनी ने किया। राजभवन ने एनआईआरएफ डेटा अपडेट करने की वस्तुस्थिति को परखा। निर्धारित तिथि 9 फरवरी तक डेटा सबमिट करने का निर्देश दिया है। कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय ने एनआईआरएफ का डेटा सबमिट कर दिया है। डेटा का दस्तावेजीकरण तीन वर्षों का तैयार डेटा अपडेट किया गया है। रिसर्च पेपर में फैकल्टी को प्रतिष्ठित जर्नल्स में पेपर पब्लिश कराने और पेटेंट फाइल करने के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। कुलसचिव विनय कुमार सिंह, वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ल, प्रो. हिमांशु शेखर सिंह, प्रो. आशुतोष सिन्हा, अधिष्ठाता प्रो. मृदुला मिश्रा, प्रो सिद्धार्थ शुक्ल आदि उपस्थित रहे। तकनीकी सहयोग गिरीश पंत द्वारा किया गया।

## 24 केंद्रों पर हुई केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा सीटीईटी का आयोजन शनिवार को जनपद के 24 केंद्रों पर हुआ। दोनों पालियों में होने वाली परीक्षा की निगरानी के लिए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा सभी केंद्रों पर परीक्षार्थियों की संख्या के आधार पर एक-दो पर्यवेक्षक तैनात रहे। सुरक्षा के लिए एक एक उपनिरीक्षक के नेतृत्व में चार-चार आरक्षियों की तैनाती रही। शनिवार को 24 केंद्रों पर दोनों पाली में परीक्षा हुई। पहली पाली में उच्च प्राथमिक विद्यालय स्तरीय परीक्षा में 10,969 परीक्षार्थी तथा दूसरी पाली में प्राथमिक विद्यालय स्तरीय 3,021 परीक्षार्थी का पंजीयन रहा। पहली पाली में 663 तथा दूसरी पाली में 241 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा समन्वयक देवेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि बायोमीट्रिक पहचान व परीक्षार्थी के अपना पहचान प्रमाणपत्र दिखाने बाद प्रवेश दिया। पहले दिन की परीक्षा निर्विघ्न संपन्न हुई।



आचार्य नरेंद्र देव सभागार में शपथ ग्रहण सामारोह कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सौरभ लावानिया साथ में जिला जज रणंजय कुमार वर्मा, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे व एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर।

## बार के पदाधिकारियों का पदभार ग्रहण समारोह संपन्न

**अयोध्या, अमृत विचार :** बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का पदभार ग्रहण समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति व जिले के प्रशासनिक न्यायमूर्ति सौरभ लवानिया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। कचहरी स्थित आचार्य नरेंद्र देव सभागार में पूर्व पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माल्यार्पण करके पदभार ग्रहण कराया। इस मौके पर जिला जज रणंजय कुमार वर्मा, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर व अध्यक्ष कालिका प्रसाद मिश्र और उनकी कार्यकारिणी के लोग मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर आगामी 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के क्रम में इस राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी जुर्म संस्वीकृति के आधार पर लघु प्रकृति के फौजदारी वाद, एनआई एक्ट की धारा 138, भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, वैवाहिक पारिवारिक वाद, दीवानी वाद, मोटर दुर्घटना एवं प्रतिकर वाद, विद्युत अधिनियम से सम्बन्धित वाद, श्रम वाद एंव भूमि अध्याप्ति वाद, ऋण वाद, राजस्व वाद आदि सहित अन्य प्रकार के वादों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाना है। यह जानकारी देते हुए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता ने पदेन सदस्य जिला सूचना अधिकारी को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजन का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए हैं।

## स्मार्ट मीटर से उपभोक्ता परेशान नहीं मिल रहा ऑनलाइन बिल

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का कारण बन गए हैं। बिजली चोरी रोकने के उद्देश्य से लगाए गए यह मीटर अब उपभोक्ताओं के लिए असुविधा पैदा कर रहे हैं, खासकर बिलिंग प्रक्रिया में। बता दें कि जहां सामान्य मीटरों से हर महीने बिजली का बिल आसानी से मिल जाता था, वहीं स्मार्ट मीटर लगने के बाद ऑनलाइन बिल नियमित रूप से प्राप्त नहीं हो रहे हैं। इससे उपभोक्ताओं को बिल जाम करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अकबरपुर, जलालपुर, टांडा और आलापुर डिवीजन से जुड़े शहरों, बाजारों और सरकारी कार्यालयों में कुल 38 हजार स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं। जिनमें से 22 हजार मीटर प्रीपेड हो चुके हैं। दिसंबर और जनवरी बीत जाने के बाद भी लगभग चार हजार उपभोक्ताओं को फरवरी माह का ऑनलाइन बिजली बिल प्राप्त नहीं हुआ है। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के हेल्पलाइन नंबर 1912 पर पिछले दो महीनों में बिजली बिल से संबंधित 92 शिकायतें दर्ज की गई हैं। कई महीनों के बिल एक साथ आने से उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। अधीक्षण अभियंता रजनीश श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्यालय स्तर पर स्मार्ट मीटर में बिजली बिल फीडिंग में समस्या आ रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस समस्या को जल्द ही दूर कर लिया जाएगा और उपभोक्ताओं को नियमित रूप से स्मार्ट मीटर का बिजली बिल मिलना शुरू हो जाएगा।

## जाम में फंसे जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जलालपुर तहसील परिसर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में शामिल होने आ रहे जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर को नगर में लगे भीषण जाम का सामना करना पड़ा। अधिकारियों का काफिला नगर क्षेत्र में अचानक जाम में फंस गया, जिससे कुछ समय तक आवागमन पूरी तरह ठप रहा।

सूचना मिलते ही मौके पर मौजूद पुलिस बल ने कड़ी मशक्कत करते हुए यातायात को नियंत्रित किया और काफी प्रयासों के बाद जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को जाम से मुक्त कराया गया। इसके बाद ही दोनों अधिकारी तहसील परिसर पहुंचकर संपूर्ण समाधान दिवस में प्रतिभाग कर सके। अधिकारियों के जाम में फंसने की यह



जलालपुर नगर में लगा जाम। अमृत विचार

**समाधान दिवस से पहले लगा जाम**

घटना नगर में प्रतिदिन लगने वाले जाम की गंभीर समस्या की पोल खोलती नजर आई। स्थानीय लोगों का कहना है कि जलालपुर नगर में यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। संकरी सडक़ें, अतिक्रमण, अव्यवस्थित वाहन पार्किंग और ट्रैफिक पुलिस की कमी के कारण रोजाना लोगों को घंटों जाम में फंसना पड़ता है। नगरवासियों ने बताया कि स्कूली बच्चों, मरीजों और कामकाजी लोगों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनने के बाद अधिकारियों ने यातायात व्यवस्था को लेकर भी संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। हालांकि जनता का कहना है कि जब तक स्थायी समाधान नहीं निकाला जाएगा, तब तक जाम की समस्या से निजात मिलना मुश्किल है। यह मामला आमजन के बीच प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े करता रहा।

## बजट सभी वर्गों के हित में, रोजगार के बढ़ेंगे अवसर

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



सर्किट हाउस में बजट को लेकर चर्चा करते प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र। अमृत विचार

- प्रभारी मंत्री ने बजट की किया सराहना, अखिलेश यादव पर साधा निशाना

**अमृत विचार।** जनपद के प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने शनिवार को केंद्र सरकार के बजट की सराहना किया। उन्होंने सर्किट हाउस में कहा कि यह बजट सभी वर्गों के हित में है।

प्रभारी मंत्री ने बताया कि इस बजट से नौजवानों को रोजगार मिलेगा और देश की वैश्विक स्तर पर पहचान भी मजबूत होगी। उन्होंने जोर दिया कि बजट का उद्देश्य देश को वैश्विचक पटल पर पहचान दिलाना और लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना है। उन्होंने बजट की खूबियां गिनाते हुए कहा कि इसे गरीब, किसान और नौजवानों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। यह बजट सतत लोक निवेश पर केंद्रित है। प्रभारी मंत्री ने बताया कि देश में सात हाई स्पीड रेल कॉरिडोर बनाए जाएंगे। इससे जनपद को वाराणसी से हाई स्पीड कॉरिडोर के माध्यम से सुलभ और सुगम परिवहन सुविधा मिलेगी। इसके अतिरिक्त अगले पांच वर्षों में 20 नए राष्ट्रीय जलमार्ग शुरू किए जाएंगे, जिससे जलीय परिवहन बेहतर होगा और युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। छात्राओं के लिए छात्रावास भी बनेंगे। इस दौरान मंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव केवल विरोध करते हैं, उनके पास कोई ठोस मुद्दा नहीं है। कहा कि अखिलेश यादव अभी एसआईआर को लेकर निर्वाचन आयोग का भी विरोध कर रहे हैं। बैठक में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला, पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर, मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी मौजूद रहे।

## अस्पताल में प्रसव के बाद महिला की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

बसखारी, अंबेडकरनगर।

- मृतका के पति ने निजी अस्पताल के चिकित्सकों पर लापरवाही बरतने का आरोप

**अमृत विचार।** क्षेत्र के निजी अस्पताल में प्रसव के लिए भर्ती महिला की हालत बिगडऩे पर मौत हो गई। वहीं मृतक महिला के परिजनों ने निजी अस्पताल के चिकित्सक और स्टॉफ पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। मामला बसखारी थाना क्षेत्र के बसखारी आजमगढ़ रोड पर स्थित नवजीवन हॉस्पिटल का बताया जा रहा है।

बता दें कि बीते गुरुवार को बुकिया गांव के संदीप कुमार ने अपनी 28 वर्षीय पत्नी प्रियंका को प्रसव पीड़ा के चलते भर्ती कराया था। जहां पर रात में ऑपरेशन से प्रियंका को बच्ची पैदा हुई। लेकिन शुक्रवार की सुबह अत्यधिक ब्लीडिंग के कारण प्रसूता हालत बिगडऩे लगी। जिस पर निजी चिकित्सालय में तैनात महिला चिकित्सक ने परिजनों से अकबरपुर में बेहतर इलाज के लिए शिफ्ट करने की बात कहकर प्रसव पीडि़ता को परिजनों के साथ भेज दिया। जहां पर उसकी हालत चिंताजनक होने के चलते शुक्रवार को उसे लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया। परिजन प्रसव पीडि़ता को एंबुलेंस से लखनऊ ले जा रहे थे। जहां पर रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। मामले में मृतका के पति संदीप कुमार ने निजी चिकित्सालय के चिकित्सकों के ऊपर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। इउप निरीक्षक शशांक शुक्ला ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## दूध वाहन शारदा सहायक नहर में गिरा, दो घायल

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर-बसखारी मार्ग पर शनिवार दोपहर दूध से लदा पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर शारदा सहायक नहर में जा गिरा। इस हादसे में वाहन चालक सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद नहर में गिरे वाहन को बाहर निकलवाया। शनिवार लगभग दोपहर 1 बजे पिकअप वाहन चालक प्रहलाद और सर्वजीत निवासी मगुराडीला किछौछा दूध की सप्लाई कर वापस लौट रहा था। कर्बला कासिमपुर बाजार के पास अचानक सामने आए ई-रिक्शा को बचाने के प्रयास में चालक का वाहन से नियंत्रण हट गया और पिकअप सीधे शारदा सहायक नहर में जा गिरी। हादसे के समय पिकअप में चालक प्रहलाद के साथ सर्वजीत भी सवार था। दोनों को गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को नहर से बाहर निकाला और पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और नहर में गिरे पिकअप वाहन को क्रेन की मदद से बाहर निकलवाया। इस संबंध में जलालपुर कोतवाली प्रभारी अजय प्रताप यादव ने बताया कि दुर्घटना में वाहन चालक सहित दो लोग घायल हुए हैं, जिनका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। फिलहाल दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## मेडिकल कॉलेज की इमजेंसी में हुए सैकड़ों ऑपरेशन

**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर के आपातकालीन विभाग की ऑपरेशन थियेटर ओटी में उत्सव का माहौल देखने को मिला। अवसर था विगत एक वर्ष में अस्थि रोग विभाग द्वारा आपातकालीन परिस्थितियों में 500 से अधिक ऑपरेशन सफलतापूर्वक पूर्ण किए जाने का। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. मुकेश यादव की उपस्थिति में केक काटकर जश्न मनाया गया। इस दौरान सह चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मुकुल सक्सेना, डॉ. अमित गुप्ता, नोडल अधिकारी आपातकालीन डॉ. राजेश यादव, अस्थि रोग विभागाध्यक्ष डॉ. जावेद अहमद, न्यूरोसर्जन डॉ. राघवेन्द्र, सहायक आचार्य अस्थि रोग डॉ. विवेक श्रीवास्तव, सिस्टर इंचार्ज विजयश्री सहित अन्य चिकित्सक व कर्मचारी मौजूद रहे। इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉ. मुकेश यादव ने सभी चिकित्सकों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि आपातकालीन सेवाओं में यह उपलब्धि टीमवर्क और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने मरीजों को और बेहतर व त्वरित चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सभी को निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। मीडिया प्रभारी डॉ. विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि वर्तमान में मेडिकल कॉलेज के आपातकालीन विभाग की ओटी में विगत एक वर्ष के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा कुल 4 हजार 630 ऑपरेशन किए गए, जिनमें 4 हजार 295 माइनर और 335 मेजर ऑपरेशन शामिल हैं। इनमें से अधिकांश ऑपरेशन अस्थि रोग विभाग से संबंधित रहे। जो विभाग की सक्रियता और दक्षता को दर्शाता है।



केक काटकर जश्न मनाते मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. मुकेश यादव।

## पुलिस की गोली से हिस्ट्रीशीटर गो तस्कर जाकिर घायल, दिलशाद फरार

**संवाददाता, आजमगढ़। अमृत विचार :** जिले के अहरौला थाना क्षेत्र के तरकुलहा गांव के पास शनिवार को तड़के पुलिस और गोतस्करों के बीच मुठभेड़ हो गई। जवाबी कार्रवाई में एक हिस्ट्रीशीटर गोतस्कर के दाहिने पैर में गोली लग गई, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने मौके से अवैध तमंचा, कारतूस और बिना नंबर प्लेट की बाइक बरामद की है। थाना अहरौला पुलिस ने शनिवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर निजामपुर के पास दो गोतस्करों की घेराबंदी की। रोकने का प्रयास करने पर बाइक सवार दोनों बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश घायल हो गया, जबकि दूसरा फरार हो गया। घायल बदमाश की पहचान जाकिर उर्फ शैफ (38) निवासी कुरैशी टोला माहुल थाना अहरौला के रूप में हुई है, जो थाने का हिस्ट्रीशीटर है। सीओ बूढ़नपुर अजय प्रताप सिंह ने बताया कि घायल गोतस्कर ने फरार साथी का नाम दिलशाद उर्फ लालू निवासी कस्बा माहुल, अज़ामगढ़ बताया है। घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। घायल गोतस्कर के खिलाफ गोवध, हत्या, गैंगस्टर सहित कुल आठ मुकदमे दर्ज हैं।

## बजट विकसित भारत के संकल्प को देगा गति

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



बजट चौपाल में मौजूद एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय व साथ में अन्य।

**अमृत विचार।** भाजपा द्वारा आयोजित बजट चौपाल का आयोजन शनिवार को अकबरपुर विकासखंड के डॉ. आंबेडकर सामुदायिक हाल में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व सांसद विधान परिषद सदस्य डॉ. हरिओम पांडे, राष्ट्रीय परिषद सदस्य राम प्रकाश यादव और अकबरपुर विधानसभा के मंडल अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव, अरविंद सिंह डिंपू, शशि द्विवेदी, पंकज प्रजापति संयोजन में आयोजित किया गया।

एमएलसी डॉ. हरिओम पाण्डेय ने केंद्रीय बजट पर कहा कि यह बजट विकसित भारत के संकल्प को गति देने वाला बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर स्वरोजगार एवं विकसित उत्तर प्रदेश बनाएगा। उत्तर प्रदेश को यह बजट हाई स्पीड ट्रेन, राष्ट्रीय राजमार्ग, एक्सप्रेस-वे एवं लॉजिस्टिक हब बनाने की दिशा में मिल का पत्थर साबित होगा। कृषि, जीवन रक्षक दवा, पर्यटन, शहरी अर्थव्यवस्था को और सुदृढ़ करने का नया संकल्प यह बजट प्रदर्शित कर रहा है। राष्ट्रीय परिषद सदस्य राम प्रकाश यादव ने बताया कि यह बजट किसान, मजदूर, नौजवान, महिला सभी के हित में है जो किसी न किसी रूप में सभी तक पहुंच बनाएगा। अंतोदय को ध्यान में रखकर यह बजट सर्वस्पर्शी और सर्व समाज के विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है।

## नोटिस प्राप्त मतदाताओं को दस्तावेज प्रस्तुत करने की अपील

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** उप जिला निर्वाचन अधिकारीज्योत्स्ना बंधु ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एसआईआर के तहत निर्वाचक सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा उन निर्वाचकों की पात्रता सुनिश्चित करने के लिए, जिन्हे पिछले विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की निर्वाचक नामावली से नहीं जोड़ा जा सका था और तार्किक विसंगतियों से सम्बन्धित मतदाताओं को निर्वाचक नामावली के आलेख्य प्रकाशन के बाद नोटिस जारी किया जा रहा है। उक्त नोटिस प्राप्त किए जाने वाले मतदाताओं से अपील किया कि सम्बन्धित निर्वाचक, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के पास नोटिस सुनवाई के दिन ससमय उपस्थित होकर निर्धारित दस्तावेज उपलब्ध करा दें, जिससे उनका नाम अन्तिम प्रकाशित मतदाता सूची में आ सके। यदि मतदाताओं द्वारा दस्तावेज मांगे जाने पर उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो उनका नाम 10 अप्रैल 2026 को अन्तिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची से हट जाएगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी उनकी होगी।

## किशोरी के अपहरण मामले में आरोपी गिरफ्तार

**जलालपुर। अम्बेडकरनगर।** मालीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से 30 जनवरी 2026 को 15 वर्षीय किशोरी को भगाए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी शिवा पांडे (22) निवासी गोपालपुर थाना अखंड नगर, जनपद सुलतानपुर घटना के बाद से फरार था। शनिवार की सुबह पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अखंड नगर मोड़ बरामदपुर से उसे गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में मालीपुर थाना अध्यक्ष स्वतंत्र कुमार मौर्य ने बताया कि आरोपी को विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए न्यायालय भेज दिया गया है।

## नि:शुल्क बीज के लिए आवेदन 13 तक

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** उप कृषि निदेशक अश्वनी सिंह ने बताया कि जायद में गन्ना उत्पादन किसानों के लिए उड़द एवं मूंग के निशुल्क बीज प्राप्त करने के लिए 05 फरवरी से आवेदन शुरू हो गया है, जो 13 फरवरी तक चलेगा। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम वर्तमान राज्य सरकार द्वारा वित्तपोषित निशुल्क दलहन तिलहन बीज मिनीकिट वितरण और प्रचार-प्रसार के अंतर्गत दलहनी फसलें उर्द एवं मूंग के बीज गन्ना उत्पादक किसानों को निशुल्क उपलब्ध कराने का प्रस्ताव प्रस्तावित हुआ है। किसान विभाग के पोर्टल पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से आनलाइन बुकिंग कर सकते हैं।

## विराट कवि सम्मेलन 11 को

**संवाददाता, न्यौरी (अंबेडकरनगर)। अमृत विचार :** सीताराम सेवा समिति अहिरौली गोविंद साहब के अध्यक्ष की सूचना के अनुसार आगामी 7 फरवरी से प्रारंभ राम कथा मंच पर गौरव सिंह ब्लाक प्रमुख भियांव के सौजन्य से आगामी 11 फरवरी दिन बुधवार रात 8 बजे से एक विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। वरिष्ठ कवि एवं कार्यक्रम के संयोजक राम दरस पांडेय ( विश्वासी) ने बताया कि कार्यक्रम में रामकिशोर तिवारी बाराबंकी, नागेंद्र सिंह बाराबंकी, अंकिता शुक्ला कानपुर, सरोज सरगम, प्रीति पांडेय प्रतापगढ़, एवं भालचंद्र त्रिपाठी आजमगढ़ ने कवि सम्मेलन में आने की सहमति दे दी है।

**आयोजन** | जनसमस्याओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए जनपद की समस्त तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

# संपूर्ण समाधान दिवस में आईं 317 शिकायतें, 28 का निस्तारण

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



जलालपुर तहसील में फरियादियों की शिकायतें सुनते जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर।

**अमृत विचार।** माह फरवरी के प्रथम शनिवार को जनपद की समस्त तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उच्च अधिकारियों की अध्यक्षता में आम नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं गईं तथा कई शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया।

तहसील जलालपुर में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। जिसमें कुल 100 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिनमें से 05 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। इसी प्रकार तहसील टांडा, भीटी, अकबरपुर और आलापुर में भी उच्च अधिकारियों की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया, जहां कुल 217 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिनमें से 23 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया तथा शेष प्रकरणों के शीघ्र और प्रभावी निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस प्रकार जनपद की सभी पांचों तहसीलों में कुल 317 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 28 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं के निस्तारण में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए तथा प्रत्येक शिकायत का समाधान शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए।

## विपक्षी ने किया अवैध कब्जा, महिला को अभिलेखों में दर्शाया मृत



विपता देवी, पीड़ित महिला

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जलालपुर तहसील के सभागार में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के जैनापुर गांव निवासी अजय कुमार वर्मा ने शिकायती पत्र दिया। बताया कि उनकी दो गाटों में उनका नाम अंकित है, जबकि एक गाटा में उनका नाम दर्ज नहीं किया गया है। हल्का लेखपाल ने बताया कि संबंधित पत्रावली नायब तहसीलदार के यहां लंबित है। वहीं भियांव ब्लॉक के दौलताबाद निवासी सनी चौहान ने आरोप लगाया कि विपक्षी द्वारा अवैध कब्जा कर शौचालय का निर्माण करा लिया गया है। उन्होंने बताया कि बीते चार माह से शिकायत करने के बावजूद अब तक पैमाइश नहीं कराई गई है। भियांव ब्लॉक की विपता देवी ने शिकायती पत्र में बताया कि सरकारी अभिलेखों में उन्हें विमला नाम दर्शाते हुए मृत घोषित कर दिया गया है, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है, जबकि वह जीवित हैं। जिलाधिकारी ने सभी लंबित शिकायती पत्रों का त्वरित निस्तारण कर शिकायतकर्ताओं को सूचना देने के निर्देश दिए।

# 2.50 करोड़ रुपये की कार्ययोजना स्वीकृत

## क्षेत्र पंचायत बैठकः प्रधानों और बीडीसी ने उठाईं जनसमस्याएं, विधायक ने किया बीडीओ कक्ष का उद्घाटन

लंभुआ, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** विकास खंड लंभुआ के ब्लॉक परिसर स्थित सामुदायिक मिलन केंद्र में क्षेत्र पंचायत की सामान्य बैठक का आयोजन ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में किया गया। बैठक का संचालन अवर अभियंता मनीष पांडे ने किया।

बैठक के दौरान विकास विभाग द्वारा विकासखंड लंभुआ में संचालित पूर्ण हो चुकी योजनाओं एवं प्रस्तावित कार्यों की बिंदुवार और विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने जल जीवन मिशन, विद्युत विभाग तथा अस्पतालों में कथित मनमानी ढंग से हो रहे कार्यों को प्रमुखता से उठाते हुए संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया। बैठक में समाज कल्याण विभाग, विकास विभाग, बाल विकास परियोजना, पशु चिकित्सालय विभाग द्वारा संचालित योजनाओं पर चर्चा की गई। साथ ही "विकसित भारत" अभियान एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति पर भी विचार-विमर्श हुआ। बैठक में मनरेगा, राज्य वित्त एवं 15वें वित्त आयोग मद से लगभग 2.50 करोड़ रुपये की कार्ययोजना को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। मुख्य अतिथि विधायक सीताराम वर्मा ने अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से यूनिफॉर्म में विद्यालय भेजने तथा शिक्षा के प्रति समाज को जागरूक करने का आह्वान किया। बैठक के उपरांत विधायक निधि से निर्मित खंड विकास अधिकारी कार्यालय (बीडीओ कक्ष) का विधायक द्वारा उद्घाटन भी किया गया। बैठक में ब्लॉक प्रमुख डॉ. कुंवर बहादुर सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष कैलाश चंद दुबे, प्रधान प्रसून मालवीय, प्रधान प्रतिनिधि देवी सिंह, प्रधान शेर बहादुर यादव, प्रधान प्रतिनिधि शुभम सोनकर, क्षेत्र पंचायत सदस्य सोनू सिंह, अवनीश सिंह, खंड विकास अधिकारी अजीत सिंह, एडीओ पंचायत प्रदीप यादव समेत कई लोग मौजूद रहे।



क्षेत्र पंचायत की बैठक में बोलते प्रधान संघ अध्यक्ष कैलाश चंद्र द्विवेदी। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### ताला तोड़कर स्कूल में हजारों रुपये की चोरी

**अखंडनगर, सुलतानपुर :** थाना क्षेत्र मीरपुर प्रतापपुर पंचायत स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय फैजुल्लापुर में शुक्रवार की रात किचन का ताला तोड़कर अज्ञात चोर गैस सिलिंडर, भट्ठी व राशन चोरी कर ले गए। सूचना पर पुलिस ने जांच शुरू की। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों से रोष है।

### दोहरे हत्याकांड में सुनवाई नौ को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** प्रधानी के चुनाव विवाद में संग्रह अमीन और उसके भतीजे के चर्चित हत्याकांड में शनिवार को सुनवाई नहीं हो सकी। बचाव पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट ने दरोगा से शेष जिरह के लिए कोर्ट ने 9 फरवरी की तारीख नियत की है। मुसाफिरखाना कोतवाली के भद्दौर निवासी संग्रह अमीन सुरेश यादव व उसके भतीजे बृजेश यादव की 27 फरवरी 2023 को चुनावी रंजिश में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

### रामसूरत हत्याकांड में गवाही हुई दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** भौरियार गांव में 2006 में हुए चर्चित हत्याकांड के केस की सुनवाई विशेष एससी-एसटी कोर्ट, न्यायाधीश राकेश पांडेय की अदालत में हुई। कोर्ट में अभियोजन पक्ष द्वारा पेश फुल्लुर की गवाही दर्ज की गई। कोर्ट ने जिरह पूर्ण होने पर शेष अभियोजन साक्ष्य को तलब कर सुनवाई के लिए 17 फरवरी की तारीख नियत की है। अभियोजन के अनुसार चांदा थाना क्षेत्र के अमरूपुर निवासी राम शिरोमणि ने 15 नवंबर 2006 की रात लगभग 8 बजे की घटना में अपने भाई पूर्व प्रधान रामसूरत पर गोली मारकर हत्या करने के आरोप में हेमंत सिंह, शरद सिंह समेत अन्य पर केस दर्ज कराया था।



बरी होने के बाद कोर्ट से अधिवक्ता के साथ बाहर आते हुए एमएलसी। अमृत विचार

## एमएलसी समेत तीन साक्ष्य के अभाव में बरी

**विधि संवाददाता, सुलतानपुर :** आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के बहुचर्चित मामले में एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह को बड़ी राहत मिली है। एमपी-एमएलए कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत ने शनिवार को शैलेंद्र प्रताप सिंह समेत तीनों आरोपितों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। अभियोजन के अनुसार 11 मई 2019 को चुनाव उड़नदस्ता प्रभारी गजेंद्र कुमार सिंह की तहरीर पर कोतवाली देहात में मुकदमा दर्ज हुआ था। आरोप था कि उतुरी स्थित एक शिक्षण संस्थान के परिसर में 50 से अधिक लोगों को भोजन कराया गया, जो आचार संहिता का उल्लंघन माना गया। इस मामले में उतुरी निवासी एमएलसी के समर्थक जयप्रकाश और अजय सिंह को भी सह-आरोपी बनाया गया था। अभियोजन पक्ष ने चार गवाह व बचाव पक्ष के दो गवाहों की गवाही दर्ज कराई। कोर्ट ने बचाव पक्ष के अधिवक्ता रुद्र प्रताप सिंह मदन व अभियोजन पक्ष की दलीलें सुनने के बाद पाया कि आरोप साबित करने के लिए पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध नहीं हैं, जिसके चलते तीनों आरोपितों को बरी कर दिया गया।

## पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर पलटी पुलिस की कार

**विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुरः** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर शनिवार को सड़क हादसा हो गया। किलोमीटर 97 के पास एक अल्टो कार डिवाइडर से टकराकर कई बार पलट गई। हादसे में गाजियाबाद के दो उप निरीक्षक, बलात्कार का एक आरोपी और कार चालक घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सौ शैय्या अस्पताल पिठला कुमारगंज, अयोध्या ले जाया गया।जहां से आरोपी और चालक को गंभीर हालत में अयोध्या मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। बल्दीराय सीओ आशुतोष कुमार ने बताया कि बिहार के रोहतास जिले के डेहरी थाना क्षेत्र निवासी विश्वकांत पुत्र लाल बिहारी के खिलाफ बलात्कार का मुकदमा दर्ज था। उसे गिरफ्तार करने के लिए गाजियाबाद में तैनात उप निरीक्षक अतुल कुमार और उप निरीक्षक विपिन कुमार बिहार गए थे। गिरफ्तारी के बाद वे आरोपी को अल्टो कार से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के रास्ते गाजियाबाद ला रहे थे कार वसीम चला रहा था।किलोमीटर 97 पर चालक का नियंत्रण अचानक बिगड़ गया, जिससे कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। सूचना पर पहुंची डायल 112 टीम और यूपीडा कर्मियों घायलों को अस्पताल भेजा।

## सुरक्षा व्यवस्था कायम करना प्राथमिकताः एसपी

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना मेरी पहली प्राथमिकता है। यह बात नवागत पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने शनिवार को ब्लॉक सभागार कादीपुर में मीडिया से बातचीत के दौरान कही। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि भूमि व जमीनी विवादों को लेकर किसी भी प्रकार की कानून-व्यवस्था की समस्या न उत्पन्न हो, इसके लिए निरोधात्मक कार्रवाई को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जन सहयोग से ही जिले में स्थायी शांति और बेहतर कानून-व्यवस्था स्थापित की जा सकती है। यातायात और जाम की समस्या पर बोलते हुए एसपी चारू निगम ने कहा कि इस संबंध में पूरी जानकारी एकत्र कर ठोस रणनीति बनाई जाएगी, ताकि आमजन को जाम की समस्या से निजात दिलाई जा सके। उन्होंने मीडिया के माध्यम से आम नागरिकों से भी शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

## तय समय पर ही होंगे चुनावः ओपी राजभर

- प्रभारी मंत्री का प्रेसवार्ता में महिलाओं के सशक्तिकरण और कृषि सुधारों पर जोर

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जिले के प्रभारी मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि पंचायत चुनाव तय समय पर ही कराए जाएंगे। वह जिपं में बजट पर आयोजित चर्चा कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। पंचायती राजमंत्री ने कहा बजट को राजनीति के चश्मे से नहीं बल्कि देश के विकास की दिशा में उठाए गए कदम के रूप में देखना चाहिए। इस बजट में महिलाओं को केवल लाभार्थी नहीं बल्कि उद्यमी बनाने पर विशेष जोर दिया गया है। रिफॉर्म एक्सप्रेस जैसी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र का जिक्र करते हुए कहा कि देश में कैंसर के मरीजों की संख्या बड़े पैमाने पर बढ़ रही है जिससे दवाओं को सस्ता करने की दिशा में कदम उठाए गए हैं। वहीं शिक्षा क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाने और कृषि क्षेत्र में उचित मूल्य वाली खेती को बढ़ावा देने के प्रावधान किए गए हैं। काजू जैसी वैकल्पिक फसलों के विस्तार पर भी सरकार काम कर रही है। प्रभारी मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि देश को विकसित भारत के मॉडल की ओर ले जाने का लक्ष्य है। प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय, सुभासपा जिला अध्यक्ष विनीत सिंह, अमेठी जिला अध्यक्ष सतीश मिश्रा, भाजपा मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी समेत कई नेता मौजूद रहे।




प्रेसवार्ता करते प्रभारी मंत्री ओपी राजभर। अमृत विचार

## कड़ी मेहनत, निरंतर अभ्यास और सही मार्गदर्शन का परिणाम : जतिन प्रकाश

**लंभुआ, सुलतानपुरः** राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) में लंभुआ क्षेत्र के होनहार छात्र जतिन प्रकाश श्रीवास्तव ने इतिहास विषय में पहले ही प्रयास में जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) क्वालीफाई कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। जतिन ने कुल 300 अंकों में 208 अंक प्राप्त करते हुए 99.397 पर्सेंटाइल हासिल की, जो एक असाधारण उपलब्धि मानी जा रही है। इस सफलता के साथ ही जतिन प्रकाश श्रीवास्तव को जेआरएफ एवं असिस्टेंट प्रोफेसर दोनों के लिए योग्य घोषित किया गया है। जूनियर रिसर्च फेलोशिप परीक्षा उत्तीर्ण करना शोध और अकादमिक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जाती है। अपनी सफलता का श्रेय जतिन ने कड़ी मेहनत, निरंतर अभ्यास और सही मार्गदर्शन को दिया है। उन्होंने बताया कि लक्ष्य के प्रति समर्पण और नियमित अध्ययन से किसी भी परीक्षा में सफलता पाई जा सकती है। जतिन प्रकाश की प्राथमिक शिक्षा लम्भुआ में हुई। उन्होंने बीएचएस इलाहाबाद (प्रयागराज) से उच्च प्राथमिक शिक्षा प्राप्त की, जबकि मैट्रिक और इंटरमीडिएट की पढ़ाई लखनऊ के सीएमएस से की। इसके बाद उन्होंने बीटेक (सिविल इंजीनियरिंग) में स्नातक तथा इतिहास विषय में परास्नातक की उपाधि प्राप्त की। जतिन प्रकाश नगर पंचायत लम्भुआ के रामनगर निवासी रहे स्व. ओम प्रकाश श्रीवास्तव के पुत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों, गुरुजनों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



जतिन प्रकाश।

## नाली विवाद में महिला से मारपीट का आरोप

**चांदा, सुलतानपुरः** क्षेत्र के ग्राम फुटेला यादव बस्ती में नाली के विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। आरोप है कि दबंगों ने एक महिला और उसके परिजनों के साथ मारपीट की, नाली को क्षतिग्रस्त किया और बाद में पुलिस पर दबाव बनाकर उल्टे पीड़िता के खिलाफ ही केस दर्ज करा दिया। पीड़िता आरती यादव का आरोप है कि गांव के ही कुछ लोगों ने घर की व्यक्तिगत नाली को क्षतिग्रस्त कर रहे थे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो विपक्षी घर में घुस आए और आरती यादव, उनकी बेटी तथा ससुर के साथ मारपीट की। आरोप यह भी है कि आरोपी पक्ष ने स्थानीय पुलिस पर दबाव बनाकर आरती यादव और उनके परिजनों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया। न्याय न मिलने से आहत पीड़िता ने स्थानीय विधायक सीताराम वर्मा से मिलकर पूरे प्रकरण की शिकायत की। विधायक द्वारा कोतवाली प्रभारी चांदा अमित मिश्रा को प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए लेकिन असर पुलिस पर नहीं दिखा।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवकों की मौत

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिले के जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के बिरसिंहपुर चौकी अंतर्गत कालीगंज अंडरपास के समीप शनिवार शाम सड़क हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाइक सवार युवक दोस्तपुर की तरफ से आ रहे थे तभी चार पहिया वाहन से टक्कर हो गई। पुलिस ने बिरसिंहपुर शौ शैय्या अस्पताल भेजा जहां मौजूद चिकित्सको ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के देवपरापार निवासी अमित कुमार पुत्र सुखी राम तो दूसरे की पहचान गोसाईगंज थाना क्षेत्र के इटकौली गांव निवासी रघुवीर पुत्र राम शरण के रूप में हुई। जयसिंहपुर कोतवाल प्रमोद कुमार मिश्र ने बताया कि मृतकों के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

## पूर्व नपं अध्यक्ष के मामले में सुनवाई 16 को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** फर्जी प्रमाणपत्र जारी करने सहित अन्य आरोपों से जुड़े मामले में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रमा देवी की ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर सुनवाई नही हो सकी। बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया जमानत अर्जी पर सुनवाई के लिए कोर्ट ने 16 फरवरी की तारीख नियत की है। वहीं कोर्ट ने चंद्रमा देवी के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारंट व कुर्की नोटिस कार्रवाई निरस्त कराने की अर्जी पर राहत देने से इंकार कर दिया है। अमेठी कोतवाली क्षेत्र निवासी परिवादी घनश्याम सोनी उर्फ पप्पू ने तत्कालीन नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रमा देवी सहित लल्लू प्रसाद सोनी, लालजी सोनी, पुजारी लाल सोनी और संगम लाल सोनी पर फर्जी प्रमाण पत्र तैयार कर अनुचित लाभ लेने का आरोप लगाया था। हाईकोर्ट के निर्देश पर ट्रायल कोर्ट ने अन्य चार आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई पर रोक लगाई है।


**साईं बाबा गौरी बाबा श्री अर्जुन सिंह महाविद्यालय, वल्लीपुर, नेवादा, अम्बेडकरनगर उ0प्र0**

**में आवश्यकता है**

स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय के अन्तर्गत बी0एससी0 पाठ्यक्रम में (वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान एवं जन्तु विज्ञान) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता–01 पद

**योग्यता एवं वेतनमान** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी 21 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व–हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

प्रबन्धक–**डा0 हितेन्द्र प्रताप सिंह**

मो0नं0–9415892671




सीओ सिटी को ज्ञापन देते कटका क्लब के लोग। अमृत विचार

## अभद्र टिप्पणी व पीड़ित के साथ सीओ सिटी को सौंपा ज्ञापन

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** संजय यदुवंशी के कथित मीडिया कर्मियों पर अभद्र टिप्पणी के मामले में कटका क्लब सामाजिक संस्था ने कड़ा रुख अपनाया है। वहीं, यदुवंशी द्वारा एक युवक के साथ मारपीट का पीड़ित भी कटका क्लब सामाजिक संस्था के साथ आया है। शनिवार को संस्था ने पीड़ित परिवार के साथ मिलकर सीओ सिटी सौरभ सावंत को लिखित ज्ञापन सौंपते हुए कॉमेडियन संजय यदुवंशी के खिलाफ कठोर कार्रवाई और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर गंभीर धाराएं बढ़ाने की मांग की।ज्ञापन की अगुआई कर रहे संस्था अध्यक्ष डॉ. सौरभ मिश्र विनम्र ने कहा कि देश के चौथे स्तंभ मीडिया पर लगातार अभद्र टिप्पणियां की जा रही हैं, जिससे समाजसेवियों और पत्रकारों में भारी रोष है। वहीं पीड़ित धर्मेंद्र वर्मा ने आरोप लगाया कि बंधुआकला थाना प्रभारी द्वारा आरोपी को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं कथा वाचक शनि मिश्र ने बताया कि पुलिस प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि जल्द ही कड़ी कार्रवाई होगी। ज्ञापन के दौरान केदानाथ वर्मा, राजकुमार कनौजिया, प्रधान शोहराब खान सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## सेल संपत्ति चोरी मामले में आरोपी को एक साल की सजा

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अमेठी जिले के सेल जगदीशपुर की संपत्ति चोरी करने के मामले में मुसाफिरखाना के पलिया पश्चिम निवासी रवीन्द्र कुमार को न्यायालय ने दोषी करार दिया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नवनीत सिंह की अदालत ने शनिवार को अभियुक्त को एक वर्ष कारावास तथा एक हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी शैलेश चतुर्वेदी ने बताया कि तत्कालीन थानाध्यक्ष शिवाकांत पांडेय द्वारा 13 सितंबर 2021 की घटना में सेल की संपत्ति चोरी किए जाने के आरोप में मामला दर्ज कराया गया था। न्यायालय में अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को सजा सुनाई ।




जयसिंहपुर में स्थानीय विधायक का स्वागत करते लोग। अमृत विचार

## बजट से गांव-गरीब को मिलेगा असली बलः विधायक

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** सदर विस क्षेत्र के जयसिंहपुर विखं मुख्यालय पर केंद्रीय बजट चौपाल आयोजित हुई। कार्यक्रम में सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय राजबाबू ने कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों के साथ बजट पर संवाद किया। विधायक ने बजट को देशहित में जनकल्याणकारी बताते हुए कहा कि यह विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला बजट है। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रस्तुत बजट में ग्रामीण विकास, कृषि के आधुनिकीकरण, किसानों की आय बढ़ाने, ऊर्जा क्षेत्र और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया है। कार्यकर्ताओं से विधायक ने आह्वान किया कि वे बजट की योजनाओं को गांव–गांव तक पहुंचाएं, ताकि पात्र लोगों को इसका लाभ मिल सके। पत्रकारों से बातचीत में विधायक ने क्षेत्र की चीनी मिल का मुद्दा उठाते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने लंबे समय तक इसे नजरअंदाज किया, जिससे स्थिति कमजोर हुई। एसआईआर को लेकर सपा के पूर्व विधायक अरुण वर्मा के आरोपों पर विधायक ने कहा कि फॉर्म–7 का उपयोग निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार हो रहा है।


**अमृत विचार क्लासीफाइड**

**विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

मैं सिपाही शिव कुमार पुत्र श्री जगदीश सिंह भारतीय सेना में तैनात हु। मेरा सेना रिकार्ड में मेरे पिता की जन्मतिथि 01.01.1971 गलती से दर्ज हो गई थी, जबकि पिता के सभी प्रपत्रों में जन्मतिथि 01.01.1964 है। अब मैं अपने पिता की सेना आधिकारिक रिकार्ड में पिता की सही जन्मतिथि 01.01.1964 दर्ज कराना चाहता हु। **शिव कुमार पुत्र जगदीश सिंह निवासी ग्राम अलीपुर पो0 असालताबाद, छिबरामऊ (कन्नौज)।**

**सूचना**

मैं **सुगम कुमार पुत्र कृष्णकान्त, निवासी– मुह0 नवीननगर बाबरपुर तहसील अजीतमल जिला औरैया।** मेरे बचत खाता सं0 2771645558 में मेरा नाम कृष्णकान्त दर्ज हैं। जबकि आधार कार्ड व अन्य कागजातों में मेरा नाम सुगम कुमार दर्ज है। मेरे खाता सम्बन्धी समस्त कागजातों में मेरा नाम कृष्णकान्त की जगह सुगम कुमार संशोधित कर संशोधित पासबुक जारी किया जाय।

**सूचना**

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि, मैं PHURBA TAMANG S/O BAM BAHADUR TAMANG R/O LOWER LINGSEBONG- DARJEELING BANS BOTEY WEST BANGAL 734201- मेरे पुत्र ARMY NO JC6357 O9y- RANK SUB. UNIT-11 GRRC के सर्विस रिकार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम एवं D.O.B FURBA TAMANG -DOB 14/Nov/1945 हो गया है। जब कि मेरा सही व वास्तविक जन्मतिथि PHURBA TAMANG-D.I.O.B 17/MAR/1954 है।

**सूचना**

मेरा नाम नीलम कुमारी था, विवाह के बाद श्रीमती नीलम सिंह परिहार हो गया है अब हमें श्रीमती नीलम सिंह परिहार के नाम से जाना वह पहचान जाए। **पत्नी श्री रजत परिहार, पुत्री श्री चंद्रपाल सिंह निवासी एल आई जी ,115 0– आवाज –विकास–3 कल्याणपुर कानपुर नगर**

**सूचना**

मैने अपना नाम KM.QAMMAR JABIN से बदलकर QAMAR RIZVI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।W/0-SYED ARSHAD HUSAIN RIZVI R/0-182/055A MASHAKGANJ AMINABAD, DIST-LUCKNOW-226018 (U.P.)

**सूचना**

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि मैं 'SANJEETA TAMANG पत्नी श्री LAKPA TAMANG निवासनी UPPAR HARING HATTA DARJEELING, PUL BAZAR WEST BANGAL 734105 मेरे पति ARMY NO JC635709Y- RANK-SUB UNIT 11 GRRC के सर्विस रिकार्ड में त्रुटिवश SANJEETA TAMANG हो गया है। मेरा सही व वास्तविक नाम SANJEETA TAMANG है।

**सूचना**

पहले मेरा नाम सैय्यद अफजल अली पुत्र सैय्यद इशरत था दस्तावेजों में मेरा नाम सैय्यद अफजल अली पुत्र सैय्यद इशरत अली अंकित है मेरे पिता के नाम के पीछे अली शब्द छूट गया था अब मुझे सैय्यद अफजल अली पुत्र सैय्यद इशरत अली के नाम से जाना जाये। **सैय्यद अफ़ज़ल अली पुत्र सैय्यद इशरत अली निवासी मोहल्ला जिगरगंज थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा।**

**सूचना**

मेरे भूखन्ड सं0–14 जो खसरा सं0–987 का मि0–रकबा–1500 वर्ग फिट स्थित ग्राम–सरसवॉं 'नगर निगम सीमा के अन्दर) परगना–लखनऊ तहसील–सरोजनी नगर लखनऊ का मूल विक्रय विलेख जो दिव–21/01/14 को बही सं0–1 जिल्द सं0–14866 पृष्ठ सं0–323 से 356 क्रमांक–909 पर उपनिबंधक द्वितीय, लखनऊ के कार्यालय में रजिस्ट्रीकृत है, कही खो गया है। किसी अन्य द्वारा प्रयोग अवैध होगा। **मनीष कुमार वर्मा पुत्र श्री केदार नाथ वर्मा।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा एक बैनामा जो दिनांक 27–12–1969 बही सं. 01, जिल्द नं. 902, पेज नं. 37 से 40 तक क्रमांक 31–35, जिसे प्रार्थी ने भोला पुत्र जगन्नाथ से खरीदा है, जो कोर्ट जाते समय रास्ते में कही रखो गया। उक्त बैनामे का यदि कोई व्यक्ति दुरुपयोग करता है, तो उसे अवैध माना जाय। प्रार्थी **- अजय कुमार पुत्र अर्जुन लाल 69 नियावां रोड, फैजाबाद (अयोध्या)**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कदीरुन्निशा पत्नी हैदर अली, निवासी ग्राम मोहम्मदपुर दाऊदपुर, पोस्ट हुनहुना, तहसील रुदौली, जनपद अयोध्या के पासपोर्ट संख्या M8381191 में नाम गलती से KADIRUNNISHAN अंकित हो गया है। जबकि आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में सही नाम KADIRUNNISHA दर्ज है। अतः भविष्य में शपथी का सही नाम KADIRUNNISHA ही माना जाए।


## 169 शिकायतें प्राप्त, 22 का हुआ निस्तारण

कादीपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी कुमार हर्ष की अध्यक्षता में शनिवार को ब्लॉक सभागार कादीपुर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 169 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 22 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने आमजन की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित एवं जटिल मामलों का प्राथमिकता के आधार पर मौके पर जाकर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। प्राप्त शिकायतों में सर्वाधिक 97 मामले राजस्व विभाग से संबंधित रहे, जबकि पुलिस विभाग से 37, विकास विभाग से 18 तथा अन्य विभागों से 17 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक चारू निगम, मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी उत्तम कुमार तिवारी, क्षेत्राधिकारी विनय गौतम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। समस्याओं को सुनते हुए त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया।



निरीक्षण करते जिलाधिकारी।

### अपूर्ण पत्रावलियां शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश

**कादीपुर, सुलतानपुर :** जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने शनिवार को विकासखंड कार्यालय एवं तहसील कादीपुर का औचक निरीक्षण कर विभिन्न पटलों पर लंबित एवं अपूर्ण पत्रावलियों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विकासखंड कार्यालय के विभिन्न पटलों का अवलोकन करते हुए कार्यों की प्रगति और रखरखाव की स्थिति की जांच की। उन्होंने सर्विस बुक, चरित्र पंजिका सहित अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों को देखा तथा शौचालयों की साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के साथ ही अपूर्ण डाटा एंट्री को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश खंड विकास अधिकारी को दिए। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने तहसील परिसर में उपजिलाधिकारी न्यायालय एवं एसडीएम न्यायिक के न्यायालयों का निरीक्षण कर पत्रावलियों की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने संग्रह विभाग एवं नजारत में पहुंचकर भी अभिलेखों की जांच की और सभी लंबित पत्रावलियों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। जिलाधिकारी ने कस्बा कादीपुर स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में निर्माणाधीन बहुउद्देशीय हाल का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी उत्तम कुमार तिवारी, तहसीलदार दुर्गेश चंद्र यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## भाकियू की बैठक में किसानों की समस्याएं उठाईं

**करौंदीकला, सुलतानपुर :** करौंदीकला ब्लॉक परिसर में भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की मासिक बैठक का आयोजन ब्लॉक अध्यक्ष अजय उपाध्याय के नेतृत्व में किया गया। बैठक में किसानों की विभिन्न जनसमस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान किसानों ने इंडिया मार्का हैंडपंप की मरम्मत व रिबोर कराने, बहौउद्दीनपुर प्राथमिक विद्यालय में बाउंड्री वॉल निर्माण सहित कुल छह समस्याओं को लेकर सहायक विकास अधिकारी (कोऑपरेटिव) आलोक मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने कहा कि लंबे समय से इन समस्याओं के समाधान न होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारियों से शीघ्र समाधान की मांग की गई। बैठक में सीताराम निषाद, कमला प्रसाद पांडेय, अशोक उपाध्याय, राम सहाय दुबे, रामजी उपाध्याय, बलवंता निषाद, प्रहलाद निषाद, सुशीला, दुलारी आदि रहीं।


**ग्राम पंचायत बसन्तापुर विकासखंड शिवपुर जनपद बहराइच**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मनरेगा योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत बसन्तापुर में, 1 कन्हैया के घर से बल्दी के घर तक इंटरलांकिंग निर्माण कार्य 2, कुन्नू उर्फ़ कन्हैयाके घर से बल्दी के घर तक अवशेष इंटरलाकिंग निर्माण कार्य। निर्माण कार्य में सामग्री हेतु जेसे ईट सीमेंट बालू रोड़ा गिट्टी मौरंग बालू आदि सामग्री के साथ निविदा आमंत्रित की जाती है इच्छुक अपनी फार्म निविदा 8.2.2026 दोपहर 2: 00 बजे तक उपरोक्त सामग्री के साथ कोटेशन टेंडर ग्राम पंचायत कार्यालय नकहा में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें निविदा खुलने के दिनांक 10.2. 2026 को 4: 00 के बाद निश्चित है। बाद में कोटेशन टेंडर प्रस्तुत करने पर आमान्य समझ जाएगा।

**शाहजहां– प्रधान** **राजेंद्र कुशवाहा– सचिव**

ग्राम पंचायत बसन्तापुर विकासखंड शिवपुर जनपद बहराइच

# द्वेष और भ्रम फैलाकर समाज को बांटने का काम कर रही भाजपा

## नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने गौरा चौकी में किया पीडीए कार्यालय का उद्घाटन

गौरा चौकी, गोंडा

अमृत विचार : गौरा विधानसभा क्षेत्र में सपा नेता हफीज मलिक की ओर से स्थापित पीडीए कार्यालय का उद्घाटन करने पहुंचे नेता प्रतिपक्ष वरिष्ठ सपा नेता माता प्रसाद पांडेय ने भाजपा पर समाज को बांटने का आरोप लगाया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वेष और भ्रम फैलाकर समाज को बांटने का काम कर रही है। उन्होंने यूपी पुलिस के एनकाउंटर पर भी सवाल उठाए और कहा कि पुलिस गलत तरीके से अल्पसंख्यकों, यादवों और ब्राह्मणों का एनकाउंटर कर रही है।



सपा नेता अब्दुल मलिक व अन्य के साथ कार्यक्रम में मौजूद नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय। ● अमृत विचार

सपा नेता लतीफ मलिक की तरफ से आयोजित कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे सपा के वरिष्ठ नेता व विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर बरसे एसआईआर प्रक्रिया पर सवाल उठाते उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग चुनाव आयोग के साथ मिलकर पीडीए का वोट काटने की साजिश रच रहे हैं। गलत तरीके से फॉर्म-7 भरकर अल्पसंख्यकों के वोट काटे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा समझ गई है कि अब उसकी सरकार जाने वाली है इसलिए शिक्षक इस तरह की साजिश जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अपने वोट के अधिकार को बचाएं और जरूरत पड़े तो इसके लिए सड़क पर उतरकर आंदोलन करने के लिए तैयार रहें।

गौरा चौकी में पीडीए कार्यालय खोलने को लेकर उन्होंने सपा नेता हाफिज मालिक और लतीफ मलिक की सराहना की और कहा कि इससे लोगों को एकजुट करने में मदद मिलेगी। इस दौरान डुमरियागंज विधायक सैयदा खातून, सपा जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन सपा के राष्ट्रीय सचिव मसूद आलम खान गोंडा सदर से पूर्व प्रत्याशी सूरज सिंह समेत बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## बीएसए के आदेश पर स्कूल में जांच, चाइल्ड लाइन भी सक्रिय

### छात्र की पिटाई का मामला

करनैलगंज, अमृत विचार : कक्षा दो के छात्र अभिषेक गोस्वामी की बेरहमी से पिटाई के मामले में खबर प्रकाशित होते ही जिला प्रशासन हरकत में आ गया। बीएसए ने बीईओ को जांच के आदेश दिए हैं।

शनिवार को बीईओ सुशील कुमार सिंह टीम के साथ एमआरजी पब्लिक स्कूल, गुमदहा पहुंचे और विद्यालय में दस्तावेजों, अनुशासन व्यवस्था व शिक्षकों की भूमिका की जांच की। उन्होंने अपनी आख्या बीएसए को प्रेषित कर दी है। इधर चाइल्ड लाइन के अधिकारी भी सक्रिय हो गए। टीम ने विद्यालय के साथ-साथ पीड़ित बच्चे के घर जाकर परिजनों से बातचीत की और रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी है। करनैलगंज के सीओ आईपीएस अभिषेक दावाच्या ने बताया कि आरोपी शिक्षक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई प्रचलित है और विवेचना जारी है। वहीं विद्यालय प्रबंधन ने आरोपी शिक्षक को विद्यालय से निकाल दिया है। घटना के बाद से स्कूल में सन्नाटा और अभिभावकों में रोष व्याप्त है। लोग दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### जमीन को मुक्त कराने को पीड़ित कर रहे अनशन

गोंडा, अमृत विचार : जमीन के कागजात में हेराफेरी करके हड़पने के विरोध में पीड़ित ने भूख हड़ताल शुरू किया है। नगर कोतवाली अंतर्गत ददुआ बाजार सोनार गली के रहने वाली हीरा देवी का आरोप है कि स्टेशन रोड रोड मंदिर के सामने सरकारी कर्मचारियों, अधिकारियों द्वारा अयोध्या प्रसाद की जमीन को स्वामित्व के कागज में हेरीफेरी कर हड़पने का कार्य किया गया। सरकारी आंकड़ों में सुरक्षित जमीनों में भी गड़बड़ी की जा रही है। प्रकरण की जांच कर कर आवश्यक कार्यवाही किए जाने की मांग की है। पीड़िता द्वारा चेतावनी दी गई है यदि समस्या का निस्तारण नहीं किया गया तो वे लोग अनवरत क्रमिक अनशन व भूख हड़ताल करेंगे।

### विद्यालयों में बच्चों के नामांकन पर चर्चा

मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार : प्रधानाध्यापकों एवं विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्षों का एक दिवसीय प्रशिक्षण शनिवार को एपी इंटर कॉलेज में आयोजित किया गया। उद्घाटन बीईओ हर्षित पांडेय ने किया। इंदु प्रताप सिंह, ओमप्रकाश जायसवाल, अरविंद उपाध्याय एवं प्रकाश चंद्र तिवारी ने विद्यालय प्रबंध समिति के गठन की प्रक्रिया, बच्चों के नामांकन व विद्यालय में उनके ठहराव को सुनिश्चित करने से संबंधित विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। वक्ताओं ने एसएमसी की भूमिका, दायित्वों और पारदर्शिता के महत्व पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में अनिल द्विवेदी, अंगद प्रसाद, शशि बाला, प्रधानाध्यापक एवं एसएमसी अध्यक्ष उपस्थित रहे।

### छात्रों को मिल रहा पुलिसिंग का ज्ञान

गोंडा, अमृत विचार : छात्र-पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम (एसपीईएल) के तृतीय चरण का संचालन किया जा रहा है। शनिवार को एसपी विनीत जायसवाल के निर्देशन में कार्यक्रम के तहत छात्रों को थानों में पुलिस प्रशिक्षण दिया गया। पुलिस विभाग द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में यह प्रशिक्षण दिसंबर 2025 से फरवरी 2026 तक संचालित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत छात्र-छात्राओं का पंजीकरण माई भारत पोर्टल के माध्यम से कराया गया है। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु एएसपी (पश्चिमी) तथा सीओ सदर के पर्यवेक्षण में छपिया क्षेत्र में नामित छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। नोडल अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा नामित विद्यार्थियों की सूची के अनुसार प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

# परीक्षा केंद्र पर एसडीएम की अभद्रता से शिक्षकों में रोष

गोंडा, अमृत विचार: एनकेबी पीजी कॉलेज अकबरपुर में अवध विवि की परीक्षा के दौरान उप जिलाधिकारी द्वारा किए गए निरीक्षण के समय प्राचार्य, कक्ष निरीक्षकों एवं विश्वविद्यालय के नकल-रोधी दस्ते के साथ कथित अभद्रता को लेकर शिक्षकों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा के प्रो. मंशाराम वर्मा ने बताया कि परीक्षा केंद्र पर क्षमता से अधिक परीक्षार्थियों की परीक्षा आयोजित थी, जिसके चलते महाविद्यालय प्रशासन द्वारा परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए तात्कालिक एवं आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। इसके बावजूद जिला प्रशासन द्वारा प्राचार्य, शिक्षकों एवं नकल-रोधी दस्ते के साथ दुर्व्यवहार किया गया तथा भारतीय न्याय संहिता के तहत मुकदमा दर्ज कराना अत्यंत अशोभनीय और निंदनीय है। इस पूरे मामले को लेकर डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ (आक्टा) ने आयुक्त अयोध्या मंडल सहित विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी जिलों के जिलाधिकारियों को प्रत्यावेदन सौंपा है। आक्टा ने चेतावनी दी है कि यदि 72 घंटे के भीतर दर्ज मुकदमा वापस नहीं लिया गया तो विश्वविद्यालय की परीक्षाओं सहित सभी शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों का बहिष्कार किया जाएगा। देवीपाटन मंडल के समस्त शिक्षकों ने आक्टा के इस आह्वान का पुरजोर समर्थन करते हुए आवश्यकता पड़ने पर धरना-प्रदर्शन में प्रतिभाग करने की घोषणा की है।

## चार बसों का किया गया चालान

गोंडा, अमृत विचार : करनैलगंज चौराहा समेत कई जगहों पर प्रशासन ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। एआरटीओ प्रशासन और सीओ ट्रैफिक की संयुक्त टीम ने अभियान के दौरान नियम तोड़ने वालों पर कड़ा रुख अपनाया। चेकिंग के दौरान बसों, ऑटो, दोपहिया और चार पहिया वाहनों की गहन जांच की गई। कर्नलगंज में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर चार बसों का चालान किया गया। जांच में बसों के पास वैध दस्तावेजों का अभाव, ओवरलोडिंग, निर्धारित मानकों की अनदेखी सामने आईं। टीम ने बस चालकों को चेतावनी देते हुए दोबारा गलती पाए जाने पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। अन्य वाहन चालकों को भी हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने, वाहन से संबंधित दस्तावेज साथ रखने के निर्देश दिए गए।

# संदिग्ध दशा में विवाहिता की मौत, ससुराल पक्ष फरार

खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार: खरगूपुर क्षेत्र में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद ससुराल पक्ष के लोग घर छोड़कर फरार हो गए। मृतका के पिता की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



पम्मी फाइल फोटो

विशुनापुर बेलभरिया में शनिवार सुबह पम्मी तिवारी (27) पत्नी मन्नू तिवारी की घर के अंदर कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पड़ोसियों की सूचना पर मायके पक्ष को जानकारी हुई। परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों के पहुंचने से पहले ही ससुराल पक्ष के लोग भाग निकले। मृतका के पिता महेश कुमार शुक्ल, निवासी बउआ बसंतपुर, थाना हुजूरपुर, बहराइच ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी को उसके पति और अन्य ससुरालीजन प्रताड़ित करते थे और जान से मारने की धमकी देते थे। उन्होंने बताया कि लगभग एक माह पूर्व दामाद मुंबई से घर आया था और उसने बेटी को जान से मारने की धमकी दी थी। पिता का आरोप है कि उनकी बेटी की हत्या की गई है। प्रभारी निरीक्षक शेषमणि पांडेय साथ मौके पर पहुंचे और जांच की। ट्रेनी आईपीएस प्रदीप कुमार तथा फॉरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। प्रभारी निरीक्षक शेषमणि पांडेय ने बताया कि अब तक तहरीर प्राप्त नहीं हुई है, तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस लाइन में खुला वामा स्वावलंबन केंद्र

गोंडा, अमृत विचार : एसपी विनीत जायसवाल ने पुलिस लाइन परिसर में स्थापित वामा स्वावलंबन केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने केंद्र का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध प्रशिक्षण संसाधनों, उपकरणों एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कार्यक्रम में जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन की सदस्याएं, वामा सारथी से जुड़े प्रतिनिधि, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में पुलिस परिवार की महिलाएं व प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना समाज के समग्र विकास की मजबूत नींव है। इसी उद्देश्य से वामा स्वावलंबन केंद्र की स्थापना की गई है, ताकि महिलाएं ब्यूटी एंड वेलनेस सेक्टर में व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त कर सम्मानजनक आजीविका अर्जित कर सकें। यह केंद्र वामा सारथी, उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन एवं उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के संयुक्त सहयोग से संचालित होगा। यहां पुलिस परिवार की महिलाओं एवं बालिकाओं को हेयर ड्रेसिंग, मेकअप, स्किन केयर, ब्यूटी थेरेपी, सैलून मैनेजमेंट सहित अन्य आधुनिक ब्यूटी एवं वेलनेस से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा।



केंद्र का उद्घाटन करते एसपी।

## छात्राओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



छात्राओं को जागरूक करती महिला पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार : मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम लवकुश एकेडमी जूनियर स्कूल में मिशन शक्ति/एंटी रोमियो टीम द्वारा संपन्न कराया गया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्य के बारे में बताया। महिलाओं व बालिकाओं के प्रति होने वाले की रोकथाम के लिए समाज में जागरूकता पैदा की गई। छात्राओं को गुड टच और बैड टच के बारे में जानकारी दी गई तथा प्रत्येक थाने पर स्थापित किए जा रहे मिशन शक्ति केंद्र की उपयोगिता बताई गई। साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में अवगत कराया गया। इस अवसर पर मिशन शक्ति टीम की सदस्य महिला उप निरीक्षक अंतिमा सिंह, महिला आरक्षी अर्चना सिंह, महिला आरक्षी फिरदौस खान, आरक्षी अभिषेक यादव एवं आरक्षी अखिलेश यादव मौजूद रहे।

## तकनीकी खेती अपनायें किसान



बैठक में भाग लेते कृषि विशेषज्ञ व अधिकारी। ● अमृत विचार

गोंडा, अमृत विचार : पानी संस्थान द्वारा क्रियान्वित कार्बन किसान कनेक्ट परियोजना के अंतर्गत कृषि एवं ग्रामीण विकास से जुड़े विभिन्न विभागों के बीच समन्वय तथा योजनाओं के क्रियान्वयन के उद्देश्य से जिला अभिसरण बैठक का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र गोपालग्राम में किया गया। इसमें विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों एवं विषय विशेषज्ञों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि उप निदेशक कृषि प्रेम ठाकुर रहे। उन्होंने किसानों से तकनीकी खेती अपनाने तथा पराली न जलाने की अपील की। जिला उद्यान अधिकारी रश्मि शर्मा ने मल्चिंग विधि के लाभों की जानकारी दी। एडीपीआरओ गोवर्धन दास जैन भी उपस्थित रहे। जिला गन्ना अधिकारी सुनील सिंह, कृषि विज्ञान केंद्र गोपालग्राम के प्रधान डॉ. सी.एम. त्रिपाठी, पानी संस्थान से शशि भैया तथा रेहरा महिला किसान फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राकेश पंत प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## मृत्यु के श्राप को भी मोक्ष का मार्ग बना गए राजा परीक्षित

नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार : सिरसा कॉलोनी में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं को भक्ति और वैराग्य से ओतप्रोत प्रसंगों का श्रवण कराया गया। कथावाचक आचार्य बाल स्वामी अवधेन्द्र प्रपन्नाचार्य ने राजा परीक्षित के जीवन से जुड़ा प्रसंग सुनाते हुए कहा कि सच्चा भक्त विपरीत परिस्थितियों को भी ईश्वर कृपा मानकर आत्मकल्याण का मार्ग चुनता है। कथावाचक ने अपने वक्तव्य में बताया कि एक बार शमीक ऋषि के पुत्र श्रृंगी द्वारा राजा परीक्षित को सात दिनों के भीतर मृत्यु का श्राप मिला, लेकिन इस श्राप ने उन्हें भयभीत नहीं किया। उन्होंने इसे प्रभु की इच्छा मानते हुए सांसारिक मोह और राजसी वैभव का त्याग किया तथा जीवन के अंतिम क्षणों को प्रभु भक्ति में समर्पित करने का संकल्प लिया। कथा के दूसरे दिन का शुभारंभ यजमान पुनीत श्रीवास्तव एवं उनकी धर्मपत्नी अंशिका श्रीवास्तव द्वारा व्यासपीठ पूजन कर किया गया। इस अवसर पर आचार्य ऋषभदेव, शैलेश शास्त्री, शशीभूषण, भानू प्रताप सिंह, दुर्गा सिंह, डॉ. गौरव श्रीवास्तव, सतीश उर्फ कप्तान पाठक, पीयूष श्रीवास्तव, प्रतीक पाठक, दिनेश शास्त्री, राजू पाठक, शुभम पाठक, पंश्याम त्रिपाठी, सभासद राजेंद्र यादव, कुंवर बहादुर सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



कथा सुनाते अवधेंद्र प्रपन्नाचार्य।

# जेल में बंदियों की सुनीं समस्याएं, दिये निर्देश



कारागार निरीक्षण के दौरान प्रभारी सचिव अपेक्षा सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

गोंडा, अमृत विचार: सिविल जज सीनियर डिवीजन व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव अपेक्षा सिंह ने शनिवार को मंडलीय कारागार का निरीक्षण किया। प्रभारी सचिव ने निरीक्षण के दौरान विचाराधीन और सिद्ध दोष बंदियों से संवाद किया। उन्होंने विचाराधीन बंदियों की रिहाई के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाई जा रही अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी की समीक्षा की। उन्होंने महिला बैरक में महिला बंदियों से मुलाकात की। इस दौरान जेल अधीक्षक मृत्युंजय कुमार पांडे, जेलर आफताब अंसारी, चीफ डिफेंस काउंसिल विनोद कुमार सिंह, डिप्टी चीफ डिफेंस काउंसिल अनिमेष चतुर्वेदी, असिस्टेंट डिफेंस काउंसिल बृज लाल तिवारी व प्रभात श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# चोरी की नौ बाइकों के साथ दो शातिर गिरफ्तार

- आटो लिफ्टर गैंग के नेपाल कनेक्शन का खुलासा

नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार: पुलिस ने वाहन चोरों के एक गिरोह का पर्दाफाश कर दो ऑटो लिफ्टरों को दबोचकर उनके कब्जे से चोरी की नौ बाइकें बरामद की हैं।

थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि शनिवार देर रात करीब 1:30 बजे किशुनदासपुर के पास गश्त के दौरान एक बाइक पुलिस को आती दिखी। रुकने का इशारा किए जाने पर बाइक सवार युवक मुड़कर भागने लगे। तत्परता दिखाते हुए पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों को मौके पर पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों में एक ने अपना नाम राजा निषाद, निवासी नयपुरिया थाना वजीरगंज बताया, जबकि दूसरा उसके साथ मौजूद बाल अपचारी किशोर निकला। पूछताछ में सामने आया कि जिस बाइक से दोनों पकड़े गए थे, वह 02 जनवरी को अयोध्या के रामघाट स्टेशन से चोरी की गई थी। आरोपियों ने कबूल किया कि वे अयोध्या, नवाबगंज के आसपास के क्षेत्रों से बाइक चोरी करते थे। चोरी की गई बाइकों को टिकरी के जंगल में रखते थे और उन्हें नेपाल में बेच देते थे। पुलिस टिकरी जंगल पहुंची, जहां छिपाकर रखी गई आठ और चोरी की बाइकें बरामद हुईं। पुलिस ने नौ बाइकें जब्त की हैं। एक दिन पूर्व नवाबगंज पुलिस ने दुल्लापुर क्रासिंग पर वजीरगंज के बहादुरा निवासी विवेक को चोरी की बाइक संग गिरफ्तार किया था। दो दिन में पुलिस ने नेपाल तक फैले इस नेटवर्क पर प्रहार करते हुए ऑटो लिफ्टर गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार और एक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लेते हुए कुल 10 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।



बरामद चोरी की बाइकों के साथ पुलिस कर्मी व चोर। ● अमृत विचार

### 74 बाइक चोरी करने की कबूलनामा

पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार 16 वर्षीय बाल अपचारी किशोर ने चौंकाने वाला खुलासा करते हुए बताया कि वह अब तक करीब 74 मोटरसाइकिलों की चोरी कर चुका है। उसने बताया कि कई बार वह चोरी की बाइक महज दो हजार रुपये में भी बेच देता था। पुलिस उसके आपराधिक रिकॉर्ड की गहन जांच में जुटी है।

संपूर्ण समाधान दिवस | मनकापुर तहसील में मुख्य विकास अधिकारी ने सुनी फरियाद

# 278 शिकायतों में से महज आठ का निस्तारण

मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार: तहसील मनकापुर में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुबह से ही फरियादी बड़ी संख्या में पहुंचे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी द्वारा किए जाने की सूचना थी, लेकिन डीएम व एसपी के न पहुंचने पर फरियादियों को निराशा हाथ लगी। दोपहर करीब 12:30 बजे मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने पहुंच कर सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की। इस दौरान कुल 278 शिकायती पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से मौके पर मात्र 08 शिकायतों का निस्तारण किया जा सका।



जनसुनवाई करतीं सीडीओ अंकिता जैन व अन्य अधिकारी व फरियादी।

खोडारे क्षेत्र के बभनजोत निवासी राबिया खातून ने शिकायत पत्र में बताया कि उनकी गाटा संख्या की भूमि पर गांव के ही विपक्षियों ने जबरन कब्जा कर गेहूं की बोआई कर ली है। वहीं छपिया क्षेत्र के ग्राम दरियापुर निवासी अन्नू ने आरोप लगाया कि ग्राम सभा में दर्ज तालाब की भूमि पर गांव के कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है, जिसे खाली कराए जाने की मांग की गई। पचपुती जगतापुर के मजरा परसन पुरवा निवासी श्याम कली ने खलिहान की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत की। ग्राम हरनाटायर निवासी श्याम किशोर ने बताया कि विपक्षियों द्वारा उनके मकान में गंदा पानी व कूड़ा फेंका जा रहा है, जिससे चारदीवारी गिर गई तथा गिरी हुई ईंटें भी उठा ली गईं। उन्होंने कूड़ा फेंकने पर रोक लगाने व ईंटें वापस दिलाने की मांग की। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं, लेकिन अधिकांश मामलों का निस्तारण मौके पर नहीं हो सका। कार्यक्रम के दौरान एडीएम आलोक कुमार एवं एसडीएम अवनीश तिवारी द्वारा एक दिव्यांग पुरुष व एक असहाय महिला को कंबल वितरित किए गए।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत, उप मुख्य चिकित्साधिकारी, एसडीओ वन सुदर्शन, डीपीआरओ लालजी दुबे, सीओ उदित नारायण पालीवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### करनैलगंज में 67 शिकायतों में से मात्र एक का निस्तारण

करनैलगंज, अमृत विचार : तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम नेहा मिश्रा और तहसीलदार अतुल पाल ने जनसुनवाई की। तहसीलदार अतुल पाल ने बताया कि समाधान दिवस में कुल 67 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से एक शिकायत का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। बाकी मामलों को संबंधित विभागों को सौंप शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।



सूफियाना कव्वाली में मौजूद अक़ीदतमंद। ● अमृत विचार

## सूफियाना कव्वाली से पूरी रात सजी रूहानी महफिल

करनैलगंज, अमृत विचार : जहांगीरवा स्थित लोहारनपुरवा में शुक्रवार की रात अकीदत और एहतराम के साथ हजरत कफीलुल्लाह शाह बड़े बाबा रहमतुल्लाह अलैह का सालाना फातिहा मनाया गया। डॉ. मोहम्मद सलमान के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में पूरी रात रूहानी महफिल सजी रही, जिसमें दूर-दराज से आए जायरीन ने शिरकत की। कार्यक्रम का आगाज देर शाम नये पुरवा से गागर उठाकर किया गया। गागर का जुलूस पारंपरिक मार्गों से होता हुआ डॉ. सलमान के आवास पहुंचा, जहां जायरीन ने बड़े बाबा की बारगाह में अकीदत के फूल पेश किए। इसके बाद महफिले मीलाद का आयोजन हुआ, जिसमें नबी की शान में नात-ए-पाक पढ़ी गई। आधी रात के बाद सूफियाना कव्वाली का दौर शुरू हुआ। मशहूर कव्वालों ने अपनी गायकी से समां बांध दिया। मुख्य अतिथि दरगाह बाबा शहीद मर्द के सज्जादा नशीन अनवारुल हक शाह मौजूद रहे। उन्होंने अमन, चैन और भाईचारे की दुआ मांगी। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि यहां गंगा-जमुनी तहजीब की खूबसूरत मिसाल देखने को मिली। फातिहा में मुस्लिम समाज के साथ-साथ बड़ी संख्या में हिंदू भाइयों ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुहम्मद फाखिर, गुड्डू मियां, शानू मियां, गुलजार मियां, जमील अहमद, जाहिद हुसैन उर्फ मुल्ला प्रधान, गुल मुहम्मद, संतराम विश्वकर्मा, अजीज अहमद सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

## 5 करोड़ से बनेगा श्रवण पाकर धाम जाने जाने वाला मार्ग



सड़क का शिलान्यास करते विधायक प्रभात वर्मा व अन्य। ● अमृत विचार

गौरा चौकी, गोंडा, अमृत विचार : गौरा विधानसभा क्षेत्र में विकास को नई गति देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जनपद गोंडा के टीकर (श्रवण पाकर धाम) संपर्क मार्ग (ग्रामीण) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का भूमिपूजन गौरा विधायक प्रभात वर्मा ने किया। यह संपर्क मार्ग लगभग 2.600 किलोमीटर लंबा है, जिसकी अनुमानित लागत करीब 5 करोड़ रुपये है। मार्ग निर्माण कार्य को 6 माह की निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। धार्मिक, सामाजिक एवं आवागमन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु और आम नागरिक आवागमन करते हैं। यह सड़क क्षेत्र की लगभग 25 हजार की आबादी को सीधे जोड़ते हुए उनके आवागमन को सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाएगी, जिससे क्षेत्रीय विकास को भी नई गति मिलेगी। यह मार्ग न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ा है, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक, सामाजिक और यातायात विकास की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विधानसभा क्षेत्र के हर गांव, हर धाम और हर सड़क को विकास से जोड़ने के संकल्प के साथ निरंतर कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख छपिया अनिल कुमार पासवान, सहायक अभियंता लोनिवि प्रिंस मल्ल, अवर अभियंता दिनेश मल्ल, मंडल अध्यक्ष रामचंद्र वर्मा, राजन सिंह, जितेन्द्र पांडे, केशव राम वर्मा, आनंद प्रताप सिंह, रामसरन पाण्डेय, विष्णु सिंह, मुरलीधर मिश्रा, पप्पू सिंह, विश्वनाथ पाठक, घनश्याम तिवारी, शिवप्रसाद प्रजापति, सुरेन्द्रनाथ मिश्रा, सुभाष पटेल, विनय वर्मा, अनिल जायसवाल, रामसिंह पटेल, राम लौटन यादव, पुष्पेश वर्मा सहित क्षेत्र के प्रधान एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

अमृत विचार

अयोध्या, रविवार,8 फरवरी 2026

गोंडा-बलरामपुर

# छात्रों में मानवीय मूल्यों का विकास शिक्षा का लक्ष्य

## एमएलके पीजी कॉलेज में संस्थापक प्रकाशोत्सव आयोजित, मेधावियों को किया गया सम्मानित

संवाददाता, बलरामपुर

**अमत विचार :** एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर के आदि संस्थापक महाराजा सर पाटेश्वरी प्रसाद सिंह की स्मृति में शनिवार को संस्थापक प्रकाशोत्सव पर्व श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार द्वारा संस्थापक को श्रद्धांजलि अर्पित की गई, वहीं स्नातक एवं परास्नातक स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक एवं दस-दस हजार रुपये का चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया।




स्वर्णपदक प्राप्त करने वाले मेधावियों के साथ अतिथि। ● अमृत विचार

कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व विधायक मंगलदेव सिंह, प्रबंध समिति के सचिव रिटायर्ड कर्नल संजीव कुमार वार्ष्णेय, संयुक्त सचिव बी के सिंह एवं प्राचार्य प्रो. जे. पी. पाण्डेय द्वारा संस्थापक की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इससे पूर्व छात्रा शगुन द्वारा स्वस्तिवाचन एवं महाविद्यालय कुलगीत की प्रस्तुति दी गई।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में मंगलदेव सिंह ने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान की सफलता में प्रबंध समिति, प्राचार्य, शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शिक्षा का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों में मानवीय मूल्यों का विकास करना है। सचिव संजीव कुमार वार्ष्णेय ने कहा कि जब इस तराई क्षेत्र में शिक्षा के साधन सीमित थे, तब संस्थापक ने जनता को यह शिक्षालय समर्पित किया। संयुक्त सचिव बी के सिंह ने संस्थान के मूल उद्देश्यों के प्रति सतत प्रयास को सच्ची श्रद्धांजलि बताया।

प्राचार्य प्रो. जे. पी. पाण्डेय ने आभार व्यक्त करते हुए महाविद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह ने भी श्रद्धांजलि संबोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट (डॉ) देवेन्द्र कुमार चौहान ने किया।

### इन होनहारों को मिला स्वर्ण पदक

समारोह में बीए, एमए, बीएससी, एमएससी, बीकॉम, एमकॉम, बीएड, बीबीए व बीसीए सत्र 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं—अनामिका त्रिपाठी, सलोनी सिंह, शिखा मिश्रा, कविता, शगुन, सलोनी हलीम, शुभी सिंह, विनय शर्मा, अर्पिता सिंह एवं देवांशी सिंह—को स्वर्ण पदक एवं नकद पुरस्कार प्रदान किए गए।

## सरकारी स्कूल की जमीन पर कब्जा

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार :** उच्च प्राथमिक विद्यालय बनकटवा की सरकारी भूमि पर दबंगों द्वारा किए गए कब्ज़ों से विद्यालय का शैक्षिक वातावरण प्रभावित हो गया है। विद्यालय से सटी लगभग एक बीघा सरकारी भूमि, 20 फीट चौड़े सार्वजनिक रास्ते और गांव के अधिकांश तालाबों पर कब्ज़ा कर लिया गया है। आरोप है कि कब्ज़ाधारी दबंगई के बल पर स्कूल से जुड़ी सामान्य गतिविधियों में भी बाधा डाल रहे हैं।

विद्यालय प्रशासन के अनुसार शिक्षकों व छात्रों को धमकियां दी जाती हैं। प्रधानाध्यापक मोहम्मद उस्मान ने बताया कि अधिकारियों से कई बार शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान की कथित मिलीभगत का आरोप लगाते हुए प्रशासन से तत्काल सरकारी भूमि को कब्ज़ामुक्त कराने, दोषियों पर कार्रवाई और विद्यालय की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

## सेवानिवृत्ति पर होमगार्ड जवानों को दी विदाई



सेवानिवृत्त होमगार्ड को विदाई देते विभाग के लोग। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** शनिवार को उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स अवैतनिक अधिकारी व कर्मचारी एसोसिएशन के तत्वावधान में सेवानिवृत्त होमगार्ड्स विदाई सम्मान समारोह का आयोजन होमगार्डस कार्यालय में किया गया। कंपनी झंझरी के सेवानिवृत्त हुए जवान गौरीशंकर शुक्ला व महिला प्लाटून की महिला होमगार्ड्स सुन्दरी देवी व पी सी ऊषा को अंगवस्त्र, टार्च,छाता,शाल, साड़ी, धार्मिक ग्रंथ, व नगद धनराशि प्रदान की गयी।। मुख्य अतिथि मण्डलीय कमाण्डेण्ट अनिल कुमार यादव रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नरेंद्र अंकम ओझा व संचालन पूर्व मण्डल अध्यक्ष दिनेश पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम कम्पनी अध्यक्ष झंझरी राजेन्द्र दूबे व पूरी टीम तथा महिला प्लाटून पुष्पा व जवानों के सहयोग से हुआ। विशेष सहयोग महिला होमगार्ड सुनीता यादव का रहा। कार्यक्रम को मंडलीय कमांडेंट व जिला अध्यक्ष नरेंद्र अंकम ओझा व पूर्व मण्डल अध्यक्ष दिनेश पाण्डेय ने संबोधित किया। इस अवसर पर कार्यालय के जिला कमांडेंट सहायक श्री कृष्ण यादव व समस्त कर्मचारी अधिकारी तथा कम्पनी अध्यक्ष नीरज पांडे, जग प्रसाद यादव, सूर्य मणि मिश्रा, चन्द्र मोहन पाण्डेय, ओंकार तिवारी, सरिता पाण्डेय, माधुरी सिंह, सुनीता यादव, कंचन व एसोसिएशन पदाधिकारी गणों सहित काफी संख्या में महिला पुरुष जवान मौजूद रहे।

## श्री हनुमानगढ़ी मंदिर में आधुनिक हाल का लोकार्पण



फीता काटकर भवन का लोकार्पण करते अतिथि। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** श्री हनुमानगढ़ी मंदिर परिसर में नवनिर्मित हाल, फॉल्स सीलिंग, वातानुकूलित व्यवस्था एवं आकर्षक वॉल पैनलिंग का लोकार्पण वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजन-अर्चन के साथ सम्पन्न हुआ। यह निर्माण कार्य हरिका रविंद्र नागेश्वर (एचआरएन) सेवा फाउंडेशन द्वारा पालिका अध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू के सौजन्य से कराया गया, जिससे मंदिर परिसर को आधुनिक एवं सुविधाजनक स्वरूप प्राप्त हुआ है। लोकार्पण कार्यक्रम महंत कमल नयन दास शास्त्री जी महाराज, हनुमानगढ़ी मंदिर बलरामपुर, छावनी सेवा ट्रस्ट अयोध्या के उत्तराधिकारी श्री मणि राम दास, स्वामी गुरु महेंद्र दास महाराज तथा नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर सम्पन्न किया गया। फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था द्वारा मंदिर विकास एवं जनसेवा से जुड़े कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। लोकार्पण समारोह में उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश सिंह, चन्द्र प्रकाश सिंह गुड्डू, डीपी सिंह बैस, डॉ. अजय सिंह पिंकू, संजय शुक्ल, उमाशंकर तिवारी, अशोक पाण्डेय, गौरव मिश्र, शिवम मिश्र सहित अनेक गणमान्य नागरिक, साधु-संत एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



मुख्यमंत्री से मुलाकात करते पूर्व सांसद दद्दन मिश्र। ● अमृत विचार

## पूर्व सांसद ने उठाई वैकल्पिक पीपा पुल की मांग

**बलरामपुर, अमृत विचार :** गोंडा-लखनऊ मार्ग के घाघरा नदी पर बने संजय सेतु पर यातायात बंद करने से पूर्व वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में पीपा पुल बनाए जाने की मांग पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने मुख्यमंत्री से की है। उन्होंने इस मांग को लेकर गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर एक मांग पत्र सौंपा है। पूर्व सांसद ने बताया कि सीएम योगी ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए तत्काल सम्बन्धित अधिकारियों निर्देशित किया है। मुख्यमंत्री को सौंपे गए मांग पत्र में पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने कहा है कि संजय सेतु (घाघरा पुल) बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर व गोंडा जनपद की लाइफ लाइन है। पड़ोसी राष्ट्र नेपाल तक यातायात का यह मुख्य मार्ग है। विभिन्न संचार माध्यमों से प्रसारित किया गया है कि घाघरा पुल की मरम्मत को लेकर आगामी दस फरवरी से दो माह तक आवागमन को बंद कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा है कि संजय सेतु लगभग पांच दशक से इस क्षेत्र के लोगों के जीवन का अभिन्न अंग बन गया है। उन्होंने सीएम योगी से संजय सेतु पर याताया बंद करने से पूर्व बैकल्पिक व्यवस्था के रूप में पीपा पुल निर्माण कराए जाने की मांग की है। पूर्व सांसद ने बताया कि इस पर मुख्यमंत्री की ओर से सकारात्मक आवश्वासन दिया गया है। सीएम तत्काल डे अफसर को बुलाकर प्रमुख सचिव से इस बाबत निर्देश जारी की बात कहीं है। पीपे का पुल बनने से लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी।

# शिकायतों का करें समयबद्ध निस्तारण

**समाधान दिवस**

- बलरामपुर तहसील में डीएम और एसपी ने सुनीं समस्याएं

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** तहसील बलरामपुर में शुक्रवार को जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के साथ आमजन की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया। इस दौरान विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुईं।




समाधान दिवस मे लोगों की फरियाद सुनते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस रजिस्टर का अवलोकन करते हुए पूर्व में निस्तारित मामलों की समीक्षा की और स्पष्ट किया कि केवल कागजी निस्तारण नहीं, बल्कि स्थायी व वास्तविक समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है।

इंटर-विलेज कनेक्टिविटी के संबंध में जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र पंचायत निधि से खड़ंजा व इंटरलॉकिंग कार्य कराए जाएं, जिससे ग्रामों के बीच आवागमन सुचारु बना रहे। भूमि विवाद, राजस्व एवं कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों के प्रति सख्त रुख अपनाते हुए नियमित निगरानी के आदेश दिए।

उल्लेखनीय है कि इसी क्रम में तहसील उतरौला एवं तुलसीपुर में भी सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी बलरामपुर, क्षेत्राधिकारी बलरामपुर, जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एचआरए इंटर कॉलेज में कक्षा -5 के छात्र सम्मानित



सम्मान पाकर खुशी जताते कक्षात्र-5 के छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार :** एच.आर.ए. इंटर कॉलेज के प्राइमरी विंग में शनिवार को कक्षा-5 के छात्र-छात्राओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संचालन प्राइमरी विंग के विभागाध्यक्ष एस.आर. साहू के नेतृत्व में किया गया। कक्षा-5 के सभी विद्यार्थियों को नि:शुल्क इंग्लिश स्पीकिंग की पुस्तकें प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के निदेशक एवं प्रबंधक अंसार अहमद खान ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय में आधुनिक शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने एस.आर. साहू के प्रयासों की सराहना की। प्रधानाचार्या बी.के. श्रीवास्तव तथा कक्षा-5 की अध्यापिकाएं रीया गुप्ता व इकरा फ़ातिमा ने बच्चों को परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास को सफलता की कुंजी बताते हुए निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



विदाई समारोह में शामिल 12वीं के छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

## धूमधाम से दी गयी 12वीं के छात्र-छात्राओं को विदाई

**करनैलगंज, अमृत विचार :** नगर में संचालित श्री चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में शनिवार को कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि विधायक अजय सिंह ने कहा कि इंटरमीडिएट पास करने के बाद अब जीवन की असली लड़ाई शुरू होती है। लक्ष्य तय कर मेहनत से आगे बढ़ें और भटकाव से दूर रहें। उन्होंने छात्रों को संस्कार, संस्कृति और शिष्टाचार न छोड़ने की सीख दी। कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर व सरस्वती पूजन से किया गया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्रबंधक वीके श्रीवास्तव व प्रधानाचार्य जीके श्रीवास्तव ने छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए विदाई दी। इस दौरान माहौल भावुक हो गया और कई आंखें नम रहीं। कार्यक्रम में परसपुर चेयरमैन वासुदेव सिंह, विधायक प्रतिनिधि शंकर प्रताप सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, डलिहा महराज, बृहस्पति कुमार उर्फ चूरे महराज, दीपक पाण्डेय, नीरज मिश्र, शिक्षक प्रवेश मिश्र, उत्तम गुप्ता, राजन मिश्र, रवि सिंह, अनुपम मिश्र, शिल्पी, रेनू, भास्कर दूबे समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य शिविर में 450 मरीजों की जांच

तुलसीपुर, बलरामपुर

**अमृत विचार :** स्वतंत्र भारत इंटर कॉलेज प्रांगण में शनिवार गन्ना विकास विभाग उत्तर प्रदेश एवं इफको-एम.सी. के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि देवीपाटन मंदिर के पीठाधीश्वर महंत मिथलेश नाथ योगी रहे।

शिविर में मुख्यालय से आए अपर गन्ना आयुक्त (समितियां) डॉ. वी.बी. सिंह एवं जिला गन्ना अधिकारी (मुख्यालय) विजय बहादुर सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भविष्य में ऐसे शिविरों के निरंतर आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर उन्होंने चीनी मिल तुलसीपुर के कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसबिलिटी के अंतर्गत स्थापित स्वतंत्रता भारत इंटर कॉलेज परिसर में स्मार्ट कंप्यूटर कक्ष का उद्घाटन भी किया। अपर गन्ना आयुक्त डॉ. वी.बी. सिंह ने विभाग की विभिन्न योजनाओं, गतिविधियों एवं विकास कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम में उप गन्ना आयुक्त देवीपाटन मंडल डॉ. आर.बी. राम एवं इफ्फको-एम.सी. के उप महाप्रबंधक डॉ. आर.के. नायक ने अतिथियों का स्वागत किया। नेत्र शिविर में अयोध्या नेत्र चिकित्सालय के डॉ. प्रदीप मिश्रा (विजन विशेषज्ञ) तथा डॉ. के.के. शर्मा द्वारा आंखों, बीपी एवं मधुमेह की जांच की गई। शिविर में कुल 450 मरीजों का पंजीकरण कर परीक्षण किया गया तथा आवश्यक दवाएं एवं चश्मे निःशुल्क वितरित किए गए।



स्वतंत्र भारत इंटर कॉलेज में आयोजित शिविर में उमड़े मरीज। ● अमृत विचार

इस अवसर पर विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ल सहित गन्ना विभाग, चीनी मिलों, इफ्फको व विद्यालय प्रशासन के अनेक अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## प्रदेश स्तरीय कुश्ती दंगल में नूरा व रानी विजयी



दंगल मे एक-दूसरे को पटखनी देने का प्रयास करते पहलवान। ● अमृत विचार

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार :** फक्कड़दास चौराहे पर आयोजित प्रदेश स्तरीय दो दिवसीय विराट कुश्ती दंगल प्रतियोगिता में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। दंगल में नूरा पहलवान और रानी पहलवान ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर दर्शकों की तालियां बटोरीं, जबकि सोनू पहलवान और साहिल पहलवान के बीच हुआ मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ। दंगल का पहला मुकाबला नूरा पहलवान जम्मू-कश्मीर और अमित पहलवान के बीच हुआ, जिसमें नूरा पहलवान ने काला जंग दांव लगाकर अमित को चित कर जीत हासिल की। दूसरा मुकाबला सोनू पहलवान मेरठ और साहिल पहलवान के बीच हुआ, जो कड़े संघर्ष के बाद बराबरी पर छूटा। वहीं महिला वर्ग में रानी पहलवान बलरामपुर और लाडो पहलवान दिल्ली के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें रानी पहलवान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। कुश्ती प्रतियोगिता में पहलवानों के दांव-पेंच ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। दंगल देखने के लिए आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

**शिव महापुराण कथा** | गोंडा में धूमधाम से निकाली गयी शिव बारात

# बच्चों को दें अच्छे संस्कार :कौशिक महाराज

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** डॉ. आर.एन. पाण्डेय हॉस्पिटल परिसर में आयोजित शिव महापुराण कथा के दौरान शनिवार को भगवान शिव के विवाह प्रसंग पर भव्य एवं दिव्य शिव बारात की शोभायात्रा निकाली गई।

शिव बारात में भूतों की टोली आकर्षण का केंद्र रही, जिसे देखकर उपस्थित जनमानस मंत्रमुग्ध हो उठा। मनमोहक दृश्य के साक्षी बने हजारों शिव भक्त भाव-विभोर होकर "हर-हर महादेव" के जयकारों में लीन नजर आए। शिव विवाह के पावन अवसर पर डॉ. राजेश पाण्डेय एवं प्रतिभा पाण्डेय ने महाराज जी के साथ भगवान शिव एवं माता पार्वती की विधिवत आरती की। कथा का रसपान कराते हुए कथावाचक कौशिक जी महाराज ने कहा कि जो भी सच्चे मन से भगवान शिव की आराधना करता है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।



शिव महापुराण कथा सुनाते कौशिक जी महाराज। ● अमृत विचार

गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कौशिक जी महाराज ने कहा कि गुरु को परमेश्वर के समान माना जाता है और उनका सदैव आदर-सम्मान करना चाहिए, किंतु यदि कोई गुरु चरित्रहीन हो तो उसका त्याग करना ही उचित है, क्योंकि चरित्रहीनता समाज के लिए घातक है।

युवा पीढ़ी और अभिभावकों को संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि माता-पिता बच्चों को संपत्ति देने से अधिक उनमें अच्छे संस्कारों का संचार करें, क्योंकि संस्कार ही जीवन की सच्ची पूंजी हैं। शिव महापुराण कथा के आयोजक डॉ. राजेश पाण्डेय एवं प्रतिभा पाण्डेय ने सभी श्रद्धालुओं से 2 फरवरी से 10 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित इस पावन कथा में सहभागी बनने का आह्वान किया।

इस अवसर पर डॉ. अनीता मिश्रा, डॉ. पुण्योदय मिश्रा, डॉ. पारितोष पाण्डेय, भाजपा विधायक पलटूराम, ब्लॉक प्रमुख तरबगंज मनोज पाण्डेय, श्री रामनरेश पाण्डेय, धैर्य पाण्डेय, डॉ. लक्ष्मीनाथ पाण्डेय, विशाल शुक्ला, दुर्गेश मिश्रा, डॉ. सुनील पाठक, डॉ. विश्वास पाण्डेय, चंद्रमोहन मिश्रा, संजय शुक्ला सहित हजारों की संख्या में शिव भक्त उपस्थित रहे।

# सीआरपीएफ जवान को दी अंतिम विदाई



सीआरपीएफ जवान को श्रद्धांजलि देते लोग। ● अमृत विचार

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार :** विशुनपुर विश्राम निवासी सीआरपीएफ जवान शिवकुमार सिंह राना को नम आंखों से श्रद्धांजलि दी गई। 13 बटालियन में तैनात जवान शिवकुमार सिंह राना की शुक्रवार सुबह चंडीगढ़ में हृदय गति रुकने से निधन हो गया था। शुक्रवार को ही पार्थिव शरीर गांव लाया गया, जहां अंतिम दर्शन के लिए ग्रामीण उमड़ पड़े। आरएएफ लखनऊ से आए जवानों ने घर पहुंचकर सलामी दी। चंडीगढ़ से आए जवान मनोज कुमार यादव ने बटालियन की ओर से वेलफेयर फंड के तहत एक लाख रुपये की सहायता राशि तथा मोबाइल फोन परिजनों को सौंपा। अंतिम संस्कार सैन्य सम्मान के साथ किया गया। पुत्र सत्येंद्र ने मुखाग्नि दी। इस दौरान विधायक राकेश यादव, जिपं सदस्य साजिद खान सहित हजारों लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## पुल निर्माण की मांग को लेकर चला हस्ताक्षर अभियान




पुल निर्माण की मांग के समर्थन में हस्ताक्षर करते लोग। ● अमृत विचार

**इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार :** बिसुही नदी पर स्थित जर्जर पुल के पुनर्निर्माण की मांग को लेकर सोमवार को राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं ने इटियाथोक बाजार में हस्ताक्षर अभियान चलाया। राष्ट्रीय छात्र पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडे ने कहा कि बिसुही पुल अत्यंत पुराना और जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है। उन्होंने सरकार से मांग की कि पुल निर्माण का कार्य शीघ्र शुरू कराया जाए। हस्ताक्षर अभियान के दौरान युगांक, उमंग मिश्रा, नौशाद अहमद, अभिषेक, भूपेंद्र, रिजवान, सूफियान, संदीप, उमेश, सिरताज, शिव मणि, मोहम्मद आसिफ सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और अभियान को समर्थन दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### आज आयेंगी राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष

**श्रावस्ती :** राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव एक दिवसीय भ्रमण पर आज रविवार को भिनगा आएंगी। वह दोपहर एक बजे निरीक्षण भवन पहुंचेंगी। वहां से डेढ़ बजे जूनियर हाईस्कूल भिनगा में गोरक्ष प्रान्त एवं श्री गुरू गोरखनाथ सेवा न्यास द्वारा आयोजित छठवें गुरू गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा के मेगा कैम्प एवं समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगी। इसके बाद ढाई बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगी। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी प्रोटोकॉल प्रवीण यादव ने दी है।

### शिविर में ग्रामीणों को दी विधिक जानकारी

**लेंगड़ी गूलर( श्रावस्ती) :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रावस्ती की ओर से शनिवार को गिलौला क्षेत्र के ग्राम कठौतिया में लघु विधिक शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रावस्ती के सचिव प्रद्युम्न कुमार मिश्र ने लोगों को मध्यस्थता अभियान, पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना व लीगल एड डिफेंस के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 22 फरवरी को मेगा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रतिभाग कर लोग विभागीय योजनाओं का लाभ ले सकेंगे। एडीएम अशोक कुमार प्रशासन व समाज कल्याण विभाग की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। आपदा विशेषज्ञ अरुण कुमार मिश्र ने लोगों को बालश्रम के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर डॉ. हनुमंत शरण सिंह, गोविंद नाथ सिंह, प्रदीप कुमार शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

### 18 शिक्षिकाओं को मिलेगा सम्मान

**बहराइच :** स्वर कोकिला सरोजिनी नायडू की जयंती पर आगामी 13 फरवरी को स्वायत्तशासी संस्था किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्राओं में स्वावलंबी और सशक्त बनने की प्रेरणा देने वाली 18 शिक्षिकाओं को सम्मानित किया जाएगा। सरोजिनी नायडू की जयंती 'राष्ट्रीय महिला दिवस' के रूप में मनाई जाती है और यह महिला सशक्तीकरण के लिए समर्पित भारत के संकल्प का दिन है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ सत्यभूषण सिंह ने बताया कि इस अवसर पर रीता सिंह, डॉ. प्रिया अग्रवाल, डॉ सुधा शुक्ला, डॉ. अर्चना निगम, डॉ. डिंपल जैन, डॉ गजाला खातून, डॉ. स्मृति वर्मा, डॉ. तस्नीम फातिमा जैदी, आदि को सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम शाश्वत फ़ाउंडेशन अहमदाबाद द्वारा आयोजित किया जाएगा।

### संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध की मौत

**जमुनहा ( श्रावस्ती) :** पुरानी रंजिश को लेकर ग्राम प्रधान व गांव निवासी युवक से लड़ाई के बाद दोनों थाने पहुच गए। इस बीच घर पर मौजूद बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुची मल्हीपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया है। मल्हीपुर थाना क्षेत्र के सागर गांव के ग्राम प्रधान शम्भू वर्मा पुत्र सूर्यलाल शुक्रवार को पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही आजम पुत्र अब्दुल जब्बार को गांव के रास्ते में रोककर चल रहे मुकदमे के बारे में पूछने लगे। तभी दोनो में विवाद हो गया और विवाद मारपीट में बदल गया। इसके बाद दोनी पक्ष थाने पहुच गए। वहां मल्हीपुर पुलिस ने आजम की तहरीर पर ग्राम प्रधान शम्भू के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कर लिया। इसी बीच पता चला कि आजम के चच्चा अब्दुल सत्तार (60) पुत्र जिमीदार की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई है। मल्हीपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया। मल्हीपुर थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट होगा।

# डीएम ने दिए समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश

## जिलाधिकारी के निरीक्षण में ऑल इज वेल मिली नानपारा की व्यवस्थाएं, कार्यकुशलता की सराहना की

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** तहसील नानपारा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई के उपरान्त जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा तहसील नानपारा का औचक निरीक्षण कर अभिलेखों के रख-रखाव, भवन एवं परिसर की साफ-सफाई के साथ-साथ तहसील अन्तर्गत संचालित विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया। डीएम ने न्यायिक कार्यों, वादों का निस्तारण, राजस्व अभिलेखों, वसूली, अभिलेखागार, आईजीआरएस एवं जनसुनवाई इत्यादि व्यवस्था का गहनता से परीक्षण किया गया।

एसडीएम न्यायालय में दर्ज वादों की स्थिति की समीक्षा के दौरान पाया गया कि 01 वर्ष से अधिक अवधि का कोई भी वाद लंबित नहीं है। पत्रावलियों के अवलोकन प्रथम दृष्टया समस्त धाराओं के वादों का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण पाया गया। इस स्थिति पर डीएम ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में तहसील नानपारा में प्रशासनिक एवं न्यायिक स्तर पर उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है। डीएम ने तहसीलदार व नायब तहसीलदारों के न्यायालयों का निरीक्षण करते हुए प्रचलित वादों का गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए।



तहसील नानपारा का निरीक्षण करते जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व मौजूद एसडीएम मोनालिसा जौहरी। अमृत विचार

### डीएम की अध्यक्षता में तहसील नानपारा में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

**बहराइच।** शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में तहसील नानपारा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, सीडीओ मुकेश चन्द्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, उप जिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी, पुलिस क्षेत्राधिकारी पहुप सिंह व अन्य अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर डीएसओ नरेन्द्र तिवारी, डीपीओ निहारिका विश्वकर्मा, जिला गन्ना अधिकारी आनन्द शुक्ला, एलडीएम जितेन्द्र मंसद, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, बीडीओ, बीईओ, सीडीपीओ व थानाध्यक्ष मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि तहसील नानपारा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 32 में 04, मिहींपुरवा (मोतीपुर) में 20 में 02, कैसरगंज में 62 में 05, पयागपुर में 43 में 05, महसी में 15 में 01 तथा तहसील सदर में प्राप्त 15 प्रार्थना-पत्रों में से 02 का निस्तारण मौके पर किया गया।

राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान लक्ष्य के सापेक्ष वसूली की स्थिति बेहतर पायी गयी। डीएम ने एसडीएम को निर्देश दिया कि नियमित रूप से समीक्षा करती रहें जिससे वसूली की प्रगति बनी रहे। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों समीक्षा के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि तहसील नानपारा पिछले 06 माह से लगातार आईजीआरएस निस्तारण में जनपद में प्रथम स्थान बनाए हुए है। इस स्थिति पर डीएम ने कहा कि यह उपलब्धि तहसील प्रशासन की संवेदनशीलता, त्वरित कार्रवाई एवं शिकायतकर्ता संतुष्टि को दर्शाती है।

निरीक्षण में दौरान नजारत पटल, राजस्व लिपिक पटल, संग्रह कार्यालय, अभिलेखागार, निर्वाचन कार्यालय, वीआरसी कार्यालय आदि तहसील के सभी कार्यालयों एवं पटलों का कार्य व्यवस्थित एवं अद्यतन पाया गया साथ ही तहसील परिसर एवं भवन की साफ-सफाई भी संतोषजनक पाई गई। कर्मचारियों की उपस्थिति, अभिलेखों का संधारण एवं कार्य निष्पादन पर डीएम श्री त्रिपाठी द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। डीएम ने एसडीएम से कहा कि इसी प्रतिबद्धता के साथ जनता को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान कर तहसील नानपारा को प्रशासनिक, न्यायिक, राजस्व एवं शिकायत निस्तारण के क्षेत्र में एक आदर्श तहसील के रूप में स्थापित करने का प्रयास करें।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में निपटे सात मामले

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** जिले की तहसीलों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान सात मामलों का मौके पर निस्तारण हुआ। इकौना तहसील में डीएम अश्विनी कुमार पाण्डेय व एसपी राहुल भाटी की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस / तहसील दिवस में आये फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना गया। यहां कुल 10 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से मौके पर ही चार शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को उपलब्ध कराया गया। भिनगा में 11 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से मौके पर दो शिकायतों का निस्तारण किया गया। वहीं जमुनहा में कुल छह शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से मौके पर एक शिकायत का निस्तारण किया गया। इस दौरान एसडीएम पीयूष जायसवाल, सीएमओ डा एके सिंह, सीओ इकौना, तहसीलदार, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग केपी मिश्रा, जिला समाज कल्याण अधिकारी डा अमरनाथ यति, जिला पूर्ति अधिकारी दीपक वार्ष्णेय, खण्ड विकास अधिकारी इकौना व गिलौला सहित अन्य विभागों के अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल व फरियादी मौजूद रहे।



इकौना तहसील में फरियाद सुनते डीएम एसपी।

# सतह उखड़ने से संजय सेतु की हालत चिंताजनक

- लोगों के लिए खतरे का अलार्म अनुमति में देरी से बढ़ रहा जोखिम

जरवलरोड (बहराइच)

**अमृत विचार।** घाघरा नदी पर स्थित संजय सेतु की हालत बेहद चिंताजनक होती जा रही है। पुल की सतह उखड़ चुकी है, अंदरूनी ढांचा कमजोर हो चुका है और लोहे के हिस्से बाहर नजर आने लगे हैं। वहीं पुल से बड़े-बड़े होल से पानी दिख रहा है हैं। ऐसे में पुल की भार वहन क्षमता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं और हर गुजरता वाहन किसी बड़े हादसे की आशंका को बढ़ा रहा है।

पुल की मौजूदा स्थिति खुद खतरे का संकेत दे रही है। शासन-प्रशासन से अनुमति मिले या न मिले, संजय सेतु अब और भार उठाने की स्थिति में नहीं दिख रहा। इसके बावजूद रोज़ाना भारी वाहनों की आवाजाही जारी है, जो कभी भी भयावह दुर्घटना में बदल सकती है। चिंताजनक स्थिति यह है कि मरम्मत कार्य से जुड़ी इंजीनियरों, मजदूरों और तकनीकी टीम की तैनाती पुल के नीचे की जा चुकी है। मरम्मत सामग्री घाट पर डम्प है, अस्थायी कैंप कार्यालय भी स्थापित है, लेकिन कार्यदायी संस्था उच्च स्तर से अनुमति मिलने का इंतज़ार कर रही है। अनुमति में हो रही देरी खतरे को दिन-ब-दिन बढ़ा रही है।



जर्जर संजय सेतु। अमृत विचार

वहीं स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि किसी बड़ी दुर्घटना से पहले तत्काल निर्णय लिया जाए, भारी वाहनों पर रोक लगाई जाए और मरम्मत कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शुरू कराया जाए। लोगों का कहना है कि जान जोखिम में डालकर रोजाना पुल पार करना अब मजबूरी बन गया है।

इस संबंध में अवर अभियंता अनंत मौर्य ने बताया कि संजय सेतु की मरम्मत को लेकर सभी आवश्यक तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। सामग्री, लेबर और तकनीकी संसाधन मौके पर उपलब्ध हैं और अनुमति मिलते ही मरम्मत कार्य तत्काल शुरू कर दिया जाएगा।

### विदाई समारोह में परीक्षार्थियों को बताए गए परीक्षा उपयोगी टिप्स

**बाबागंज ( बहराइच)।** क्षेत्र के श्री राम प्यारे इंटर कालेज में शनिवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संदीप जयसवाल तथा विशिष्ट अतिथि डा० ए. एम. सिद्दीकी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि संदीप जयसवाल ने छात्राओं को परीक्षा के समय आत्मविश्वास बनाए रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और सकारात्मक सोच से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। परीक्षा से पहले कठिन विषयों की बार-बार पुनरावृत्ति करने, प्रश्नपत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ने और उत्तर लिखते समय स्पष्ट भाषा का प्रयोग करने पर विशेष जोर दिया। विशिष्ट अतिथि डा०ए. एम. सिद्दीकी ने परीक्षा के दौरान मानसिक तनाव से बचने के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि पर्याप्त नींद, संतुलित भोजन और हल्का व्यायाम पढ़ाई की क्षमता को बढ़ाता है। साथ ही, उन्होंने छात्राओं को मोबाइल और सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखने की सलाह दी, ताकि ध्यान भंग न हो। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया और छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में रेशमा खातून, लकी श्रीवास्तव, महेंद्र शर्मा, अरविंद शर्मा, राजकुमार शर्मा, सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक एवं परीक्षार्थी उपस्थित रहे।



विदाई समारोह के दौरान मौजूद बच्चे व शिक्षक।

### जैतापुर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**बाबागंज, ( बहराइच)।** सीमावर्ती विकास खण्ड नवाबगंज क्षेत्र अंतर्गत आज ग्रामपंचायत जैतापुर के पंचायत भवन के प्रांगण में आज गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 6.0 के क्रम में वृहत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख जय प्रकाश सिंह ने देवी मां की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ से आये चिकित्सक डॉक्टर निशांत पाण्डेय, डॉक्टर नोवेश, डॉक्टर दिव्यांशु, डॉक्टर सरोज आदि चिकित्सकों ने शिविर में आये सैकड़ो की संख्या मरीजो का बीपी आदि का परीक्षण कर उन्हें उन्हें चिकित्सकीय परामर्श देते हुए आवश्यक दवाओं का वितरण भी किया। कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शिवपूजन सिंह, रामअभिलाष सिंह, मनोज सिंह, राकेश सिंह, प्रधान प्रतिनिधि जैतापुर विक्रम सिंह, आर0एस0एस के पदाधिकारी, एकल विद्यालय की प्रीति भार्गव, अंजनी वर्मा, अवधेश कुमार आदि ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे।

### निषाद समुदाय ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**जरवलरोड ( बहराइच)।** निषाद पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को कैसरगंज विधायक आनंद यादव को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि शासन की विभिन्न अधिसूचनाओं और शासनादेशों का अनुपालन करते हुए मझवार, तुरैहा, केवट, मल्लाह और निषाद जैसी मछुआरा समुदाय की जातियों को अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र जारी किया जाए। कार्यकर्ताओं ने मांग की कि 31 दिसंबर 2016 की अधिसूचना के आधार पर इन जातियों को अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची से हटाकर नई संशोधित सूची जारी की जाए। ज्ञापन देते हुए निषाद पार्टी कार्यकर्ताओं ने विधायक से अनुरोध किया गया है कि वे विधानसभा में लोक महत्व के इस विषय को उठाकर मछुआरा समुदाय की जनगणना अनुसूचित जाति के रूप में कराने और उन्हें उनका हक दिलाने में सहयोग करें। ज्ञापन में उल्लेख है कि 1961 के सेंसस मैनुअल के अनुसार मझवार की पर्यायवाची जातियों में केवट और मल्लाह शामिल हैं, जिन्हें अनुसूचित जाति की सुविधाएं मिलनी चाहिए। कार्यकर्ताओं ने तहसील स्तर पर इन जातियों को ओबीसी प्रमाण पत्र जारी किए जाने को असंवैधानिक बताया और इस प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। इस दौरान दीपेन्द्र निषाद (अध्यक्ष, विधानसभा कैसरगंज), बालकेश कश्यप (सह-प्रभारी, देवीपाटन मंडल), पवन निषाद (जिला सचिव) राजेन्द्र निषाद (जिला संयोजक), ओमप्रकाश निषाद (जिलाध्यक्ष, निषाद एकता परिषद), दूधनाथ निषाद, राकेश निषाद, संजय निषाद (पूर्व प्रधान), गोलू, डॉ. भारत (अध्यक्ष, वि.स. आर एन ई पी), सुखराम निषाद समेत अन्य निषाद पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जरूरतमंदों में वितरित किए गए कंबल

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल भिनगा में शनिवार को जनकल्याणकारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कमांडेंट अमरेन्द्र कुमार वरुण के दिशा निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट अशोक कुमार, सचिव रेडक्रॉस सोसाइटी अरुण कुमार व सदस्य पवनेश शुक्ला ने जरूरतमंद ग्रामीणो को रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से कंबल प्रदान किया। इस दौरान द्वितीय कमान अधिकारी ललेंद्र रत्नाकर, उप कमांडेंट सोनू कुमार, गोवर्धन पुजारी सहित अन्य मौजूद रहे।

### जन चौपाल में जुटे ग्रामीण

**इकौना( श्रावस्ती), अमृत विचार।** इकौना विकास क्षेत्र के ग्राम बेलकर स्थित पंचायत भवन में जन चौपाल का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान सुनीता देवी ने की। इस दौरान जिला विकास अधिकारी राम समुझ व खंड विकास अधिकारी उमेश कुमार जन चौपाल में डीडीओ ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। वरिष्ठ भाजपा नेता व अध्यक्ष किसान सेवा सहकारी समिति इकौना अरविंद कुमार शुक्ला महात्मा ने जन चौपाल मे कहा कि सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन आप सबके लिए ही किया जा रहा है। उसका आप सभी लोग लाभ उठाएं। इस दौरान ग्राम पंचायत अधिकारी सुनील कुमार गौतम, पंचायत सहायक दीपिका, ग्राम रोजगार सेवक महेंद्र प्रताप, सफाई कर्मी संतोष पाठक, संदीप कुमार, बाबादीन आर्य, जिलेदार मिश्रा, हवलदार मिश्रा, मलिक, शिव भोला मिश्रा, परसराम शुक्ला, बीडीसी मुन्ना यादव, मोहम्मद अली, हसमत अली, संगीता देवी, गुड़िया देवी, दुलारा देवी, रामराजी आदि मौजूद रही।

# ब्राह्मण समाज ने किया 'घूसखोर पंडित' फिल्म के खिलाफ प्रदर्शन

**आक्रोश**

- नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन कोतवाली में दी तहरीर

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** ऑनलाइन ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 5 फरवरी 2026 को रिलीज हुई फिल्म "घूसखोर पंडित" को लेकर बहराइच में विरोध के स्वर तेज हो गए हैं। राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ (रजि.) के पदाधिकारियों ने फिल्म पर ब्राह्मण समाज के अपमान एवं समाज के विरुद्ध कथित रूप से भ्रामक मिथक फैलाने का आरोप लगाते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया है।

राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के जिला अध्यक्ष शिवांकर शुक्ला 'रवि' एवं प्रदेश अध्यक्ष सतेंद्र शुक्ला के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने राज्यपाल उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट के माध्यम से सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि उक्त फिल्म को प्रदेश में तत्काल प्रतिबंधित किया जाए तथा ऐसे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी कार्रवाई हो, जो समाज विरोधी सामग्री का प्रसारण कर रहे हैं। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि फिल्म निर्माता नीरज पांडे एवं निर्देशक रितेश शाह द्वारा निर्मित यह फिल्म ब्राह्मण समाज की छवि को ठेस पहुंचाने वाली है, जिससे सामाजिक सौहार्द प्रभावित हो सकता है। इसके साथ ही संगठन के पदाधिकारियों द्वारा नगर कोतवाली में भी फिल्म के विरोध में एफआईआर दर्ज कराने हेतु ज्ञापन दिया गया है। इस दौरान दीपांकर त्रिपाठी, गौरव मिश्रा, अभिषेक त्रिपाठी, पुंडरीक पाण्डेय, अंकुर पाण्डेय और जय मिश्रा सहित कई लोग उपस्थित रहे। संगठन ने प्रशासन से मामले में शीघ्र संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

# स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भाकियू आक्रोशित

- अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर दी आंदोलन की चेतावनी

पयागपुर (बहराइच)

**अमृत विचार।** ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सुविधाओं के अभाव को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भारत) ने कड़ा रुख अपनाया है। संगठन ने सीएमओ के नाम का ज्ञापन सीएचसी अधीक्षक धीरेन्द्र तिवारी को सौंपकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुनौरा की व्यवस्था सुधारने और जवाबदेही तय करने की मांग की है।

यूनियन ने स्पष्ट किया है कि यदि किसानों और ग्रामीणों की सेहत से खिलवाड़ बंद नहीं हुआ, तो वे सड़कों पर उतरकर उग्र प्रदर्शन करेंगे। यह निर्णय तहसील पयागपुर के ग्राम खुनौरा में आयोजित यूनियन का महत्वपूर्ण पंचायत में लिया गया। पंचायत की अध्यक्षता करते हुए पदाधिकारियों ने स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र खुनौरा की कार्यप्रणाली पर गहरा असंतोष व्यक्त किया। बैठक में तहसील अध्यक्ष दिलीप श्रीवास्तव, महिला प्रकोष्ठ की तहसील अध्यक्ष रेनू सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष प्रेमचन्द्र रावत और ब्लॉक अध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) फूलमती सहित अन्य नेताओं ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना यूनियन द्वारा प्रेषित ज्ञापन में मुख्य रूप से तीन बिंदुओं पर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया गया है संगठन ने मांग की है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के नाम और पिछले तीन वर्षों (2024, 2025 व 2026) के कार्यों का बिंदुवार रिकॉर्ड सार्वजनिक किया जाए, ताकि सरकारी धन के सदुपयोग की जांच हो सके ग्रामीण क्षेत्रों में प्रसव के दौरान महिलाओं को होने वाली समस्याओं को देखते हुए तत्काल महिला डॉक्टरों की नियुक्ति की मांग की गई है। मंडल मुख्य सलाहकार रामनरायन पांडेय ने कहा कि यदि प्रशासन ने उनकी मांगों को अनसुना किया, तो भविष्य में होने वाले किसी भी धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।



सीएचसी अधीक्षक को मांगपत्र देते भाकियू नेता। अमृत विचार

वहीं सीएचसी अधीक्षक धीरेन्द्र तिवारी ने बताया कि किसानों की मुख्य मांग पीएचसी खुनौरा में एक डॉक्टर की थी जिसे आला अधिकारियों से बात की गई एक हफ्ते में डॉक्टर की व्यवस्था की जाएगी।

# शिविर में दी गई कानून की जानकारी

खुटेहना /पयागपुर (बहराइच)

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में शनिवार को तहसील पयागपुर परिसर में एक 'वृहद विधिक सहायता शिविर' का आयोजन किया गया। शिविर में न केवल लोगों को कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया, बल्कि शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से सैकड़ों लाभार्थियों को लाभान्वित भी किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से निर्धन वर्ग, दिव्यांग बच्चों, श्रमिक महिलाओं और अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के लिए संचालित सरकारी योजनाओं पर जोर दिया गया। मौके पर ही पात्र लाभार्थियों का चिन्हांकन कर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश और सेवाएं प्रदान की गईं शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी अश्वनी पांडेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि न्याय और सरकारी योजनाएं हर गरीब का अधिकार हैं और प्रशासन इसके लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम का सफल संचालन अनुपम शुक्ल द्वारा किया गया। इस दौरान तहसीलदार अम्बिका चौधरी, क्षेत्राधिकारी हर्षित तिवारी, सीएचसी अधीक्षक डॉ. धीरेन्द्र तिवारी, एडीओ तेजनारायण राव और एपीओ विकास राव, लघु सिंचाई विभाग जेई शैलेश आनंद और जेई संदीप तिवारी ने विभागीय तकनीकी बारीकियों को साझा किया।




आयोजित शिविर में मौजूद लोग।

# एसपी ने स्वॉट टीम को किया भंग 10 कर्मियों को किया लाइन हाजिर

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** जिले में बीते दिनों हुई कई घटनाओं का खुलासा न कर पाने पर पुलिस अधीक्षक ने जिले की स्वॉट टीम को भंग करते हुए टीम के प्रभारी निरीक्षक समेत 10 पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया है। कार्यवाही के बाद महकमे में हड़कंप मचा हुआ है।

पुलिस सूत्रों की माने तो बीते दिनों पयागपुर में जगदेव हत्याकांड समेत कई अन्य मामलों का खुलासा न होने के चलते ये कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने शनिवार को स्वॉट टीम प्रभारी मनोज यादव, उपनिरीक्षक सर्वजीत गुप्ता, राशिद अली खान, मुख्य आरक्षी अजीत चंद्र सिंह के साथ आरक्षी राहुल वाजपेयी, अमित कुमार यादव, अंकुर यादव, विष्णु प्रताप सिंह, संतोष कुमार यादव व बजरंगी राय को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर पूरी टीम को भंग कर दिया है। पुलिस अधीक्षक की ओर से की गई कार्रवाई के बाद से पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है।

**जांच के आदेश**

**नवाबगंज ब्लॉक की इमामनगर गड़रहवा पंचायत में बड़ा फर्जीवाड़ा, 21 जॉब कार्डधारकों को दिखा दिया मृत**

# मनरेगा : जिंदा जाबकार्ड धारकों को घोषित कर दिया 'मृत'

राजकुमार शर्मा, बाबागंज (बहराइच)

**अमृत विचार।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) में गंभीर अनियमितता का सनसनीखेज मामला सामने आया है। नानपारा तहसील के विकासखंड नवाबगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत इमामनगर गड़रहवा में ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव द्वारा कथित तौर पर 21 जीवित ग्रामीणों को कागज़ों में मृत घोषित कर दिया गया। मामला उजागर होते ही प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। ग्राम प्रधान मो. रिज़वान और पंचायत सचिव जगजीवन राम ने मनरेगा अभिलेखों में फर्जी तरीके से जॉब कार्डधारकों को मृत दिखाकर उनके जॉब कार्ड निष्क्रिय कर दिए। इससे संबंधित लोग मनरेगा के तहत मिलने वाले रोजगार और मजदूरी से वंचित हो गए।

### कागज़ों में मृत, हकीकत में ज़िंदा

जिन 21 लोगों को मृत दिखाया गया है, वे सभी जीवित हैं और गांव में सामान्य जीवन व्यतीत कर रहे हैं। मृत घोषित किए गए लोगों में अशोक कुमार, रामानंद, नंदकुमार, योगराज, अनिल कुमार, राम कुमारी, राम वचन, सीताराम, चंदा देवी, मनोरथ, मंशाराम, पूजा, सरोज, प्रीति, पंकज, सुषमा देवी, मीना देवी सहित अन्य ग्रामीण शामिल हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अचानक उनका नाम मनरेगा सूची से गायब हो गया। जब जानकारी ली गई तो पता चला कि उन्हें मृत दिखाकर जॉब कार्ड बंद कर दिए गए हैं।

### प्रशासन की नजर ग्रामीणों में आक्रोश


फिलहाल पूरे मामले पर प्रशासन की नजर बनी हुई है। वहीं गांव में इस घटना को लेकर आक्रोश का माहौल है। आक्रोशित ग्रामीणों ने मांग की है कि दोषियों को बर्खास्त कर उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। ताकि भविष्य में मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के साथ इस तरह का खिलवाड़ न हो।

### ग्रामीणों ने लगाए गंभीर आरोप

पीड़ित ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से की है। शिकायत के साथ दस्तावेज़ी साक्ष्य भी सौंपे गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि यह पूरा खेल मनरेगा की मजदूरी और कार्यों में घोटाले के इरादे से किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि "गरीबों को रोज़गार देने वाली योजना में इस तरह की धांधली बेहद शर्मनाक है। ज़िंदा लोगों को मृत दिखाना सीधे-सीधे अपराध है।

### क्या बोले जिम्मेदार

इस संबंध में खंड विकास अधिकारी नवाबगंज राहुल पाण्डेय ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आ चुका है और इसकी जांच अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी (एपीओ) को सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि "जांच रिपोर्ट के आधार पर जो भी दोषी पाया जाएगा। उसके खिलाफ नियमानुसार सख़्त कार्रवाई की जाएगी।" यदि आरोप सही पाए गए, तो संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के साथ एफआईआर दर्ज होने की भी संभावना है।



प्रधान ने पत्र के द्वारा खंड विकास अधिकारी को दी गई जानकारी।

# अमृत विचार
रविवार, 8 फरवरी 2026




साधु ऐसा चाहिए, जैसा सूप सुभाय
सार-सार को गहि रहै, थोथा देई उड़ाय

कबीर दास जी कहते हैं, इस संसार में ऐसे सज्जनों की जरूरत है, जैसे अनाज साफ करने वाला सूप होता है। जो सार्थक को बचा लेता है और निरर्थक को उड़ा देता है।



# विपक्ष उत्तरदायी बने, प्रश्न पूछे, विकल्प दे, सुझाव रखे

**यूरोपीय संसदीय राजनीति के विद्वान हेराल्ड लास्की ने विपक्ष के तीन कर्तव्य बताए थे। पहला, टू प्रपोज द गवर्नमेंट-सुझाव देना। दूसरा, टू अपोज द गवर्नमेंट-राष्ट्रीय मुद्दों पर सकारात्मक विरोध करना और तीसरा, विकल्प देने के लिए तैयार रहना-टू डिपोज द गवर्नमेंट। ब्रिटिश संसदीय परंपरा में विपक्ष को 'गवर्नमेंट इन वेटिंग' कहा जाता है, लेकिन यहां शोर और स्थगन ही विपक्ष के हथियार बन गए हैं। संसद के विशेषाधिकार महत्वपूर्ण हैं।**

संसद की गरिमा के प्रश्न स्थाई भाव बन रहे हैं। संसद देश काल का दर्पण होती है। यह केवल बजट पास करने या कानून बनाने का ही संवैधानिक निकाय नहीं होती। सदन की गरिमा और मर्यादा बहुधा तार-तार हो रही है। संसद की गरिमा को उच्च स्तर पर बनाए रखने का कर्तव्य सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की ही जिम्मेदारी है। उत्तरदायित्व का निर्वाहन शोर-शराबे से नहीं होता। सदन के भीतर शोर शब्दों का विकल्प नहीं होता। कांग्रेस दीर्घकाल तक सत्ता में रही है। देश की संसदीय राजनीतिक संस्कृति को विकसित करने की जिम्मेदारी कांग्रेस की ही रही है, लेकिन विपक्षी दल की भूमिका में कांग्रेस वैचारिक विकल्प नहीं दे पाई। दुनियाभर के संसदीय जनतंत्रों में सत्ता पक्ष का विकल्प देने की जिम्मेदारी विपक्ष की ही होती है। सदन में अचानक किसी मुद्दे पर उबाल आ जाना बड़ी बात नहीं है। तीखी नोक-झोंक भी संभव है, लेकिन योजना बनाकर सदन के भीतर उत्पात करना किसी भी दशा में उचित नहीं कहा जा सकता।

भारतीय संसद में बहुत कुछ अप्रिय घटित हो रहा है। ऐसा उत्पात सदन की मर्यादा का हनन है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि 'कांग्रेस के सांसद किसी अप्रत्याशित घटना को योजनाबद्ध तरीके से अंजाम देना चाहते थे।' बिरला ने कहा कि उन्होंने नेता सदन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सतर्क किया था कि ऐसी कोई बड़ी घटना संभव थी। बिरला ने यह भी कहा कि अभी बुधवार को विपक्ष के कुछ सदस्यों ने जैसा व्यवहार किया वैसा लोकसभा की शुरुआत से लेकर आज तक कभी नहीं हुआ। यद्यपि कांग्रेस ने लोकसभा अध्यक्ष के दावे को झूठ बताया है, लेकिन मूलभूत प्रश्न है कि प्रधानमंत्री के आसन के सामने तीन महिला सदस्यों का खड़े होना किस दृष्टि से संसदीय है। लोकसभा अध्यक्ष के अनुसार उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अनुरोध किया था कि वे सदन में न आएं।

18वीं संसद में प्रेरक घटनाएं नहीं दिखाई पड़ती। विपक्ष अपने संसदीय दायित्वों के निर्वाहन में सफल नहीं रहा। व्यवधान और शोर बार-बार के स्थगन और संसदीय शब्दों का प्रयोग लगातार हो रहा है। राष्ट्रीय विमर्श के प्रश्न बहस का मुद्दा नहीं बन पाए। वैकल्पिक विषयों पर सदन के पटल पर विकल्प देना, विकल्प के क्रियान्वयन के लिए सुझाव देना विपक्ष की जिम्मेदारी है।

यूरोपीय संसदीय राजनीति के विद्वान हेराल्ड लास्की ने विपक्ष के तीन कर्तव्य बताए थे। पहला, टू प्रपोज द गवर्नमेंट-सुझाव देना। दूसरा, टू अपोज द गवर्नमेंट-राष्ट्रीय मुद्दों पर सकारात्मक विरोध करना और तीसरा, विकल्प देने के लिए तैयार रहना-टू डिपोज द गवर्नमेंट। ब्रिटिश संसदीय परंपरा में विपक्ष को 'गवर्नमेंट इन वेटिंग' कहा जाता है, लेकिन यहां शोर और स्थगन ही विपक्ष के हथियार बन गए हैं। संसद के विशेषाधिकार महत्वपूर्ण हैं। प्रधानमंत्री सदन का नेता होता है। नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी भी कम नहीं होती। सदन की गरिमा को बनाए रखते हुए उसे सरकार की नीतियों की आलोचना करनी चाहिए। उस आलोचना का आधार होना चाहिए। सदन में प्रयुक्त की जाने वाली भाषा संसदीय व्यवहार का प्रमुख हिस्सा है। अपशब्द विचार प्रकट करने का सही माध्यम नहीं होते। अपशब्दों का प्रयोग संसदीय कर्तव्य के आदर्श निर्वाहन का विकल्प नहीं होता, लेकिन यहां प्रधानमंत्री के आसन के समक्ष खड़े होकर शोर मचाना, महिला सांसदों का आसन को घेर कर खड़े होना जैसे प्रसंग रोजमर्रा की कार्यवाही का हिस्सा बन रहे हैं।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

प्रधानमंत्री के विरुद्ध किसी अनहोनी के संबंध में बिरला का रहस्योद्घाटन गंभीर प्रकृति का है। यह छोटी-मोटी घटना नहीं है। योजना बनाकर संसद की कार्यवाही को किसी भी रूप में प्रभावित करने की इच्छा भी खतरनाक है। यह सदन के विशेषाधिकार का भी उल्लंघन है। लोकसभा अध्यक्ष को घटना के सभी तथ्यों की जानकारी है, इसलिए ऐसे गंभीर मुद्दे पर विशेषाधिकार के अवमानना की कार्यवाही होनी चाहिए।

यद्यपि ब्रिटिश संसद को संसदीय मामलों में लोकतंत्र की जननी कहा जाता है, लेकिन ब्रिटिश संसद के जन्म के बहुत पहले भारत में लोकतांत्रिक संस्थाएं थीं। लुडविग जैसे विद्वानों ने वैदिक काल में ही भारत की संसदीय संस्थाओं का उल्लेख किया है। सभा और समितियां ऋग्वेद में हैं। अथर्ववेद में हैं। महाभारत में हैं। वैदिक साहित्य में सभा के सदस्य सभासद कहलाते थे, जो सभेय थे, सभा में सुंदर बोलते थे, वे सभ्य कहे जाते थे। उत्तर वैदिक काल और पुराणों के समय भिन्न-भिन्न जनहितकारी विषयों पर विचार गोष्ठियां होती थीं। भाषा में मधुरता थी। आचार और विचार मर्यादित थे, लेकिन आधुनिक भारत की संसद तमाम प्रतिभाओं के बावजूद मर्यादित रूप में नहीं चलती। संसदीय कार्यवाही प्रेरित नहीं करती। यह हताश और निराश करती है।

संविधान सभा की कार्यवाही लंबे समय तक चली थी। सभा में पंडित जवाहरलाल नेहरू, डॉ. आंबेडकर, कमलापति त्रिपाठी, विशंभर दयालु त्रिपाठी, मौलाना हसरत मोहानी, हरि विष्णु कामथ, हृदयनाथ कुंजूरू, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे विद्वान सदस्य थे।

इस लंबी कार्यवाही में कहीं कोई कटुता नहीं दिखाई पड़ी। डॉ. राजेंद्र प्रसाद सभा की अध्यक्षता कर रहे थे। संविधान सभा ने देश को एक राज व्यवस्था दी। राष्ट्रवादी मूल और आदर्श दिए, लेकिन आश्चर्य है कि ऐसी परंपराओं के उत्तराधिकारी होकर भी हम अपनी संसद को सुव्यवस्थित नहीं चला पा रहे हैं। दुर्भाग्य का विषय है कि प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस के पास नीतियों के स्तर पर कोई विकल्प नहीं है। शोर स्थाई भाव है।

सदन राष्ट्रीय विमर्श के संवैधानिक मंच हैं। विपक्ष को तथ्य और तर्क सहित चर्चा करनी चाहिए। मूलभूत प्रश्न है कि प्रश्नों का उद्देश्य क्या है? क्या लोकतंत्र की मजबूती हंगामे से ही संभव है। क्या शोर-शराबा और हंगामा ही बहस का उपकरण हो सकते हैं। लोकसभा के मंच से लगातार विपक्ष द्वारा यही कहा जा रहा है कि हंगामा हथियार हो गया है। विपक्ष के पास तथ्य नहीं है। विपक्ष को लगता है कि विपक्ष के पास तथ्य व तर्क से ज्यादा हंगामा और नारेबाजी के उपकरण ही हैं।

विपक्ष सरकार को घेरने के अलावा और किसी लक्ष्य से प्रेरित नहीं है। वह राष्ट्रीय आवश्यकता की रणनीति पर कम और हंगामा द्वारा राजनीतिक बढ़त लेने का हथियार ज्यादा है। सदन में अंतर्राष्ट्रीय विषयों पर कम से कम विपक्ष से अपेक्षा की जा सकती है कि वह उत्तरदायी बने। प्रश्न पूछे। विकल्प दे। सुझाव रखे। सरकार को जवाबदेह बनाए। विपक्ष का यह भी कर्तव्य है कि वह सदन को हंगामे का मंच न बनाए। वैकल्पिक विचार दे और संसदीय कार्यवाही को राष्ट्रहितैषी बनाए।

संप्रभुता अभद्र नहीं होती। संसद सर्वोच्च संप्रभु संस्था है। विधि निर्मात्री है, संविधान संशोधन के अधिकार से भी लैस है। राज्यों के विधानमंडल इसी की प्रतिछाया हैं, लेकिन संसद और विधानमंडल स्वयं अपनी बनाई कार्य संचालन नियमावली का अनुपालन नहीं करा पाते। राष्ट्र क्षुब्ध है।

# नई पीढ़ी में गेमिंग की लत छुड़वाने की चुनौती

पिछले ही सप्ताह भोपाल की छत्रसाल कॉलोनी के एक व्यवसायी के 8वीं क्लास में पढ़ने वाले इकलौते बेटे ने गेमिंग में फंसकर आत्महत्या की थी। घटना चर्चाओं में थी कि वैसा ही एक और मामला गाजियाबाद में घट गया। सिलसिलेवार तरीके से इस तरीके के केस रोजाना प्रकाश में आ ही रहे हैं। बीते 24 महीनों में करीब 180 घटनाएं देशभर में रिपोर्ट की गई हैं। एनसीआरबी के आंकड़ों में जिस हिसाब से पांच सालों में उछाल आया है, वह निश्चित रूप से रोंगटे खड़े करता है। कौन सी तरकीब अपनाई जाए, जिससे बच्चे फिर से गेमिंग के चुंगल से निकलकर अपने पारंपरिक देशी किस्म के खेलकूदों की ओर मुड़ जाएं। दरअसल, ऐसी जरूरत गाजियाबाद में तीन बहनों के सुसाइड के बाद और ज्यादा महसूस होने लगी है।



डॉ. रमेश ठाकुर
लेखक

क्यों मॉडर्न बच्चे मैदानी खेलों को छोड़कर मोबाइल गेमिंग जैसी आफतों में घुसते जा रहे हैं? ऐसे सवालों का उत्तर बिना देर किए सामुहिक स्तर पर समाज के प्रत्येक वर्गों को खोजना चाहिए। टीनएजर्स में गेमिंग की लत जानलेवा बीमारी जैसी हो गई है, जिसका ताजातरीन उदाहरण सामने है। कोरियन गेमिंग की आड़ में गाजियाबाद की तीन सगी नाबालिग बहनों ने 'लवर गेम टास्क' में खुद को फंसाकर मौत को गले लगाना पड़ा। उनके सुसाइड की खबर समाज में आग की तरह फैली हुई है। दरअसल तीनों बहनों ने मौत को जिस अंदाज से अपनाया उसने अभिभावकों को सबसे ज्यादा झकझोरा है। बच्चियों ने पिता के नाम चिट्ठी लिखकर मौत की वजह भी बताई। आठ पन्नों के सुसाइड नोट में उन्होंने अपनी अधूरी चाहत की पूरी दास्तां को विस्तार से लिखी है। ऐसी-ऐसी वजहें लिखीं, जिन्हें पढ़-सुनकर समाज सोचने पर विवश हुआ है।

**बीते 24 महीनों में करीब 180 बच्चों के खुदकुशी के मामले देशभर में रिपोर्ट हुए हैं। एनसीआरबी के आंकड़ों में जिस हिसाब से पांच सालों में उछाल आया है, वह निश्चित रूप से रोंगटे खड़े करता है।**

घटना की शुरुआती पड़तालें बताती हैं कि गेम की गिरफत में तीनों बहनें ऐसी जकड़ीं कि निकल ही नहीं पाईं, निकलने की तमाम नाकाम कोशिशें जरूर कीं, लेकिन दलदल में इतनी फंस चुकी थीं, वहां से निकला उनके लिए नामुकिन हो गया। अंत में तीनों ने नौवीं मंजिल से छलांग लगाकर अपनी जीवन लीला को समाप्त करना ही मुनासिब समझा। पुलिस घटना की तफ्तीश में है। मामला जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है, नई-नई अचंभित करने वाली बातें सामने आ रही हैं। कुछ ऐसी भी बातें, जिन पर एकाएक विश्वास करना मुश्किल है।

पुलिस थ्योरी और पड़ोसियों की मानें तो तीनों लड़कियां लगातार गेम खेलती रहती थीं। ये बात अब तथ्यात्मक हो चुकी है कि ज्यादातर गेम साइको टाइप लत परोसने लगे हैं। बच्चों को ज्यादा से ज्यादा अपनेपन का एहसास कराने की जरूरत है। एक बार जो इसकी गिरफ्त में फंसा, तो आसानी से छुटकारा नहीं पा सकता। इस झकझोर देने वाली घटना को ध्यान में रखकर ये समझना होगा कि आखिर कोरियाई कल्चर टीनएजर्स को क्यों लुभा रहा है? दरअसल, कोरियाई कल्चर की कुछ खासियतें हैं। उनका आधुनिक ड्रामा और के-पॉप प्यार और पारिवारिक भावनाएं लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। उनके अपनेपन से लोग आसानी से उनसे जुड़ जाते हैं।

# आत्म विश्वास और विधि ही मुख्य है

मानव-प्रतिभा का विकास साधन सुविधाओं पर ही आधरित है यह सत्य नहीं है। मानव-प्रतिभा के विकास के लिए आत्म विश्वास और कार्य करने की सम्यक् विधि ये ही मुख्य आवश्यकता है। साधन सुविधाओं की आवश्यकता इनके बाद आती है। ऐसे अनेक उदाहरण हैं कि अनेक साधन-सुविधाओं के उपरांत भी कई व्यक्ति अपना विकास नहीं कर पाते हैं और जिनके पास पर्याप्त साधन नहीं है फिर भी ये अपनी प्रतिभा का प्रर्याप्त विकास कर पाए और इतिहास बनाकर चले गए। इससे स्पष्ट हो गया कि साधन ही मुख्य नहीं है। आज देश में भारतीय प्रतिभा का समुचित विकास नहीं हो पा रहा है, तो इसके लिये अधिकतर व्यक्ति साधनों के अभाव को दोष दे रहे हैं, किन्तु यह पूर्ण सत्य नहीं है।



कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार

मूल बात तो यह है कि भारतीय जन जीवन में जो विकृतियां इन दिनों व्याप्त हो रही हैं, उनमें ही एक विकृति अपनी विचार विपन्नता की है। अक्सर सुना जाता है कि हम भी बहुत कुछ कर लेते, किंतु हमारे पास साधन नहीं हैं। आलस्य और प्रमाद एक बहाना चाहता है। साधन के अभाव का बहाना आसानी से मिल जाता है। अतः उसे दुहराते रहेंगे और अपने विकास को कुंठित करते रहेंगे।

देश-विदेश के आविष्कारों और श्रेष्ठ आदर्शों का अध्ययन करें, तो यही स्पष्ट होता है कि जितने भी आविष्कार हुए या जो महत्वपूर्ण कार्य हुए, वे अभावों के बीच हुए। साधन संपन्नता से नव सर्जन के द्वार बंद ही हुए हैं खुले नहीं, हां अभावों में अवश्य विकास की किरण जगती हुई दिखाई दी है।

मानव के पास अपना मस्तिष्क और अपनी देह है। ये ही अनमोल सिद्धियां हैं। ये उपलब्ध हैं तो फिर अन्य साधनों का क्या? वे तो मिले या न मिले। मस्तिष्क स्वस्तः मानव के विकास का मार्ग प्रशस्त कर देता है। करोड़ों का घन भी जो सफलता नहीं दे सकता, मस्तिष्क वह सफलता प्रदान कर ही देता है। अपने मस्तिष्क में विकृत विचार न हों और सम्यक् कार्य विधि हों तो बढ़ते हुए प्रगति चरण कोई नहीं रोक सकता। आत्मविश्वास बड़ी चीज है। धैर्य और दक्षता के साथ अपने कदम बढ़ाएं तो साधन अनायास ही सामने उपस्थित रहेंगे।

हम जो मन में आया उसे तत्काल पूर्णता पूर्वक पा लेना चाहते हैं। भावनाओं का तीव्र ज्वार उमड़ता है अभिष्ट को पा लेने को, किंतु क्या उसी समय वह सब कुछ मिल पाता है? स्पष्ट है अभिष्ट तो उपलब्ध नहीं होता, किंतु निराशाएं अवश्य हाथ लगती हैं। वह निराशा जीवन को उत्साह हीन और भंद बना देती है।

आज अनेक व्यक्ति असफलता की कुंठा से ग्रस्त हैं। वे निराश हैं उन्हें कुछ करना सूझता नहीं। उन्हें चाहिए कि वे अपने कार्यों में ढूंढे कि कमी कहां रही। वह देखें और अपना प्रयास फिर शुरू करें। सारी कमियों को दूर कर उत्साहपूर्वक अपने प्रयास करते रहें। सफलता आपके चरण चूमने लगेगी। निराशा और पैर्यहीनता जीवन के सबसे बड़े दोष हैं। ये मानव को भीतर से पंगु बना देते हैं। अतः इन दोषों से अपने आप को बचा लेना चाहिए। कठिन से कठिन प्रसंग में भी हम धैर्य रख सकें यह एक महान बात होगी।

# बलूचिस्तान के विद्रोह में महिला फिदायीन

**21 साल की हवा बलोच और 24 साल की आसिफ मेंगल ने सुरक्षा बलों से जंग में लोहा लेते हुए अनेक सैन्यकर्मियों के चीथड़े उड़ा दिए। हवा ने सुरक्षाकर्मियों से सीधा मुकाबला किया, वहीं आसिफा ने नोशकी में आईएसआई के मुख्यालय पर वाहन बम में सवार होकर फिदायीन हमला किया।**

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में अब महिलाओं ने भी कंधे से कंधा मिलाकर बलूच नागरिकों के दमन चक्र के विरुद्ध मोर्चा खोल लिया है। बलूचिस्तान लिबरेशन अर्मी (बीएलए) ने दावा किया है कि पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के खिलाफ 31 जनवरी से शुरू किए गए हेरोफ फेज-2 में 200 से अधिक पाक सुरक्षाकर्मी मारे गए हैं और 17 को कब्जे में भी ले लिया है। इस आपरेशन की मुख्य उपलब्धि दो आत्मघाती विद्रोही बालाओं की हैरतअंगेज कहानी सामने आई है। इनमें 21 साल की हवा बलोच और 24 साल की आसिफ मेंगल ने सुरक्षा बलों से जंग में लोहा लेते हुए अनेक सैन्यकर्मियों के चीथड़े उड़ा दिए। हवा ने जहां सुरक्षाकर्मियों से सीधा मुकाबला किया, वहीं आसिफा ने नोशकी में स्थित आईएसआई के मुख्यालय पर वाहन बम में सवार होकर फिदायीन हमला किया। इसे बलूचिस्तान में दो दशकों का सबसे बड़ा हमला बताया जा रहा है। बीएलए ने इस घटनाक्रम के सत्यापन के लिए हवा बलोच का एक वीडियो भी जारी किया है, जो उनके द्वारा किए हमले से ठीक 12 घंटे पहले का बताया गया है। पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ ने इन हमलों में महिला लड़ाकों की उपस्थिति की पुष्टि की है।



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

बलूचिस्तान में यह संकट खुद पाकिस्तान की नाकामियों का नतीजा है। महिला आत्मघाती हमले जता रहे हैं कि अब विद्रोहियों ने मर-मिटने की कसम खा ली है। चूंकि पाकिस्तान के पास इन विद्रोहियों से मुकाबला करने का पर्याप्त साहस नहीं है, इसलिए वे हमलों के पीछे भारत का हाथ बताकर भारत विरोधी झूठा नैरेटिव पाकिस्तान से लेकर विदेशी मंचों पर भी गढ़ रहा है। यह खीज उसकी असहायता दर्शाती है। पाकिस्तान के इस झूठ के दुराचरण से दुनिया परिचित है, इसलिए सब जानते हैं कि पाक के ये षड़यंत्रकारी प्रपंच और नापाक इरादे हैं, इसलिए उसे कहीं से भी समर्थन नहीं मिल पा रहा है। पाकिस्तान इस तरह के आडंबर इसलिए भी रचता है, क्योंकि वह अनेक आंतरिक चुनौतियों से झूझ रहा है। अर्थव्यवस्था चौपट है और गरीबी सुरसामुख की तरह बढ़ रही है।

अफगानिस्तान भी सीमाई क्षेत्रों में पाक के लिए संकट का सबब बना हुआ है, जबकि वह इस्लामिक देश है। अफगानिस्तान पाक के विरुद्ध इसलिए है, क्योंकि अफगानिस्तान पर सैन्य हमलों के लिए अमेरिका के लिए जगह पाकिस्तान ही देता रहा है। अतएव अफगानियों के साथ-साथ बलूच पाक के लिए जानलेवा नासूर साबित हो रहे हैं, इसलिए विश्व मंचों पर उठाए सवालों के प्रतिउत्तर में भारत ने कह दिया है कि पाक अपनी आंतरिक विफलताओं को भारत पर न थोपे। उसे अब लंबे समय से चली आ रही अपने नागरिकों की मांगों का समाधान करना होगा। भारत को किसी भी स्तर पर उसकी नापाक इच्छा कभी भी पूरी नहीं होगी।

दरअसल पाकिस्तान अपने गिरेबान में झांकने के बजाय भारत पर आरोप मढ़ने में लगा रहता है, जबकि दुनिया जानती है कि पाकिस्तान की सुरक्षा एजेंसियों द्वारा लश्कर-ए-तैयबा और आईएसकेपी जैसे आतंकी संगठनों को बीएलए के खिलाफ खड़ा किया गया है। लश्कर-ए-तैयबा भारत पर भी अनेक आतंकी हमलों में शामिल रहा है, लेकिन भारत तो छोड़िए बलूच में भी पाक सेना बलूच विद्रोहियों के विरुद्ध कमजोर पड़ रही है। इस कारण सरकार और सेना दोनों ही हताश है। विदेशी मामलों के विशेषज्ञों का मानना है कि बीएलए वास्तव में अब एक जन आंदोलन के रूप में दिखाई दे रहा है, जिससे मुकाबला करना सरकार और सेना के लिए कठिन हो रहा है।

बलूचिस्तान के सामाजिक कार्यकर्ता जिब्रान नासिर ने सोशल मीडिया पर एक संदेश साझा करके पाक सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा है कि 'बलूचिस्तान जल रहा है और पाक जिम्मेदारी से बचने की मानसिकता के चलते यहां हालात और खराब कर रहा है। पाक को बलपूर्वक शांति स्थापित करने की बजाय बातचीत पर जोर देना चाहिए।' पाक की इस बर्बरतापूर्ण मानसिकता के चलते प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया के अनुसार पाकिस्तान में इस साल 28 प्रतिशत आतंकी हमले बढ़े हैं और इस साल जनवरी माह में ही इन हमलों से होने वाली मौतों का प्रतिशत 43 बढ़ गया है।

पाक की पीआईसीएसएस रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी में कुल 361 लोग मारे गए हैं, जिनमें 242 आतंकवादी, 73 नागरिक और 46 सेना के जवान हैं। जबकि बीएलए का दावा है कि आपरेशन हेरोफ के दूसरे चरण में बलूच विद्रोहियों ने पाक सेना के 310 सैनिक मार दिए हैं।

# जब मृत्यु शैया पर लेटे भीष्म पितामह के ज्ञान देने पर हंस पड़ीं द्रौपदी

जीवन में कभी-कभी ऐसी स्थिति आ जाती है, जब यह तय करने में कठिनाई होती है कि क्या किया जाए, क्या न किया जाए? इसे असमंजस का भाव कहा जाएगा। महाभारत में दो नाम ऐसे आते हैं, जिन्हें असमंजस की स्थिति से गुजरना पड़ा था। पहला नाम भीष्म पितामह का लिया जाता है। भरी सभा में द्रौपदी का चीरहरण दुर्योधन कर रहा था, लेकिन भीष्म पितामह इस अपमानजनक घटना पर बोल नहीं पा रहे थे।



सलिल पाण्डेय
मिर्जापुर

असमंजस की हालत का बयान तब उन्होंने किया जब वे शरशय्या पर लेटे थे और श्रीकृष्ण के साथ पांचों पांडव तथा द्रौपदी उनके पास पहुंचे और भीष्म ज्ञान देने लगे, तो द्रौपदी हंस पड़ी। इस पर भीष्म ने हंसने का कारण पूछा तो द्रौपदी ने कहा, 'जब चीरहरण हो रहा था, तब आपका ज्ञान कहां चला गया था?' इस पर भीष्म ने उत्तर दिया, 'द्रौपदी उन दिनों मैं दुर्योधन का अन्न खाता रहा, जिससे दूषित रक्त बन रहा था। जब अर्जुन ने अपने वाणों से उस रक्त को बाहर कर दिया, तब मैं यह ज्ञान दे रहा हूं।


इसी तरह असमंजस युद्ध के मैदान में अर्जुन को भी हो गया था। अपने ही परिवार का वध करने से अर्जुन बचना चाह रहे थे, लेकिन अर्जुन के इस असमंजस की स्थिति को श्रीकृष्ण ने अपने उपदेशों के जरिए खत्म किया और युद्ध के लिए तैयार किया।

इन घटनाओं को लौकिक जीवन में भी देखने को मिलता है। भीष्म पितामह की तरह बड़े-बड़े ओहदे पर बैठे लोग अपने स्वार्थ में गलत को भी सही मानने के लिए मजबूर हो जाते हैं और जब कभी संकट में पड़ते हैं तब अपने बचाव में यही कहते हैं कि उन पर बहुत प्रेशर पड़ रहा था कि गलत को भी सही कहा जाए। यह स्थिति स्वीकार करने योग्य नहीं होती कि प्रेशर में 'हां में हां' मिलाना पड़ रहा था। सचाई तो यह है कि जब कभी अंतरात्मा से आवाज़ उठे कि क्या गलत है और क्या सही, तभी निर्णय लेकर अलग हो जाना चाहिए।

इसी तरह अर्जुन का असमंजस में पड़ना उचित इसलिए नहीं था, क्योंकि यदि अर्जुन युद्ध के मैदान से अलग हो जाते तो समाज व्याप्त दुर्योधन की बुराई समाप्त न होती। लौकिक जीवन में भी यदि कोई अपराध करता है तो उसे अपना समझ कर छोड़ा नहीं जा सकता। उसे दंड देना ही पड़ता है।

# सेब से खेजड़ी तक: विकास बनाम पर्यावरण की एक सी लड़ाई

केंद्र सरकार ने हाल ही में कश्मीर में प्रस्तावित तीन रेलवे परियोजनाओं पर रोक लगाकर एक महत्वपूर्ण संदेश दिया है। यह फैसला सेब के बागों को बचाने के लिए लिया गया है, जिन पर इन रेल लाइनों के निर्माण से सीधा खतरा मंडरा रहा था। यह कदम न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय है, बल्कि उन किसानों के लिए भी बड़ी राहत है, जिनकी आजीविका सेब के बागों पर निर्भर है।



प्रस्तावित रेलवे लाइनों के कारण पुलवामा, शोपिया और अनंतनाग जैसे इलाकों में सेब के हजारों पेड़ों के कटने की आशंका थी। ये इलाके कश्मीर के सेब उत्पादन का केंद्र हैं और वहां की ग्रामीण अर्थ व्यवस्था की रीढ़ माने जाते हैं। बीते एक साल से किसान इस डर में जी रहे थे कि विकास के नाम पर उनकी जमीन और रोजगार छिन जाएगा। इसी आशंका के चलते किसानों ने विरोध प्रदर्शन भी किए और सरकार से इन परियोजनाओं को रद्द करने की मांग की। रेल मंत्री ने स्पष्ट किया कि जम्मू-कश्मीर सरकार और राज्य के सांसदों की सिफारिश पर इन परियोजनाओं को रोका गया है, ताकि बागों को नुकसान से बचाया जा सके। यह निर्णय इस बात की मिसाल है कि यदि सरकार चाहे, तो वह विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बना सकती है। पर बड़ा सवाल यह है कि क्या यही संवेदनशीलता देश के अन्य हिस्सों में भी दिखाई जा रही है?



अमरपाल सिंह वर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

इस सवाल के जवाब में राजस्थान के बीकानेर में चल रहा 'खेजड़ी बचाओ-प्रकृति बचाओ' आंदोलन ध्यान खींचता है। यह आंदोलन राजस्थान में सौर ऊर्जा परियोजनाओं के नाम पर हो रही पर्यावरणीय क्षति के विरोध में खड़ा हुआ है। इस आंदोलन के तहत पर्यावरण संघर्ष समिति ने बीकानेर में तीन दिन पहले महापड़ाव डाला है। महापड़ाव स्थल पर आमरण अनशन पर पहले 363 पर्यावरण प्रेमी बैठे, जिनकी संख्या बाद में 450 हो गई। इनमें 29 संत, एक साध्वी और 68 महिलाएं हैं। अनशन पर 18 के युवा से लेकर 80 साल तक के बुजुर्ग बैठे हुए हैं। तीसरे दिन आमरण अनशन पर बैठे 17 अनशनकारियों की तबीयत बिगड़ गई। तीन को गंभीर हालत में हॉस्पिटल में भर्ती करवाना पड़ा। अब अनशन स्थल पर 75 बेड के दो अस्थायी अस्पताल बनाए गए हैं। यह आंदोलन राजस्थान में खेजड़ी बचाने किया जा रहा है। अनशनकारियों की बिगड़ती तबीयत और अस्थाई अस्पतालों की व्यवस्था इस आंदोलन की गंभीरता को दर्शाती है।

राजस्थान आज देश में सौर ऊर्जा का बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर और जोधपुर जैसे जिलों में बड़े पैमाने पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जा रहे हैं। सरकार और कंपनियों का दावा है कि इससे भविष्य की ऊर्जा जरूरतें पूरी होंगी और देश का ऊर्जा परिदृश्य बदलेगा, लेकिन इस विकास की कीमत क्या है, इस पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

पर्यावरण कार्यकर्ताओं का आरोप है कि सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए राजस्थान में पिछले एक दशक में लाखों पेड़ काटे गए हैं। इनमें खेजड़ी जैसे पारंपरिक और जीवनदायी वृक्ष भी शामिल हैं। खेजड़ी को राजस्थान में 'कल्प वृक्ष' का दर्जा प्राप्त है। यह न केवल मरुस्थलीय पर्यावरण को संतुलन देता है, बल्कि इससे सांगरी जैसी सब्जी, पशुओं के लिए चारा और ग्रामीण समुदाय की आजीविका भी जुड़ी हुई है। जन्म से मृत्यु तक के सामाजिक संस्कारों में भी खेजड़ी की मौजूदगी अपरिहार्य है।

महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के पर्यावरण विभाग के प्रो. अनिल छंगाणी की स्टडी में यह तथ्य उजागर हुआ है कि सोलर लगाने के लिए 10 साल में 50 लाख पेड़ काटे जा चुके हैं। इनमें खेजड़ी, बेर, केर, रोहिड़ा, बबूल आदि शामिल हैं। अध्ययनों में यह भी सामने आया है कि सौर प्लांटों के आसपास का तापमान औसतन 4-5 डिग्री तक बढ़ जाता है। पेड़ों की कटाई से कीट-पतंगों, मधुमक्खियों, पक्षियों और अन्य जीवों के आवास नष्ट हो रहे हैं। गोंद और चारे की उपलब्धता घट रही है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर सीधा असर पड़ रहा है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

**न्यूज ब्रीफ**

### मानसिक तनाव से ग्रस्त युवक लापता

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार** : बदोसरांय थाना क्षेत्र में एक हादसे में पैर टूटने के बाद से मानसिक रूप से परेशान चल रहा युवक घर से अचानक गायब हो गया। परिजनों ने मामले में गुमशुदगी दर्ज कराई है। बदोसरांय निवासी दीपचन्द उर्फ प्रदीप यादव ने पुलिस को बताया कि उनका छोटा भाई संदीप कुमार यादव (32) गत 5 फरवरी की शाम लगभग 4 बजे घर से बिना बताए कहीं चला गया। परिजनों के मुताबिक संदीप कुमार का पैर टूटा हुआ था, जिसके कारण वह मानसिक तनाव में भी चल रहे थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### भ्रष्टाचार की जांच की मांग, सौंपा ज्ञापन

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार** : भारतीय किसान यूनियन (धर्मेंद्र गुट) के राष्ट्रीय महासचिव राम सुरेश तिवारी ने 10 फरवरी को थाना टिकैतनगर क्षेत्र के दुल्हादेपुर में प्रस्तावित मुख्यमंत्री कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय समस्याओं व भ्रष्टाचार के मामलों की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। भाकियू (धर्मेंद्र) के राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने इस संबंध में जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए तहसील रामसनेहीघाट में लंबे समय से व्याप्त अनियमितताओं और जनसमस्याओं से अवगत कराया।

### शारीरिक शोषण के आरोपी पर मुकदमा

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार** : शादी का झांसा देकर आठ साल से महिला का शारीरिक शोषण करने वाले पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। थाना लोनीकटरा के एक गांव निवासी एक महिला ने पुलिस से की गई शिकायत में थाना क्षेत्र के ही निवासी अवधेश सिंह पर आठ वर्ष से शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने व गर्भपात कराने का आरोप लगाया है।

# कोर्ट से चकमा देकर मुल्जिम फरार

## हत्या के मुकदमे में पेशी पर आया था, तलाश में जुटीं पुलिस की टीमें

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार** : सुबेहा थाना क्षेत्र में हुई हत्या के मुकदमे में कोर्ट पर पेशी के लिए आया मुल्जिम कोर्ट मोहर्रिर को चकमा देकर फरार हो गया। उसके फरार होते ही कोर्ट परिसर में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही सीओ, कोतवाल व पुलिस बल पहुंच गया और सिरे से फरार मुल्जिम की तलाश शुरू हो गई, हालांकि देर शाम तक उसका पता नहीं लग सका था।

बताते चलें कि सुबेहा थाना क्षेत्र के ग्राम अहिरन सरैंया मजरे रोहना मीरापुर में वर्ष 2016 में हत्या की वारदात हुई थी। इसका मुकदमा अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या दो


जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार

में चल रहा था। इस मामले में निर्णय का समय भी आ गया था। अपर जिला जज कोर्ट में आरोपी सूरज निवासी रोहना मीरापुर को दोषसिद्ध करार दिया गया, इसके बाद न्यायालय को सजा सुनानी थी। बता दें कि इस मुकदमे में सूरज के पिता मटरू व चाचा गदरू भी आरोपी हैं, जिनमें एक की जमानत ही नही हुई, शेष दो जमानत पर थे।

आरोपी सूरज अपने अधिवक्ता के साथ पेशी की तय तारीख पर शनिवार कोर्ट गया। लंच के बाद सुनवाई के समय एक मुल्जिम जेल से हाजिर हुआ। सूरज व एक अन्य जमानत पर थे, इसलिए यह मुल्जिम अपने वकील के साथ गए। न्यायाधीश ने सुनवाई के बाद इन सबको दोषी करार दिया और हिरासत में लेने के साथ ही कोर्ट मोहर्रिर से वारंट बनाने का आदेश दिया। इधर कोर्ट मोहर्रिर वारंट बनाने में लग गए, उधर मौका पाकर मुल्जिम सूरज फरार हो गया। पता चलते ही अदालत ने सूरज के पिता व चाचा को जेल भेज दिया जबकि फरार आरोपी को शीघ्र तलाश करने को कहा। कुछ ही देर में दोष सिद्ध मुल्जिम के फरार होने की खबर फैल गई और क्षेत्राधिकारी संगम कुमार, शहर कोतवाल सुधीर कुमार सिंह पुलिस बल के साथ कोर्ट पहुंच गए। इसके बाद फरार सूरज की सरगर्मी से तलाश शुरु की गई। हालांकि सूरज देर शाम तक पुलिस की पकड़ में नहीं आ सका था। सीओ संगम कुमार ने बताया कि फरार मुल्जिम की तलाश की जा रही है, अभी उसका कुछ पता नहीं चला है।

## पुलिस ने तीन लुटेरों को दबोचा

**बाराबंकीः अमृत विचार** : थाना कुर्सी पुलिस टीम ने 3 शातिर अन्तर्जनपदीय लुटेरों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से लूट व चोरी के सोने व चांदी के गहने, नकदी, घटना में प्रयुक्त 2 मोटरसाइकिल व एक तमंचा मय कारतूस बरामद किया है।

पुलिस टीम द्वारा मो. वाहिद, मो. अतीक व शाने आलम को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से लूट व चोरी के सोने व चांदी के गहने, 12,200 रुपये, 2 मोटरसाइकिल व एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। पूछताछ से पता चला कि इनका एक शातिर गिरोह है जो दुकानों व राह चलते महिलाओं के साथ लूट व चोरी की घटनाओं को अंजाम देते है।

## छत से नीचे गिरे मजदूर की मौत

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार** : लोहे का सरिया तार में छू जाने से करंट लगने से छत से नीचे गिरे मजदूर की मौत हो गई। श्रमिक निर्माणाधीन मकान की छत पर जाल बंधवा रहा था। नरायनभारी के मजरे पनवारी कुटी निवासी हरिश्चंद्र (25) शनिवार निर्माणाधीन मकान में मजदूरी करने गया था। मकान की छत ढालने के लिए सरिया का जाल तैयार किया जा रहा था। छत के ऊपर से गुजरे तार की चपेट में आकर हाथ में मौजूद सरिया बिजली के तार में छूने ही करंट लगने से हरिश्चंद्र छत से नीचे गिर पड़ा। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान हरिश्चंद्र ने दम तोड़ दिया।

# कलेक्ट्रेट में अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

**बाराबंकी, अमृत विचार** : जिला बार एसोसिएशन के बैनर तले वकीलों का टोल माफ करने आदि मांगों को लेकर अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। एडीएम को दिए गए ज्ञापन में मांगों के शीघ्र निस्तारण की मांग की गई है।

अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा की अगुवाई में हुए प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता प्रोटेक्शन कानून लागू करने, बाराबंकी को अयोध्या मंडल से हटाकर लखनऊ मंडल में शामिल करने, अहमदपुर और हैदरगढ़ स्थित टोल प्लाजा पर अधिवक्ताओं का टोल टैक्स माफ करने तथा कलेक्ट्रेट परिसर में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की मांग रखी गई। डीएम के तहसील दिवस में व्यस्त


मांगों के समर्थन में प्रदर्शन करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

होने के कारण एडीएम निरंकार सिंह ने ज्ञापन प्राप्त किया। प्रदर्शन में रितेश मिश्रा, पवन मिश्रा, मनोज सिंह, देवराम यादव, अनुराग शुक्ला, नवीन रस्तोगी, पंकज रावत, राहुल वर्मा, देशराज वर्मा, बृजेश वर्मा, उदयभान वर्मा, सीबी सिंह, रमन द्विवेदी, राहुल मिश्रा, ज्ञान सिंह, रवि यादव, दिवाकांत रावत, जुहेर दानिश, अकरम भारती, कुलदीप शैनी, राजेश सिंह, निधीस सिंह, कौशल किशोर त्रिपाठी, शैलेन्द्र वर्मा, प्रणय बाजपेयी, अनिल यादव, अमित वर्मा, रोहित यादव, संजय यादव आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# नशे से दूर रहने का लें संकल्प

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार** : शनिवार को ब्लॉक मुख्यालय पर आयोजित कर्मयोग एवं नशा निषेध एवं विकसित भारत संगोष्ठी को संबोधित करते हुए समाज कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव एल. वेंकटेश्वर लू ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति बल्कि उसके परिवार, समाज और राष्ट्र के लिए भी हानिकारक है।

उन्होंने बताया कि नशा व्यक्ति के दिमाग और व्यवहार में असामान्य परिवर्तन लाता है, उसकी मानसिक और शारीरिक क्षमता घटाता है और नैतिक पतन को बढ़ावा देता है। प्रमुख सचिव ने लोगों से अपील की कि वे सभी प्रकार के नशीले पदार्थों से जीवनभर दूर रहने का संकल्प लें। सीडीओ ए. सुदन ने कहा कि


कार्यक्रम को संबोधित करते प्रमुख सचिव एल. वेंकटेश्वर लू। ● अमृत विचार

नशामुक्त समाज तभी संभव है जब हर व्यक्ति पहले स्वयं जागरूक हो। संगोष्ठी में उपनिदेशक समाज कल्याण अयोध्या मण्डल राकेश रमन, ब्लॉक प्रमुख राईस आलम, खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव, जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ नीलम सिंह, समाज कल्याण विकास अधिकारी अभिलाषा त्रिपाठी, पंचायत अधिकारी संजीव कुमार सिंह सहित कई अधिकारी और नागरिक उपस्थित रहे।

# मजार रोड पर पुलिस का कड़ा पहरा

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार** : मजार के मुख्य द्वार पर श्रद्धालु के माथे का टीका जबरन धुलवाने की घटना के बाद पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए मजार रोड पर एक्शन लिया। भारी पुलिस बल के साथ चलाए गए इस अभियान से अतिक्रमणकारियों और मनमानी करने वाले दुकानदारों में हड़कंप मच गया।

इंस्पेक्टर देवा अजय कुमार त्रिपाठी व एसएसआई धर्मेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में कौमी एकता द्वार से लेकर मजार गेट तक सघन अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क और पैदल मार्ग पर अवैध रूप से कब्जा जमाए दुकानदारों, ठेला-फेरी वालों को खदेड़कर रास्ता खाली कराया गया। पुलिस


दरगाह परिसर में मौजूद थाना प्रभावी व भारी पुलिस बल। ● अमृत विचार

ने मजार के मुख्य द्वार के बाहर मौजूद स्थाई व अस्थाई सिन्नी और प्रसाद विक्रेताओं को चेतावनी दी कि अब यदि किसी भी श्रद्धालु से जबरन सामान खरीदने का दबाव बनाया गया या अभद्रता की गई तो जेल भेजा जाएगा। मौके पर ही कई दुकानदारों को कड़ी फटकार भी लगाई गई। इंस्पेक्टर अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मजार रोड पर सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

# डंपर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**निन्दूरा, बाराबंकी, अमृत विचार** : कुर्सी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ–महमूदाबाद मार्ग पर ग्राम बसरा गांव स्थित कपूर कोल्ड स्टोरेज के सामने शुक्रवार को तेज रफ्तार अज्ञात डंपर ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से एक की मौके पर ही मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डंपर टक्कर मारने के बाद मौके से फरार हो गया। हादसे में गुड्डू और इब्राहिम निवासी नई बस्ती कस्बा कुर्सी घायल हुए। गंभीर चोटों के चलते गुड्डू की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि इब्राहिम की हालत नाजुक बताई जा रही है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई, लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि घटना के आधा घंटा बीत जाने के बाद भी एंबुलेंस नहीं पहुंच सकी, जिससे घायल को समय पर इलाज नहीं मिल पाया। इसको लेकर मौके पर लोगों में नाराजगी देखी गई।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है और अज्ञात डंपर की तलाश की जा रही है।

## कार की टक्कर से शिक्षक की मौत

**बाराबंकी, अमृत विचार** : सफदरगंज क्षेत्र में शनिवार को कार की टक्कर से बाइक सवार शिक्षक की मौत हो गई। पल्हरी गांव निवासी शिवकुमार यादव (43) विकास खंड पूरेडलई के एक विद्यालय में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात थे। शनिवार को उनके घर मांगलिक कार्यक्रम था। दोपहर के समय बाइक से खरीदारी करने बाराबंकी जा रहे थे। पशु बाजार के पास कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वे घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। पत्रकार जितेंद्र मौर्य ने एम्बुलेंस बुलवाई और शिक्षक को जिला अस्पताल पहुंचाया। उपचार के दौरान शिवकुमार यादव की मौत हो गयी।

# हर वोट की रक्षा नैतिक दायित्व : गोप

**बाराबंकी, अमृत विचार** : जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आयोजित जिला बैठक में सपा के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने कहा कि नेता और कार्यकर्ता के बीच संघर्ष व समर्पण का अटूट बंधन ही संगठन की मजबूती की नींव होता है। उन्होंने कहा कि जनपद में चल रही एसआईआर प्रक्रिया में कार्यकर्ताओं ने परिश्रम से विपक्ष के मंसूबों को नाकाम किया है, लेकिन अभी फॉर्म-7 के दुरुपयोग को रोकना बड़ी चुनौती है। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशों का पालन करते हुए प्रत्येक बूथ पर एक-एक वोट की सुरक्षा करने और पात्र मतदाताओं के वोट


बैठक को संबोधित करते पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप। ● अमृत विचार

बढ़ाने पर जोर दिया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद व संचालन जिला महासचिव हिमांशु यादव ने किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि निष्पक्ष चुनाव के लिए निष्पक्ष वोटर लिस्ट जरूरी है और फर्जीवाड़े को रोकना सभी की जिम्मेदारी है। बैठक में पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, राजेंद्र वर्मा, हुमायूं नईम खान, सुरेश चंद्र गौतम सहित महिला सभा, विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, ब्लॉक व बूथ अध्यक्षों समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने फॉर्म-7 में हो रही कथित धोखाधड़ी रोकने को लेकर एकजुटता दिखाई।

**आस्था** | महादेवा के फाल्गुनी मेले में कई जिलों से पहुंच रहा कांवरियों का जत्था

# हर–हर बम–बम के जयघोष से शिवमय हुआ महादेवा क्षेत्र

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार** : सुप्रसिद्ध लोधेश्वर महादेवा का फाल्गुनी मेला अब धीरे-धीरे अपने चरम की ओर बढ़ने लगा है। मेला क्षेत्र में हर-हर बम-बम के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो चला है। दूर-दराज जनपदों से पैदल और विभिन्न वाहनों के माध्यम से पहुंच रहे कांवरिये पूजन-दर्शन के उपरांत मेला बाग में विश्राम कर रहे हैं। कई जिलों से कांवरियों के जत्थे कंधों पर कांवर लेकर लोधेश्वर महादेव धाम की ओर बढ़ रहे हैं।

शनिवार को कानपुर व उन्नाव क्षेत्र के औरास-बांगरमऊ से 22 कांवरियों का जत्था पहुंचा। महंत गुरुकर्ण और अमरनाथ ने बताया


दूर–दूर से महादेवा पहुंच रहे कांवरिये। ● अमृत विचार

कि वे गुरुवार की रात बिठूर से जल भरकर पैदल यात्रा पर निकले थे और भोलेनाथ की कृपा से सकुशल धाम पहुंच गएजत्थे में शामिल संतोष, सुजीत, झब्बू, अमन, प्रदीप, अवनी और शिवांश ने बताया कि वे पिछले लगभग 13 वर्षों से लगातार कांवर यात्रा कर रहे हैं।

**मेले में अव्यवस्था हावी, श्रद्धालु परेशान** : प्रसिद्ध लोधेश्वर महादेव में चल रहे फगुनी कांवरिया मेले में प्रशासन बेहतर व्यवस्थाओं का दावा कर रहा है, लेकिन मेला मैदान की


मेला क्षेत्र के रास्ते में भरा पानी।

हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने शुक्रवार को निरीक्षण कर समस्या दूर कराने के निर्देश दिए थे, लेकिन शनिवार तक स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। लोधौरा चौराहे से मेला मैदान तक मार्ग कीचड़ और जलभराव से भरा है, जबकि मोबाइल टॉयलेट गंदगी और पानी की कमी के कारण अनुपयोगी हैं। अस्थायी शौचालयों के आसपास भी जलभराव फैला हुआ है, जिससे श्रद्धालु और दुकानदार दोनों परेशान हैं। स्वच्छ पेयजल के लिए कराई गई बोरिंग अभी तक चालू नहीं हुई, और पानी के टैंकर खाली पड़े हैं। पुलिस चौकी के पूरब रैनबसेरा जर्जर हालत में है, वहीं लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई गई सड़क भी दूसरे ही दिन उखड़ने लगी है, जिससे नंगे पैर आने वाले कांवरियों के चोटिल होने का खतरा बना हुआ है।

## स्वस्थ जीवन के लिए व्यवहार में बदलाव जरूरी


स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार** : श्री रामस्वरुप मेमोरियल यूनिवर्सिटी के सीएसआईएस विभाग द्वारा आयोजित स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने बदलती जीवनशैली, फास्ट–फूड संस्कृति और बढ़ते मानसिक तनाव को स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौती बताया। मुख्य वक्ता नई दिल्ली एमसीडी के मेडिकल ऑफिसर डॉ. तरुण शंकर ने कहा कि संतुलित आहार, नियमित दिनचर्या, स्वच्छ आदतें और योग–ध्यान अपनाकर रोगों से बचा जा सकता है। सहारनपुर केंद्रीय स्वास्थ्य योजना के इंचार्ज सीएमओ डॉ. शुभम दिवाकर ने स्वास्थ्य के प्रति व्यक्तिगत जिम्मेदारी को बेहतर समाज की नींव बताया। अध्यक्षता प्रो. बिनीत कुमार गुप्ता व संचालन इंजी. कार्तिकेश तिवारी एवं इंजी. जुलियस ने किया। इस मौके पर शिक्षक एवं छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

## नाले के ढक्कन फिर टूटे, गुणवत्ता पर सवाल

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार** : सुमेरगंज में नालों के निर्माण की गुणवत्ता फिर सवालों के घेरे में है। बुढ़े हनुमान मंदिर के सामने नाले में छह पिल्लों की मौत के बाद लगाए गए ढक्कन कुछ ही दिनों में क्षतिग्रस्त हो गए। कई स्थानों पर टूटे ढक्कनों से खतरा बना हुआ है। लोगों का आरोप है कि ढक्कन कमजोर सामग्री से बनाए गए हैं और भारी वाहनों के गुजरते ही टूट जा रहे हैं। ईओ संतोष कुमार चौधरी ने बताया कि शिकायत मिलने पर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं, धमरेंद्र कसौधन, प्रियांश श्रीवास्तव, चंदन शर्मा, अंजनी साहू, सनी कौशल, राहुल और सुरेंद्र कौशल सहित अन्य नागरिकों ने जांच व मजबूत ढक्कन लगाए जाने की मांग की है।


फिर टूटे नाले के ढक्कन।

## धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। ● अमृत विचार

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार** : प्रयाग पब्लिक जूनियर हाई स्कूल का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इसके बाद बच्चों स्वागत गीत, देशभक्ति नृत्य, लोकनृत्य, समूह नृत्य, कविता पाठ व लघु नाटिकाओं की रंगारंग प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानाध्यापक राजा हिमांशु शर्मा ने कहा कि वार्षिकोत्सव बच्चों के शैक्षिक विकास के साथ उनके व्यक्तित्व निर्माण में सहायक होते हैं। कार्यक्रम में सत्यनाम शर्मा सहित विद्यालय के सभी शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

## मूर्ति स्थापना पर निकली भव्य कलश यात्रा


कलश यात्रा में शामिल डॉ. रमेश सिंह, राधा सिंह व अन्य श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार** : अकबरपुर सैदखानपुर स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में मूर्ति स्थापना पर कलश यात्रा निकाली गई। नेतृत्व डॉ. रमेश सिंह एवं राधा सिंह ने किया। यात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर गांव के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुन: मंदिर परिसर में संपन्न हुई। आयोजकों के अनुसार मूर्ति स्थापना कार्यक्रम विधिवत पूजा–अर्चना के साथ संपन्न कराया जाएगा

## आल इंडिया जश्न-ए-अब्बास का आयोजन 14 को

**बाराबंकी, अमृत विचार** : आल इंडिया जश्न–ए–अब्बास का 24वां वार्षिक आयोजन 14 फरवरी को कर्बला सिविल लाइन्स फैजाबाद रोड में शाम 7 :30 बजे होगा। अध्यक्षता मौलाना सैय्यद गुलज़ार हुसैन जाफरी साहब किब्ला अजमेर करेंगे। महफिल का आयोजन अंजुमन गुन्चये अब्बासिया बाराबंकी के तत्वावधान में किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत मौलाना हिलाल अब्बास साहब द्वारा तिलावते कलामे पाक से होगी। मेहमान एजाजी के तौर पर मौलाना मेराज हैदर खा साहब क़िब्ला आज़मी मौजूद रहेंगे। संचालन मशहूर नाजिम ज़ाहिद कानपुरी करेंगे।

## आईडीए अभियान में बच्चों को फाइलेरिया से बचाव का संदेश


कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**बाराबंकी : अमृत विचार** : जिले के सात ब्लॉकों में 10 से 28 फरवरी तक चलाए जाने वाले आईडीए अभियान को सफल बनाने और जन–जागरूकता बढ़ाने के लिए शनिवार को बाल विकास विद्या मंदिर इंटर कालेज कोठी के छात्र–छात्राओं ने विद्यालय परिसर में नाट्य मंचन का आयोजन किया। कार्यक्रम में 12वीं कक्षा के छात्र मोहमद सादिक, आस्था सिंह और सहायक अध्यापक रणविजय वर्मा ने फाइलेरिया बीमारी, इसके लक्षण और बचाव के उपायों पर जानकारी दी। जिला कोर ग्रुप के सदस्य और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जगन्नाथ यादव ने बताया कि सभी का दवा सेवन करना आवश्यक है। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक विक्रम सिंह, सहयोग संस्था सीफार के प्रतिनिधि, शिक्षक और छात्र उपस्थित रहे।

## विधायक ने गिनाईं बजट की उपलब्धियां

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार** : ग्राम भटपुरवा में आयोजित विधानसभा चौपाल कार्यक्रम में विधायक साकेंद्र वर्मा ने केंद्रीय बजट की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मोदी और योगी सरकार ने पिछले 12–13 वर्षों में वह कार्य किया, जो पूर्ववर्ती सरकारें 70 वर्षों में नहीं कर सकीं। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में भी गांवों के विकास की गति नहीं रुकी और सभी योजनाएं जाति, धर्म या मजहब से ऊपर उठकर लागू की गईं। विधायक ने ग्रामीण आवास, शिक्षा, रोजगार और धार्मिक स्थलों के विकास सहित गांव केंद्रित योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य हर व्यक्ति में हुनर का विकास करना है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में विकास की नई धारा बह रही है। उन्होंने सामूहिक विवाह योजना के तहत गरीब बेटियों को अब एक लाख रुपये की सहायता राशि मिलने की जानकारी दी। इस अवसर पर जिला महामंत्री शील रत्न मिहिर, गुरुसरन लोधी, विपुल वैसवार, करुणा शंकर शुक्ल, बाबा हेमंत दास, देशराज वर्मा, विजय यादव, अनुपम निगम, गिरिधर गोपाल गुप्ता, रामचंद्र वर्मा, शिवम वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## समावेशी वृद्धि को दिशा देने वाला बजट : नीति आयोग

**नई दिल्ली।** नीति आयोग के सदस्य अरविंद विरमानी ने कहा कि केंद्रीय बजट कौशल विकास पर जोर देते हुए निरंतर, तेज और समावेशी वृद्धि को दिशा देगा। विरमानी ने जोर दिया कि भविष्य में कौशल विकास और सेवा क्षेत्र देश की तस्वीर बदल देंगे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट में विनिर्माण को बढ़ावा देने के उपाय, वैश्विक डेटा केंद्रों के लिए दीर्घकालिक कर प्रोत्साहन और कृषि व पर्यटन के लिए समर्थन की घोषणा की गई थी।

अमृत विचार
अयोध्या, रविवार, 8 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



### बिजनेस ब्रीफ

#### आरसीपीएल ने जीजीजी में हिस्सेदारी खरीदी

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज की इकाई रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरसीपीएल) ने शनिवार को ऑस्ट्रेलिया स्थित गुडनेस ग्रुप ग्लोबल (जीजीजी) में बहुलांश हिस्सेदारी हासिल की। इस सौदे में बेटर-फॉर-यू पेय व्यवसाय शामिल है, जिसके जरिये आरसीपीएल को ऑस्ट्रेलियाई बाजार में प्रवेश करने और विदेशी उपस्थिति का विस्तार करने में मदद मिलेगी। इस रणनीतिक साझेदारी के तहत, आरसीपीएल भारत सहित नए बाजारों में गुडनेस ग्रुप के प्रमुख स्वास्थ्यवर्धक पेय ब्रांड जैसे नेक्सबा और पेस को बढ़ावा देने में मदद करेगी। कंपनी ने इस अधिग्रहण की राशि और हिस्सेदारी के वित्तीय विवरण का खुलासा नहीं किया है। यह स्वास्थ्य आधारित पेय पोर्टफोलियो विकसित करने के आरसीपीएल के प्रयासों को और मजबूत करती है।

#### एसबीआई का लाभ रिकॉर्ड 21,028 करोड़

**मुंबई।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने शनिवार को तीसरी तिमाही के वित्तीय नतीजे जारी किए, जिसके अनुसार बैंक का एकल लाभ रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच कर 21,028 करोड़ रहा। शेयर बाजार के मुताबिक एकीकृत आधार पर सार्वजनिक बैंक का लाभ 13.06 प्रतिशत बढ़ा है। एकल ब्याज आय (एनआईआई) सालाना आधार पर 9.04 प्रतिशत बढ़कर 45,190 करोड़ रहा। ऋण में 15.14 प्रतिशत की वृद्धि से इसे समर्थन मिला, हालांकि घरेलू शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) 0.03 प्रतिशत घटकर 3.12 प्रतिशत रह गया। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान बैंक की गैर-ब्याज आय 15.65 प्रतिशत बढ़कर 8,404 करोड़ रुपये रही।

#### फिक्स्ड नेटवर्क को नोकिया का केंद्र शुरू

**चेन्नई।** नोकिया ने तमिलनाडु में फिक्स्ड नेटवर्क के लिए दुनिया का अपना सबसे बड़ा अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) केंद्र खोला है, जो दूरसंचार क्षेत्र में राज्य के नेतृत्व को और मजबूत करता है। राज्य के उद्योग मंत्री टीआरबी राजा ने बताया कि फिनलैंड की दिग्गज दूरसंचार कंपनी का यह विस्तार अगस्त 2024 में मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की अमेरिका यात्रा के दौरान तमिलनाडु सरकार के साथ हस्ताक्षरित एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) का परिणाम है। राजा ने पोस्ट कर बताया कि फिक्स्ड नेटवर्क के लिए नोकिया के दुनिया के सबसे बड़े आरएंडडी केंद्र का स्वागत करें।

# 44 अरब डॉलर के अमेरिकी निर्यात पर लगेगा शून्य शुल्क

## द्विपक्षीय समझौते के पहले चरण पर मार्च के मध्य तक हस्ताक्षर होने की उम्मीद

- दोनों पक्ष द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कई वस्तुओं पर करेंगे आयात शुल्क कम
- केंद्रीय उद्योग मंत्री ने कहा- शुल्क में कमी से श्रम-प्रधान क्षेत्रों के निर्यात को तत्काल बढ़ावा मिलेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के तहत अमेरिका को होने वाले लगभग 44 अरब डॉलर के भारतीय निर्यात पर शून्य जवाबी शुल्क लगेगा। इस समझौते पर मार्च के मध्य तक हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। भारत और अमेरिका ने घोषणा की है कि वे एक अंतरिम व्यापार समझौते के ढांचे पर सहमत हो गए हैं, जिसके तहत दोनों पक्ष द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कई वस्तुओं पर आयात शुल्क कम करेंगे। इसके तहत अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर शुल्क को मौजूदा 50 से घटाकर 18 प्रतिशत करेगा, वहीं भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं और अमेरिकी खाद्य एवं कृषि उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला पर आयात शुल्क समाप्त या कम करेगा। इनमें सूखे अनाज, पशु आहार के लिए लाल ज्वार, मेवे, ताजे और प्रसंस्कृत फल, सोयाबीन तेल, शराब और स्पिरिट शामिल हैं।

गोयल ने कहा कि 44 अरब डॉलर मूल्य का भारतीय निर्यात अमेरिका को शून्य जवाबी शुल्क पर जाएगा। जहां 30 अरब डॉलर मूल्य की भारतीय वस्तुओं पर 18 प्रतिशत शुल्क लगता रहेगा (जिसमें श्रम-प्रधान क्षेत्रों की वस्तुएं शामिल हैं), वहीं 12 अरब डॉलर मूल्य की वस्तुओं (इस्पात, तांबा और कुछ वाहन घटक सहित) के शुल्क में कोई बदलाव नहीं होगा। इस्पात, एल्युमीनियम, तांबा और वाहन घटक पर ये शुल्क सभी देशों पर समान रूप से लागू होते हैं। इसलिए ये केवल भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता को प्रभावित नहीं करते हैं। इन उत्पादों पर अमेरिका में 50 प्रतिशत शुल्क लगता है।


भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की जानकारी देते केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, साथ में अन्य लोग।

### अंतरिम को जल्द बदलेंगे बीटीए में

गोयल ने कहा कि शुल्क में कमी से कपड़ा, परिधान, चमड़ा और जूते-चप्पल जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के निर्यात को तत्काल बढ़ावा मिलेगा। जिस अंतरिम समझौते को अंतिम रूप दिया गया है, उसे जल्द ही हमारे संभावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की पहली किस्त में बदल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह समझौता 2030 तक 500 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि दोनों देश एक बहुत ही निष्पक्ष, न्यायसंगत और संतुलित समझौते पर पहुंचे हैं, जो भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी जवाबी शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा। एक कार्यकारी आदेश के जरिये अमेरिका द्वारा 25 प्रतिशत जवाबी शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत किया जाएगा। यह आदेश जल्द ही आ सकता है।

### कई भारतीय उत्पादों पर शून्य शुल्क

गोयल ने कहा कि जेनेरिक दवा, विमान के पुर्जों, वाहन घटक आदि जैसे कई भारतीय उत्पादों पर शून्य शुल्क दिया जाएगा। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में भारतीय निर्यात के लिए व्यापक संभावनाएं खुलेंगी। यह समझौता एमएसएमई, किसानों, मछुआरों, युवाओं, महिलाओं और भारत के प्रतिभाशाली लोगों के लिए अवसर प्रदान करेगा। इससे किसानों और मछुआरों को अमेरिकी बाजार में अपनी उपज की बेहतर कीमत पाने में मदद मिलेगी और भविष्य में कपड़ा और परिधान, रत्न और आभूषण, मशीनरी के पुर्जे, खिलौने, चमड़ा और जूते-चप्पल, घरेलू सजावट, स्मार्टफोन और कृषि के कई क्षेत्रों में भारी वृद्धि होगी।

### अमेरिकी बाइक पर शून्य शुल्क, डेविडसन को होगा लाभ

भारत समझौते के तहत 800-1,600 सीसी और उससे अधिक इंजन क्षमता वाली अमेरिकी बाइकों के लिए शून्य-शुल्क पहुंच देगा। एक अधिकारी ने बताया कि इस कदम से प्रतिष्ठित अमेरिकी ब्रांड हार्ले-डेविडसन को फायदा होगा। पिछले साल सरकार ने पूरी तरह से निर्मित इकाइयों (सीबीयू) के रूप में आयातित 1,600 सीसी तक क्षमता वाली बाइकों पर आयात शुल्क को 50 से घटाकर 40% किया था। दूसरी ओर 1,600 सीसी से अधिक क्षमता वाली बाइकों के लिए शुल्क 50 से घटाकर 30% किया गया था। अधिकारी ने कहा कि शुल्क समाप्ति समझौते के लागू होने के दिन से प्रभावी होगी। भारत हाई-एंड प्रीमियम बाइक के लिए छोटा बाजार है और इस खंड में अमेरिका की हिस्सेदारी बहुत कम है। हीरो मोटोकॉर्प और हार्ले-डेविडसन ने अक्टूबर 2020 में भारतीय बाजार के लिए साझेदारी की घोषणा की थी। इस सौदे के तहत हीरो मोटोकॉर्प को देश में हार्ले-डेविडसन ब्रांड के तहत प्रीमियम बाइकों की श्रृंखला विकसित करने और बेचने की जिम्मेदारी दी गई थी। उसे सर्विस और पुर्जों का ध्यान रखने का भी काम सौंपा गया है।

### बोइंग भारत से विमान के कलपुर्जों का बड़ा खरीदार, समझौते से उत्साहित

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि अमेरिका स्थित बोइंग भारत से विमान के कलपुर्जों की बड़ी खरीदार है। अमेरिकी कंपनी भारत को घटकों के लिए सबसे बड़े विदेशी मूल उपकरण विनिर्माता (ओईएम) आधार के रूप में देख रही है। भारत के साथ समझौते के तहत अमेरिका कुछ विमानों और विमान के कलपुर्जों पर शुल्क हटाने पर सहमत है। गोयल ने कहा, बोइंग और एयरबस पहले से ही भारत से विमान के कलपुर्जों के बड़े खरीदार हैं, दोनों कंपनियां साझेदारी से उत्साहित है। भारत विमान बनाने वाली कंपनी बोइंग के लिए प्रमुख बाजार है और देश में इसके 265 से अधिक वाणिज्यिक और सैन्य विमान हैं। कंपनी के पास 325 से अधिक आपूर्तिकर्ता हैं और देश से इसकी वार्षिक खरीद 1.25 अरब डॉलर की है। इस राशि में कलपुर्जे और सेवाएं शामिल हैं। इसी तरह, एयरबस का लक्ष्य भी 2030 तक भारत से घटकों और सेवाओं की अपनी खरीद को बढ़ाकर दो अरब डॉलर करना है। वर्तमान में यह लगभग 1.4 अरब डॉलर है।

#### भारत-अमेरिका का समझौता अवसर पैदा करेगा: बोइंग

विमान निर्माता कंपनी बोइंग ने कहा कि भारत-अमेरिका समझौता कई अवसर पैदा करेगा। कंपनी ने हमेशा एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्र के लिए जीरो-फॉर-जीरो शुल्क दृष्टिकोण की वकालत की है। बोइंग इंडिया और दक्षिण एशिया के अध्यक्ष सलिल गुप्ते ने कहा कि यह समझौता कई गुना अवसर खोलता है। यह सौदा उस सिद्धांत को विस्तार देने को गति प्रदान करता है, जिससे औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा, राष्ट्रीय सुरक्षा मजबूत होगी और दोनों देशों के लिए लाभ की स्थिति पैदा होगी। बोइंग ने एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्र के लिए शून्य टैरिफ का समर्थन किया है क्योंकि यात्रा, कनेक्टिविटी और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर इसका प्रभाव पड़ता है।

### संवेदनशील कृषि एवं डेयरी उत्पादों पर अमेरिका को रियायत नहीं

भारत ने अंतरिम व्यापार समझौते के तहत मक्का, गेहूं, चावल, सोया, पॉल्ट्री, दूध, पनीर, एथनॉल (ईंधन), तंबाकू, कुछ सब्जियों और मांस जैसे संवेदनशील कृषि एवं डेयरी उत्पादों के मामले में अमेरिका को कोई शुल्क रियायत नहीं दी है और इन क्षेत्रों को पूरी तरह संरक्षण दिया गया है। भारत और अमेरिका ने अंतरिम व्यापार समझौते के लिए रूपरेखा पर सहमत होने की घोषणा की। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एक्स पर कहा कि यह समझौता किसानों के हितों की रक्षा करने और ग्रामीण आजीविका को बनाए रखने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसके तहत मक्का, गेहूं, चावल, सोया, पॉल्ट्री, दूध, पनीर, एथनॉल (ईंधन), तंबाकू, कुछ सब्जियां और मांस सहित संवेदनशील कृषि एवं डेयरी उत्पादों को संरक्षित किया गया है। इन वस्तुओं का संबंध भारत के छोटे और सीमांत किसानों की आजीविका से जुड़ा होने से इन्हें संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है।


उन्होंने कहा कि सभी व्यापार वार्ताओं में किसानों के हित सर्वोपरि हैं और मोदी सरकार किसानों की रक्षा करने और ग्रामीण आजीविका को सुरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### एफटीए में भी कृषि और डेयरी उत्पादों पर आयात शुल्क रियायत नहीं

गोयल ने कहा कि रूपरेखा के माध्यम से भारतीय वस्तुओं के लिए तरजीही पहुंच सुनिश्चित करते हुए, अनाज, फल, सब्जी, मसाले, तिलहन, डेयरी, मुर्गी पालन और मांस सहित कई अन्य संवेदनशील कृषि क्षेत्र को लेकर कोई रियायत नहीं दी गई है। भारत ने अन्य मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) में भी संवेदनशील कृषि और डेयरी उत्पादों पर किसी तरह की आयात शुल्क रियायत नहीं दी है। हाल ही में यूरोपीय संघ, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के साथ मुक्त व्यापार समझौतों को अंतिम रूप दिया गया है। ऐसे व्यापार समझौतों के तहत, कुछ क्षेत्रों में आयात शुल्क को समझौता लागू होने के दिन ही समाप्त कर दिया जाता है, जबकि अन्य क्षेत्रों में इसे धीरे-धीरे कम किया जाता है। कुछ क्षेत्रों में शुल्क घटाया जाता है, जबकि अन्य क्षेत्रों में कोटा आधारित रियायतें प्रदान की जाती हैं। भारत ने हमेशा से ही डेयरी, चावल, गेहूं, मांस, पॉल्ट्री, अनाज, आनुवंशिक रूप से संशोधित खाद्य पदार्थ, सोयामील और मक्का जैसे संवेदनशील क्षेत्रों को अपने व्यापार समझौतों के दायरे से बाहर रखा है। कृषि और पशुपालन जैसी संबद्ध गतिविधियां भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, जो 70 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करती हैं। विकसित अर्थव्यवस्थाओं के विपरीत, जहां कृषि अत्यधिक मशीनीकृत और कॉरपोरेट क्षेत्र के रूप में है, भारत में यह एक बड़ी आबादी की आजीविका का साधन है।

## इलेक्ट्रॉनिक्स, आईपी के लिए अमेरिका के साथ काम कर रहा भारत : वैष्णव

बेंगलुरु, एजेंसी

अमेरिका और भारत के बीच शनिवार को अंतरिम व्यापार समझौते के लिए एक रूपरेखा को अंतिम रूप देने की घोषणा के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत सरकार इलेक्ट्रॉनिक्स और बौद्धिक संपदा (आईपी) से संबंधित मामलों पर अमेरिका के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ी हुई है। भारत-अमेरिका संयुक्त बयान में द्विपक्षीय व्यापार को प्रभावित करने वाली गैर-शुल्क बाधाओं को दूर करने का आह्वान किया गया है। इसमें विशेष रूप से अमेरिकी चिकित्सा उपकरणों और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) वस्तुओं के व्यापार से जुड़ी बाधाओं का उल्लेख है।



- अमेरिकी चिकित्सा उपकरणों और आईसीटी वस्तुओं के व्यापार की बाधाओं को दूर करने का आह्वान

बयान के प्रभाव और इसके अपेक्षित असर पर वैष्णव ने कहा कि वाणिज्य मंत्रालय इस पर विवरण साझा करने वाला नोडल निकाय है, लेकिन जहां तक इलेक्ट्रॉनिक्स का सवाल है, भारत चर्चा में गहराई से शामिल है। मंत्री ने कहा कि हम इलेक्ट्रॉनिक्स और आईपी के मोर्चे पर जुड़े हुए हैं। हम सह-विकास और सह-निर्माण में विश्वास करते हैं। हम आईपी का सम्मान करने में विश्वास करते हैं। हमारा मानना है कि नए उत्पादों, नए विचारों और नई प्रौद्योगिकियों के मामले में भारत के पास पूरी दुनिया को देने के लिए बहुत कुछ है और यह यात्रा बहुत तेज गति से आगे बढ़ रही है। समझौते के लागू होने के छह महीने के भीतर इस बात पर सकारात्मक परिणाम के लिए काम किया जाएगा कि क्या अमेरिकी मानकों या अंतर्राष्ट्रीय मानकों (परीक्षण आवश्यकताओं सहित) को भारतीय बाजार में अमेरिकी निर्यात के उद्देश्यों के लिए स्वीकार किया जा सकता है। भारत और अमेरिका ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) और डेटा सेंटर में उपयोग होने वाली वस्तुओं सहित प्रौद्योगिकी उत्पादों के व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि करेंगे।



# भारत-अमेरिका समझौते पर भाजपा-कांग्रेस में ठनी

## देश की आर्थिक वृद्धि के खिलाफ रहती है कांग्रेस : भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने शनिवार को कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता देश के लिए काफी लाभकारी होगा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह हमेशा देश की आर्थिक वृद्धि के खिलाफ रहती है। भाजपा की यह टिप्पणी कांग्रेस के बयान के बाद आई है।



- जयराम रमेश की टिप्पणी पर किया पलटवार

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने जयराम रमेश की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए दावा किया कि मोदी के नेतृत्व में भारत को वैश्विक स्तर पर समझौता करने वाले के रूप में उभरते देखकर कांग्रेस असहज है। भंडारी ने एक्स पर सवाल किया कि कांग्रेस भारत के लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई), किसानों और अर्थव्यवस्था के विकास का हमेशा विरोध क्यों करती है? कांग्रेस यह पचा नहीं पा रही है कि मोदी के नेतृत्व में भारत ने यूरोपीय संघ और अब अमेरिका के साथ बड़े समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे हमारे किसानों, निर्यातकों और एमएसएमई के लिए 30 ट्रिलियन डॉलर का आर्थिक अवसर पैदा हुआ है।

भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि यह समझौता देश की महिलाओं और युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर पैदा करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने अमेरिका के साथ एक अंतरिम व्यापार समझौते के लिए रूपरेखा तैयार की है। ये कदम भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धा को मजबूत करते हैं, मेक इन इंडिया को बढ़ावा देते हैं और वस्त्र एवं चमड़ा से लेकर रसायन, मशीनरी और हस्तशिल्प उत्पादों तक के क्षेत्रों के लिए अवसरों का विस्तार करते हैं। भारत के संवेदनशील कृषि और डेयरी क्षेत्रों को दी सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि वैश्विक व्यापार के बावजूद किसानों के हितों और ग्रामीण आजीविका की रक्षा हो।

## समझौता दबाव में, मोदी ने कर दिया समर्पण : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार दावा किया कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते से भारत को फायदा नहीं हुआ, बल्कि अमेरिका का लाभ हुआ है क्योंकि यह समझौता दबाव में किया गया और प्रधानमंत्री मोदी ने समर्पण कर दिया।



- कांग्रेस का दावा- व्यापार समझौते से भारत को फायदा नहीं

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि नमस्ते ट्रंप, हाउडी मोदी पर भारी पड़ गया है। नमस्ते ट्रंप और हाउडी मोदी ट्रंप के पिछले कार्यकाल के दौरान भारत एवं अमेरिका के रिश्तों से जुड़े दो बड़े राजनीतिक–कूटनीतिक कार्यक्रम थे,जिनका आयोजन क्रमशः अहमदाबाद और ह्यूस्टन में हुआ था। रमेश ने कहा कि अभी तक इस समझौते के विवरण घोषित नहीं किए गए हैं, उनके बारे में शायद आने वाले कुछ महीनों में बताया जाए। लेकिन जो संयुक्त बयान जारी हुआ है, उससे कुछ बातें बिल्कुल साफ़ हैं। पहली, हम अमेरिका से आने वाले कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क को खत्म करेंगे या कम करेंगे। यह साफ़ तौर पर अमेरिकी किसानों के लिए फ़ायदे की बात है, भारतीय किसानों के लिए नहीं। उन्होंने कहा कि दूसरी बात, जो बिल्कुल स्पष्ट है, वह यह है कि हम रूसी तेल का आयात बंद करने जा रहे हैं और अलग से अमेरिकी सरकार ने यह भी ऐलान कर दिया है कि अगर हम रूस से सीधे या परोक्ष रूप से तेल आयात करते हैं, तब भी हम पर 25 प्रतिशत का दंडात्मक शुल्क लगाया जाएगा। रमेश ने एक्स पर व्हाइट हाउस के एक बयान का स्क्रीनशॉट साझा करते हुए पोस्ट किया, अमेरिका अब इस पर नजर रखेगा कि भारत रूस से तेल आयात कर रहा है या नहीं।

कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने अमेरिका के समक्ष समर्पण कर दिया है। भारत अमेरिका के टाइम जोन के हिसाब से चल रही है, क्योंकि सारे निर्णय अमेरिका के हिसाब से हो रहे हैं।

## संघ सत्ता की इच्छा नहीं रखता : भागवत

मुंबई, एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भगवत ने शनिवार को कहा कि संघ किसी के खिलाफ नहीं है और ना ही वह सत्ता या लोकप्रियता चाहता है। भागवत ने जनसभा को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान उभरी विभिन्न विचारधाराओं का उल्लेख किया, जिनका प्रतिनिधित्व राजा राम मोहन रॉय, स्वामी विवेकानंद और दयानंद सरस्वती सहित सुधारकों और नेताओं ने किया।

उन्होंने कहा कि हालांकि यह देखा जा रहा है कि समाज को दिशा देने और अनुकूल वातावरण बनाने का काम नहीं हो रहा है। भागवत ने कहा कि आरएसएस का मुख्य उद्देश्य देश में जारी सकारात्मक प्रयासों का समर्थन और उन्हें मजबूत करना है। संघ कोई अर्धसैनिक बल नहीं है, भले ही वह नियमित पथ संचलन करता है और उसके स्वयंसेवक लाठी चलाते हैं, लेकिन इसे एक अखाड़े के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए। आरएसएस राजनीति में भी शामिल नहीं है, हालांकि संघ से जुड़े कुछ लोग राजनीतिक जीवन में सक्रिय हैं। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने 1925 में आरएसएस की स्थापना से पहले के देश की परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा कि अंग्रेजों ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को एक सुरक्षा वाल्व के रूप में स्थापित किया, लेकिन भारतीयों ने इसे स्वतंत्रता संग्राम का शक्तिशाली साधन बना दिया। भागवत ने आरएसएस के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार का उल्लेख करते हुए उनके बचपन की कठिन परिस्थितियों का वर्णन किया, जिसमें 13 वर्ष की उम्र में प्लेग से माता-पिता का निधन और उसके बाद हुई आर्थिक कठिनाइयां शामिल थीं। भागवत ने कहा कि हेडगेवार ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान विभिन्न आंदोलनों में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिसमें उनके स्कूल के दिनों में वंदे मातरम् आंदोलन भी शामिल था। भागवत ने कहा कि जब उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की, तो नागपुर के कुछ लोगों ने उन्हें मेडिकल की पढ़ाई के लिए कोलकाता भेजने हेतु धन जुटाया, जहां वह क्रांतिकारी समूहों के सम्पर्क में आये।



- आरएसएस प्रमुख बोले- संघ का उद्देश्य सकारात्मक प्रयासों का समर्थन और उन्हें मजबूत करना

भागवत ने कहा कि हेडगेवार ने कोकेन नाम के कोडनेम से काम किया, जो कोकेनचंद्र नामक व्यक्ति से प्रेरित था। उन्होंने कहा कि एक बार पुलिस की टीम, जो कोकेनचंद्र को गिरफ्तार करने आई थी, गलतफहमी में हेडगेवार को ही हिरासत में ले गई और यह घटना रास बिहारी बोस की किताब में दर्ज है।

## केंद्र विकसित-समृद्ध जम्मू कश्मीर के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध : शाह

जम्मू, एजेंसी

- जलविद्युत परियोजनाओं की पूरी क्षमता का इस्तेमाल करने की दी सलाह
- केंद्रीय गृह मंत्री ने जम्मू कश्मीर में विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को जम्मू कश्मीर में विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की, और केंद्र शासित प्रदेश में जलविद्युत परियोजनाओं की पूरी क्षमता का उपयोग की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। लोक भवन में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र एक विकसित और समृद्ध जम्मू कश्मीर के निर्माण के दृष्टिकोण के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है।

अधिकारियों ने बताया कि दो घंटे की बैठक में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, जम्मू कश्मीर के मुख्य सचिव अटल दुल्लू और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नलिन प्रभात शामिल थे। गृह मंत्री ने कहा कि विकास को गति देने के लिए केंद्र के निरंतर और समर्पित प्रयासों से, जम्मू-कश्मीर में विकास परियोजनाओं ने अभूतपूर्व प्रगति की है। जम्मू-कश्मीर को अपनी जलविद्युत परियोजनाओं की पूरी क्षमता विकसित करने की जरूरत है। शाह बृहस्पतिवार देर रात जम्मू पहुंचे और शुक्रवार को उन्होंने कठुआ जिले में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास गुरनाम एवं बोबियान में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की अग्रिम चौकियों का दौरा किया।कठुआ से लौटने पर शाह ने सुरक्षा समीक्षा बैठक की, जिसमें अन्य लोगों के अलावा सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी भी थे और बैठक का उद्देश्य जम्मू कश्मीर को आतंकवाद से मुक्त करना था। परियोजनाओं पर बैठक के दौरान, शाह ने सड़क बुनियादी ढांचे, बिजली, उद्योग, पर्यटन, 4जी और ऑप्टिकल-फाइबर कनेक्टिविटी जैसे प्रमुख क्षेत्रों की व्यापक समीक्षा की।

## बाइक सवार की मौत के मामले में उप-ठेकेदार गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने दिल्ली के जनकपुरी में दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) द्वारा खोदे गए गड्ढे में गिरकर बाइक सवार की मौत के मामले में एक उप-ठेकेदार को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि उप-ठेकेदार राजेश प्रजापति को दुर्घटना की सूचना कई घंटे पहले दी गई थी, लेकिन कार्रवाई नहीं की।

- डीजेबी के खोदे गड्ढे में गिरकर गई युवक की जान, दिल्ली पुलिस ने की कार्रवाई

जांच के अनुसार, उसी दरमियानी रात को इलाके से गुजर रहे परिवार ने देखा कि कमल (25) संभवतः गड्ढे में गिरा है। उन्होंने घटनास्थल पर तैनात सुरक्षा गार्ड और पास के तंबू में रहने वाले व्यक्ति को सूचना दी। प्रजापति द्वारा नियुक्त सुरक्षा गार्ड ने उसी रात कनिष्ठ कर्मचारी को सूचित किया कि एक व्यक्ति गड्ढे में गिरा है। कनिष्ठ कर्मचारी ने प्रजापति को मौके पर बुलाया। प्रजापति ने गड्ढे में बाइक और व्यक्ति को देखा, लेकिन उसने किसी को सूचित नहीं किया और घर चला गया। कैलाशपुरी निवासी और निजी बैंक के कर्मचारी कमल ध्यानी जब घर लौट रहे थे तभी वह सीवर पाइपलाइन परियोजना के लिए खोदे गए 15 फुट गहरे गड्ढे में गिर गए और मौत हो गई।

## संसद को मर्यादित ढंग से चलाने में विश्वास रखती है सरकार : रीजीजू

पटना, एजेंसी

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने शनिवार को कहा कि सरकार डरने वाली नहीं है, लेकिन वह टकराव और हंगामे की राजनीति भी नहीं चाहती। सरकार संसद को शांतिपूर्ण और मर्यादित ढंग से चलाने में विश्वास रखती है। रीजीजू ने भाजपा के प्रदेश कार्यालय में यह टिप्पणी की।

लोकसभा में प्रधानमंत्री मोदी को नहीं बोलने देने से जुड़े सवाल पर रीजीजू ने कहा कि सरकार चाहती तो मार्शलों के जरिये सदन से सदस्यों को बाहर कराकर प्रस्ताव पारित करवा सकती थी, लेकिन वह सभी का सम्मान करती है। हम टकराव नहीं, बल्कि संवाद और मर्यादा के साथ संसद की कार्यवाही चलाना चाहते हैं।



केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि हाल ही में लोकसभा अध्यक्ष के कक्ष में कांग्रेस के 40-50 सांसद पहुंचे थे और वहां अनर्गल बातें कही थीं। रीजीजू ने बताया कि वह स्वयं वहां मौजूद थे, लेकिन इसके बावजूद सरकार ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई, क्योंकि सरकार शांति की पक्षधर है। कांग्रेस सांसदों की टिप्पणियों के बाद लोस अध्यक्ष ने एहतियाती कदम उठाया और प्रधानमंत्री से लोस की बजाय रास में बोलने का अनुरोध किया गया।

### बहस लोकतंत्र का हिस्सा, मर्यादा बनी रहनी चाहिए : बिरला

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कहा कि बहस और चर्चा लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा हैं, लेकिन सदन की मर्यादा हर हाल में बनाए रखी जानी चाहिए। बिहार विधानसभा के स्थापना दिवस पर विधानमंडल के केंद्रीय कक्ष में आयोजित समारोह में बिरला ने कहा कि निर्वाचित प्रतिनिधियों को सदन की गरिमा बनाए रखनी चाहिए। विधानसभा और संसद के सदस्यों को अपने विचार व्यक्त करने का विशेषाधिकार है। उन्हें अपने विचार साझा करने चाहिए, लेकिन ऐसा करते समय गरिमा बनाए रखनी होगी।

## कर्नल सोफिया पर टिप्पणियों के लिए मंत्री शाह ने फिर मांगी माफी

**इंदौर।** कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणियों के विवाद से घिरे मध्यप्रदेश के काबीना मंत्री विजय शाह ने शनिवार को एक बार फिर माफी मांगी और कहा कि विवादास्पद बयान के पीछे उनका मकसद किसी महिला अधिकारी, भारतीय सेना या समाज के किसी भी वर्ग के अपमान का कतई नहीं था।

शाह ने कहा कि मैंने कई बार कहा है और आज फिर दोहरा रहा हूं कि मेरे बयान के पीछे ऐसा कोई उद्देश्य नहीं था कि इससे किसी महिला अधिकारी, भारतीय सेना या समाज के किसी भी वर्ग का अपमान हो। निस्संदेह मेरे शब्द मेरी भावना के अनुरूप नहीं थे। ये शब्द देशभक्ति के उत्साह, उत्तेजना और आवेश में निकले थे।

# रूस से तेल की खरीद पर भारत अपने पहले के रुख पर कायम

- देशवासियों की ऊर्जा जरूरतें पूरी करना सरकार की प्राथमिकता

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका के बार-बार किए जा रहे इन दावों कि भारत अब रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा के बीच भारत ने एक बार फिर दोहराया है कि देशवासियों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और बाजार परिस्थितियों तथा बदलते अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों को ध्यान में रखकर ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाना उसकी रणनीति का हिस्सा है।

भारत का यह बयान अमेरिका द्वारा रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए पिछले साल अगस्त में उस पर लगाये गये 25 प्रतिशत दंडात्मक आयात शुल्क को हटाने के बाद आया है। विदेश मंत्रालय ने कहा है देशवासियों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और बाजार परिस्थितियों तथा बदलते अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों को ध्यान में रखकर ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाना उसकी रणनीति का हिस्सा है। विदेश मंत्रालय ने कहा है, सरकार ने कई अवसरों पर सार्वजनिक रूप से कहा है कि 1.4 अरब भारतीयों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### तेल क्रय बंद करने का अमेरिकी दावा

उल्लेखनीय है कि भारत के साथ अंतरिम व्यापार समझौते की घोषणा के बाद से अमेरिका कहता रहा है कि भारत ने रूस से तेल की खरीद बंद करने की प्रतिबद्धता जताई है। अमेरिका ने रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए पिछले साल अगस्त में भारत पर लगाया गया 25 प्रतिशत दंडात्मक आयात शुल्क शनिवार को हटा लिया। ट्रंप ने कहा कि मुझे जानकारी मिली है कि भारत ने रूसी संघ से तेल का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात बंद करने की प्रतिबद्धता जताई है।

### मौत के मुहाने पर बैठे हैं नागरिक

दिल्ली और उससे सटे हाई-टेक शहर नोएडा में पिछले कुछ दिनों में हुई दो घटनाओं ने विकास की चमक के पीछे छिपे मौत के अंधेरे को उजागर कर दिया है। नोएडा में एक होनहार सॉफ्टवेयर इंजीनियर की जलभराव वाले गड्ढे में डूबने से मौत हो गई, तो वहीं दिल्ली के जनकपुरी में दिल्ली जल बोर्ड द्वारा खोदे गए एक खुले गड्ढे ने बाइक सवार बैंक कर्मचारी की जान ले ली। जनकपुरी की घटना में ठेकेदार की ओर से सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए थे। ये मौतें महज दुर्घटना नहीं हैं, बल्कि प्रशासनिक क्रूरता का परिणाम हैं जो नियम तो बनाती है, लेकिन उनके पालन में विफल साबित होती है। विडंबना यह है कि जब कोई हादसा होता है, तो विभाग एक-दूसरे पर दोषारोपण शुरू कर देते हैं, लेकिन कोई यह नहीं बताता कि सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन क्यों नहीं किया गया।

## हर तरफ खूनी गड्ढे



### सुप्रीम कोर्ट और एनजीटी के निर्देश

- सुप्रीम कोर्ट का रुख : उच्चतम न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) ने स्पष्ट किया है कि सड़कों को गड्ढा मुक्त रखना और सुरक्षा सुनिश्चित करना अनुच्छेद 21 (जीवन का अधिकार) के तहत मौलिक अधिकार है। हाल ही में न्यायालय ने राज्यों को निर्देश दिया है कि वे सड़क सुरक्षा ऑडिट के लिए जवाबदेह तंत्र बनाएं।
- एनजीटी के निर्देश : नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने प्रदूषक भुगतान सिद्धांत को विस्तारित करते हुए लापरवाही किए जाने पर भुगतान लागू किया है। यदि गड्ढे से पर्यावरण या जनहानि होती है, तो संबंधित विभाग पर करोड़ों का जुर्माना लगाया जा सकता है।

### खुदाई और सुरक्षा के नियम

- निर्धारित मानक : सरकारी विभागों (जैसे जीजेबी, पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई) के लिए खुदाई के दौरान सुरक्षा के कड़े नियम भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) और भारतीय सड़क कांग्रेस (आईआरसी) द्वारा निर्धारित किए गए हैं।
- कठोर बैरिकेडिंग : नियम के अनुसार, 1.5 मीटर से गहरे गड्ढे के चारों ओर लोहे की चादर या कंक्रीट के अवरोधक होने चाहिए। साधारण प्लास्टिक टेप या रस्सी पर्याप्त नहीं है।
- साइनबोर्ड और रिफ्लेक्टर : कार्यस्थल से कम से कम 50 से 100 मीटर पहले 'काम चल रहा है' के बड़े बोर्ड होने चाहिए। रात के समय रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप और ब्लिंकर लाइट्स अनिवार्य हैं।
- सेफ्टी गार्ड की तैनाती : भीड़भाड़ वाले इलाकों में खुदाई स्थल पर 24 घंटे सुरक्षा गार्ड तैनात होना चाहिए जो यातायात को निर्देशित कर सके।

### लापरवाही पर क्या है कानून

- बीएनएस धारा 106 (पुराना आईपीसी 304ए) : लापरवाही के कारण मृत्यु। इसमें 5 साल तक की सजा का प्रावधान है।
- बीएनएस धारा 198/199 : लोक सेवक द्वारा कानून की अवज्ञा करना।
- मोटर वाहन संशोधन अधिनियम, 2019 (धारा 198ए) : यदि सड़क के दोषपूर्ण डिजाइन या रखरखाव के कारण दुर्घटना होती है, तो संबंधित प्राधिकरण/ठेकेदार पर 1 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

### सजा का सच

- ज्यादातर मामलों में अधिकारियों को केवल निलंबन मिलता है, जो कि वास्तविक सजा नहीं है। कानूनी लड़ाई लंबी होने के कारण दोषी को जेल भेजने की दर बहुत कम है। अदालतों ने अब अधिकारियों के वेतन से मुआवजे की कटौती करने का सुझाव देना शुरू किया है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### रूसी गतिविधियों पर पोलैंड के विमान अलर्ट

**वारसॉ।** यूक्रेन में युद्ध के संबंध में रूस की लंबी दूरी की हवाई गतिविधि का हवाला देते हुए पोलैंड ने शनिवार को सैन्य विमानों को सतर्क किया और हवाई रक्षा प्रणालियों को हाई अलर्ट पर रखा। देश की सशस्त्र सेना परिचालन कमान ने यह जानकारी दी। कमान ने एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा कि यूक्रेन में लक्ष्यों पर किए गए हमलों के संबंध में संचालित रूस की लंबी दूरी की विमानन गतिविधि के कारण, पोलैंड के और सहयोगी विमानों ने पोलिश हवाई क्षेत्र में परिचालन शुरू कर दिया है। कहा गया है कि जमीनी हवाई रक्षा इकाइयों और रडार टोही प्रणालियों को अलर्ट पर रखा गया था।

### अय्यावास्का पेय के नए केंद्र बने स्पेन, पुर्तगाल

**बार्सिलोना/मैड्रिड।** अमेजन के घने जंगलों में तैयार होने वाला अय्यावास्का पेय अब यूरोप के आलीशान होटलों तक पहुंच गया है और खासकर स्पेन, यूरोप के उन गिने-चुने देशों में शामिल हो गया है जहां कानूनी अस्पष्टता के कारण इसके सेवन संबंधी रिट्रीट बड़े पैमाने पर आयोजित किए जा रहे हैं। यूरोप के देशों में हाल के वर्षों में अय्यावास्का पेय का सेवन एक वेलनेस प्रैक्टिस के रूप में तेजी से लोकप्रिय हुआ है। अय्यावास्का पेय दक्षिण अमेरिका के अमेज़न बेसिन में मिलने वाली औषधियों का विशेष काढ़ा है।

### सूडान में ड्रोन हमले में 24 लोगों की मौत

**काहिरा।** मध्य सूडान में शनिवार को एक कुख्यात अर्धसैनिक समूह द्वारा विस्थापित परिवारों को ले जा रहे एक वाहन पर ड्रोन से किए गए हमले में आठ बच्चों सहित 24 लोगों की मौत हो गई। सूडान डॉक्टर्स नेटवर्क ने बताया कि रैपिड सपोर्ट फोर्सेज द्वारा किया गया यह हमला उत्तरी कोरदोफान प्रांत के राहाद शहर के पास हुआ। वाहन में विस्थापित लोग सवार थे, जो डुबेइकर क्षेत्र में जारी लड़ाई के दौरान भागकर आए थे। मृतकों में दो नवजात शिशु भी शामिल हैं। कई अन्य घायलों को राहाद में इलाज के लिए ले जाया गया।

### अमेरिका में हथियार ट्रांसफर की नई नीति

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर अमेरिका फर्स्ट आर्म्स ट्रांसफर स्ट्रेटेजी की स्थापना की है, जिसका उद्देश्य विदेशी सैन्य बिक्री में अमेरिकी हितों को प्राथमिकता देना और घरेलू रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देना है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सैन्य प्रभुत्व बनाए रखने के लिए अब समय आ गया है कि हथियार हस्तांतरण रणनीति को स्थापित, लागू किया जाए।

# भारत विकास का भरोसेमंद साझेदार

## मलेशिया में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-हाल के ट्रेड डील्स में दिखा यह भाव

- भारतीय समुदाय के स्नेह के लिए प्रधानमंत्री ने जताया आभार

कुआलालंपुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत को विकास के लिए एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देखा जाता है और यह बात ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ समेत विभिन्न देशों के साथ हाल में हुए व्यापार समझौतों में परिलक्षित होती है। मोदी ने यहां भारतीय समुदाय के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय प्रवासी भारत और मलेशिया के बीच एक मजबूत सेतु का काम करते हैं।

विभिन्न देशों के साथ भारत द्वारा किए गए व्यापार समझौतों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को विकास के लिए एक भरोसेमंद भागीदार के रूप में देखा जाता है। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, ओमान, यूरोपीय संघ और अमेरिका के भारत के साथ व्यापारिक समझौते हुए हैं और विश्वास भारत की सबसे मजबूत मुद्रा बन गया है।

मोदी ने कहा कि हम एक-दूसरे को बहुत अच्छी तरह समझते हैं, इसका कारण हमारी भाषाओं और मलय भाषा में बड़ी संख्या में मौजूद समान शब्द ही होंगे। उन्होंने कहा, कुआलालंपुर में भारतीय प्रवासियों के स्नेह के लिए मैं आभारी हूं। हमारा प्रवासी समुदाय भारत और मलेशिया के बीच एक मजबूत सेतु का काम करता आ रहा है। मोदी ने कहा कि उन्हें मलेशिया में आकर बहुत खुशी हो रही है, जो 2026 में उनकी पहली विदेश यात्रा है। उन्होंने कहा कि मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम और मैं उनके प्रधानमंत्री बनने से पहले से ही दोस्त हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मलेशिया में रहने वाले तमिल प्रवासी विभिन्न क्षेत्रों में समाज की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दरअसल, तमिल प्रवासी यहां कई सदियों से रह रहे हैं। इस इतिहास से प्रेरित होकर, हमने मलय विश्वविद्यालय में तिरुवल्लुवर चेयर की स्थापना की है। अब हम साझा विरासत को मजबूत करने को तिरुवल्लुवर केंद्र स्थापित करेंगे।



प्रवासी भारतीय समुदाय के कार्यक्रम में एक ही कार से पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मलेशियाई समकक्ष अनवर इब्राहिम।

### भारतीय नृत्य की प्रस्तुति देकर बनाया रिकॉर्ड

इससे पहले मोदी और अनवर इब्राहिम का कार्यक्रम में जबरदस्त स्वागत किया गया। कार्यक्रम में 800 से अधिक प्रतिभागियों ने नृत्य प्रस्तुतियां दीं। इन नर्तकों ने भरतनाट्यम, कथक, कथकली, कुचिपुड़ी, लावणी और ओडिसी समेत भारतीय शास्त्रीय और लोक नृत्यों का प्रदर्शन किया। मोदी और इब्राहिम एक ही कार में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। मोदी भारत माता की जय और मोदी, मोदी के नारों के बीच मंच पर पहुंचे। यह घोषणा की गई कि भारतीय नृत्य प्रदर्शन में सबसे अधिक कलाकारों के भाग लेने के लिए इस नृत्य प्रदर्शन ने मलेशियाई रिकॉर्ड पुस्तिका में अपना नाम दर्ज करा लिया है। इब्राहिम ने इस मौके पर कहा, भारत से एक अच्छे मित्र के मलेशिया में हमारे साथ शामिल होने से मैं व्यक्तिगत रूप से उत्साहित हूं। उन्होंने दोनों देशों के बीच प्राचीन संबंधों को याद किया। इब्राहिम ने कहा कि भारत, मलेशिया के प्रमुख व्यापारिक साझेदारों में से एक है।

### पीएम मोदी का किया गया भव्य स्वागत

**कुआलालंपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का शनिवार को कुआलालंपुर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने हवाई अड्डे पर मोदी की अगवानी की। मलेशिया के मानव संसाधन मंत्री रामानन रामकृष्णन और उप विदेश मंत्री लुकानिस्मान बिन अवांग सौनी ने इब्राहिम के साथ प्रधानमंत्री का स्वागत किया। इस दौरान कलाकारों ने पारंपरिक संगीत और नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जो दोनों देशों की साझा सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करते हैं। मोदी ने एक्स पर कहा, हवाई अड्डे पर मेरे मित्र, प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम द्वारा किए गए हार्दिक स्वागत से मैं बहुत अभिभूत हूं। मुझे हमारी वार्ता का इंतजार है और भारत और मलेशिया के बीच दोस्ती के बंधन को और मजबूत करने की उम्मीद है। मोदी रविवार को मलेशिया के प्रधानमंत्री के साथ व्यापक वार्ता करेंगे।

# ईरान के साथ कारोबार करने वाले देशों पर टैरिफ लगाएगा अमेरिका

- राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कार्यकारी आदेश पर किए हस्ताक्षर

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान संबंधी एक खास कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। यह आदेश अमेरिका को उन देशों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने की अनुमति देता है, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ईरान से सामान या सेवाएं खरीदते हैं। व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि यह आदेश विशिष्ट टैरिफ स्तर तो निर्धारित नहीं करता है, लेकिन अधिकारियों को बदलती परिस्थितियों के आधार पर उन्हें तय करने और समायोजित करने के लिए अधिकृत करता है।

इस आदेश में यह भी कहा गया है कि अगर हालात बदलते हैं, जवाबी कार्रवाई होती है, या यदि ईरान अथवा कोई प्रभावित देश राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति एवं आर्थिक मामलों पर संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ तालमेल बिठाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाता है, तो राष्ट्रपति इस आदेश में संशोधन कर सकते हैं। यह आदेश विदेश मंत्री, वाणिज्य मंत्री और व्यापार प्रतिनिधि को टैरिफ प्रणाली एवं संबंधित उपायों को लागू करने के लिए नियम और दिशा-निर्देश जारी करने सहित सभी आवश्यक कार्रवाई करने के लिए अधिकृत करता है। इसका उद्देश्य ईरान के ऐसे कदमों का सामना करना है, जिसमें उसकी परमाणु क्षमता हासिल करने की कोशिश, आतंकवाद का समर्थन, बैलिस्टिक मिसाइल विकास और क्षेत्रीय अस्थिरता शामिल है। व्हाइट हाउस के अनुसार, ये सभी कारक अमेरिकी सुरक्षा, उनके सहयोगियों और अमेरिकी हितों के लिए खतरा हैं। बयान में आरोप लगाते हुए कहा गया, ईरान पूरे मध्य पूर्व में प्रॉक्सी समूहों और मिलिशिया को समर्थन प्रदान करता है। इनमें वे संगठन भी शामिल हैं जो अमेरिकी सेना, क्षेत्रीय भागीदारों एवं सहयोगियों को सक्रिय रूप से निशाना बनाने में संलिप्त हैं। यह भी कहा कि ईरानी शासन द्वारा संसाधनों का कुप्रबंधन स्पष्ट है। वह अपने बुनियादी ढांचे और नागरिकों की भलाई के बजाय परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों को प्राथमिकता देता है।

### ट्रंप ने ईरान से बातचीत को अच्छा बताया

**मस्कट।** ईरान और अमेरिका ने शुक्रवार को ओमान में अप्रत्यक्ष वार्ता की। यह बातचीत तेहरान के परमाणु कार्यक्रम पर चर्चा के तरीके को लेकर फिर शुरुआती बिंदु पर लौटती दिखी लेकिन पहली बार अमेरिका ने पश्चिम एशिया में अपने शीर्ष सैन्य कमांडर को भी इसमें शामिल किया। ओमान की राजधानी मस्कट में वार्ता के दौरान अमेरिकी सेंट्रल कमांड के प्रमुख नौसेना एडमिरल ब्रैड कूपर की मौजूदगी इस बात का संकेत है कि विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन और अन्य युद्धपोत अब ईरान के तट के पास अरब सागर में तैनात हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान पर बहुत अच्छी बातचीत हुई है और अगले सप्ताह फिर वार्ता होगी। लेकिन उन्होंने चेतावनी दी कि यदि परमाणु समझौता नहीं हुआ तो परिणाम बेहद गंभीर होंगे। ट्रंप ने शुक्रवार देर रात एयर फोर्स वन विमान में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि ऐसा लगता है कि ईरान यह समझौता करना चाहता है जैसा कि होना चाहिए। उन्होंने संकेत दिया कि ईरान पहले की वार्ताओं से ज्यादा करने को तैयार लग रहा है, हालांकि उन्होंने विस्तार से कुछ नहीं बताया।



# एपस्टीन फाइल से यूरोप में भूचाल जांच के घेरे में कई कद्दावर हस्तियां

- कई नामचीन हस्तियों का करियर असमय हुआ खत्म

लंदन, एजेंसी

एपस्टीन फाइल जारी होने के बाद यूरोप के विभिन्न देशों की कई नामचीन हस्तियां जांच के घेरे में हैं। इनमें एक प्रिंस, कई राजनेता, राजदूत और विभिन्न क्षेत्रों के नामी गिरामी चेहरे शामिल हैं। अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा बड़ी संख्या में जारी एपस्टीन फाइल ने यूरोप के राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक अभिजात्य वर्ग को स्तब्ध कर दिया है।

कई लोग अचानक नकारात्मक कारणों से सुर्खियों में आ गए हैं, कई का करियर असमय खत्म हो गया और कुछ के खिलाफ आपराधिक, राजनीतिक जांच में तेजी आई है। वाशिंगटन में ब्रिटेन के पूर्व राजदूत पीटर मैंडेलसन को बर्खास्त कर दिया गया और उन्हें जेल जाना पड़ सकता है। मैंडेलसन की नियुक्ति पर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर को नेतृत्व संकट का सामना करना पड़ रहा है। नॉर्वे, स्वीडन और स्लोवाकिया में कई कद्दावर हस्तियों की साख को धक्का लगा है।

नवीनतम फाइल से पहले ही, महाराजा चार्ल्स तृतीय के भाई एंड्रयू माउंटबेटन-विंडसर ने अपना सम्मान, राजसी पदवी और करदाताओं द्वारा वित्त पोषित हवेली खो दी। पूर्व प्रिंस एंड्रयू के अलावा, उनमें से किसी पर भी यौन उत्पीड़न का दावा नहीं किया गया है। यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध के कारण उन्हें हटा दिया गया है। संयुक्त राष्ट्र में स्वीडिश अधिकारी जोआना रुबिनस्टीन ने 2012 में एप्सटीन के कैरेबियाई द्वीप की यात्रा के खुलासे के बाद पद छोड़ दिया। स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मिरोस्लाव लाजकैक ने एपस्टीन के साथ अपने संवाद को लेकर इस्तीफा दे दिया। लातविया, लिथुआनिया और पोलैंड ने दस्तावेजों की व्यापक आधिकारिक जांच शुरू की है। नॉर्वे जैसे कुछ देश एपस्टीन के खुलासों से काफी प्रभावित हुए हैं। देश की आर्थिक अपराध इकाई ने एपस्टीन के साथ संबंधों को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री थोरबजर्न जगलैंड के खिलाफ भ्रष्टाचार की जांच शुरू कर दी है।

## मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय तेल तस्करी गिरोह का किया भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल ने एक सुनियोजित समुद्री-हवाई समन्वित अभियान के जरिए अंतर्राष्ट्रीय तेल तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि दो दिनी इस अभियान से संघर्षरत क्षेत्रों से उत्पन्न होने वाले भारी मात्रा में तेल और तेल-आधारित कार्गो के अवैध कारोबार में शामिल एक जटिल नेटवर्क ध्वस्त हुआ है। गुरुवार को मुंबई से लगभग 100 समुद्री मील पश्चिम में तटरक्षक बल के जहाजों ने तीन संदिग्ध जहाजों को रोका। टीमों ने जहाजों की तलाशी, बरामद इलेक्ट्रॉनिक डेटा की पुष्टि, दस्तावेजों का सत्यापन और चालक दल से पूछताछ के द्वारा पूरी जानकारी जुटाने और आपराधिक कार्यप्रणाली की पुष्टि कर पाई।

# यूक्रेन-रूस समझौते को जून तक दी समय सीमा

- अमेरिका ने युद्ध की समाप्ति के लिए बनाया दबाव

कीव, एजेंसी

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि अमेरिका ने यूक्रेन और रूस को लगभग चार साल से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए समझौते पर पहुंचने के वास्ते जून की समय सीमा दी है। जेलेंस्की ने शुक्रवार को कहा कि यदि जून की समयसीमा पूरी नहीं होती है, तो ट्रंप प्रशासन संभवतः दोनों पक्षों पर इसे पूरा करने के लिए दबाव बनाएगा।

उन्होंने कहा कि अमेरिकी पक्ष इस गर्मी की शुरुआत तक युद्ध समाप्त करने का प्रस्ताव दे रहा है और संभवतः इसी कार्यक्रम के अनुसार सभी पक्षों पर दबाव डालेगा। जेलेंस्की ने कहा कि ट्रंप कहते हैं कि वे जून तक सबकुछ ककरना चाहते हैं। वे युद्ध समाप्त करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। वे सभी घटनाओं का एक स्पष्ट विवरण चाहते हैं। जेलेंस्की ने कहा कि अमेरिका ने अगले सप्ताह त्रिपक्षीय वार्ता का अगला दौर पहली बार अपने देश में आयोजित करने का प्रस्ताव रखा है, जो संभवतः मियामी में होगा। उन्होंने कहा कि हमने अपनी भागीदारी की पुष्टि की। जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने अमेरिका को 12 हजार अरब अमेरिकी डॉलर का आर्थिक प्रस्ताव पेश किया है, जिसे उन्होंने रूसी दूत किरिल दिमित्रीव के नाम पर दिमित्रीव पैकेज नाम दिया है।

## भारतीय छात्र ने लंदन में शुरू की थॉमस टूर सेवा


**लंदन।** लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स (एलएसई) से हाल ही में मैक्रो-इकोनॉमिक्स में स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल करने वाले केरल के एक छात्र ने रोजी-रोटी कमाने और ब्रिटेन में नौकरी की तलाश में जुटे स्नातकों का मनोबल बढ़ाने के लिए थॉमस टूर्स नाम की अनूठी टूर गाइड सेवा शुरू की है। तिरुवल्ला के मल्लापल्ली गांव के जेम थॉमस मैथ्यू (23) ने अपने दादा के नाम पर थॉमस टूर सेवा शुरू की है, जो उन्हीं की तरह नौकरी की तलाश में जुटे युवाओं को अंशकालिक आधार पर रोजगार हासिल करने का मौका देती है। थॉमस टूर के तहत जेम ने ऐसे यात्रा पैकेज तैयार किए हैं, जो आगंतुकों को कम खर्च में लंदन के विभिन्न स्थलों का दौरा करने का अवसर प्रदान करेंगे।

## आज का भविष्यफल

-पं. मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 8 फरवरी, रविवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, सप्तमी 9 फरवरी 05 .01 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-स्वाती 9 फरवरी 05 .02 तक तत्पश्चात विशाखा।

**मेष** – आज आप कई लोगों का मार्गदर्शन कर सकते हैं। आवश्यक कार्य समय से पहले पूर्ण हो जाएंगे। प्रेम संबंध अत्यंत मधुर रहने वाले हैं। आपके सामाजिक संपर्क में वृद्धि होगी। तनाव के बावजूद कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन काफी अच्छा रहेगा।

**वृष** – आज आप अत्यधिक व्यस्त रहेंगे। गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकते हैं। एक साथ अनेक काम संभालने पड़ेंगे। विद्यार्थियों को नया कुछ सीखने को मिलेगा। पैतृक संपत्ति के मामलों के उलझने की संभावना बन रही है।

**मिथुन** – आज अपनी रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए खानपान और योग पर ध्यान दें। मित्रों को मूल्यवान उपहार दे सकते हैं। इससे आपके संबंध और भी घनिष्ठ और मधुर होंगे। मित्रों के भरोसे अपने महत्वपूर्ण काम न छोड़ें।

**कर्क** – आज अपशब्दों का बिल्कुल प्रयोग न करें। विद्यार्थी करियर को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। दूसरों की सहायता करके आपको आत्मसंतुष्टि महसूस होगी। आप जिस काम को आसान मान रहे थे वो आपको काफी परेशान कर सकते हैं।

**सिंह** – आज दोपहर के बाद आपको कोई शुभ सूचना मिल सकती है। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। व्यवसाय में सहयोगियों का साथ मिलेगा। भौतिक भोग-विलास का भरपूर आनंद लेंगे। घर में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा।

**कन्या** – आज आपको बड़े व प्रभावशाली लोगों से मिलना पड़ सकता है। भविष्य को ध्यान में रखते हुए नए कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं। अपनी जिम्मेदारियों को निभा सकते हैं। महिलाओं को अपमानजनक परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

**तुला** – आज पुराने रुके हुए कार्य प्रारंभ हो सकते हैं। दांपत्य संबंधों में आपसी समझ और सामंजस्य में वृद्धि होगी। नए व्यापारिक अनुबंध हो सकते हैं। आर्थिक मामलों को लेकर भाग्यशाली रहेंगे। पिता के साथ चर्चा व उनका आशीर्वाद लेना उत्तम सिद्ध होगा।

**वृश्चिक** – आज महत्वपूर्ण कार्यों को एक-दो दिन के लिए टालना हितकर होगा। महिलाओं को अपनी सुरक्षा को लेकर थोड़ा ध्यान रखना पड़ेगा। आपके ऊपर कार्यभार की अधिकता रहेगी। एक ही काम को बार-बार करना पड़ सकता है।

**धनु** – आज आर्थिक मामलों के लिए दिन बहुत अच्छा है। आपके खर्चों में कमी आएगी। व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ मिलने से काफी अच्छा व सहज महसूस करेंगे। विवादित मामलों में विजय हो सकती है। प्रेम संबंधों को लेकर परेशानी होगी।

**मकर** – आज रुचिपूर्ण कार्य करने के अवसर मिलेंगे। सभी कार्य आपके अनुसार होने से मन प्रसन्न रहेगा। राजनीति में आप विशेष रुचि ले सकते हैं। किसी महत्वपूर्ण कार्य से कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। सहकर्मियों के साथ आपकी दोस्ती बढ़ सकती है।

**कुंभ** – आज बिजनेस पार्टनरशिप को लेकर विचार कर सकते हैं। धीमी गति से आपके काम बनते प्रतीत होंगे। आपको सकारात्मक बने रहना चाहिए। अपरिचित लोगों से अधिक तालमेल न बढ़ाएं। बच्चे पढ़ाई के बजाय दूसरे कार्यों में समय ज्यादा खर्च करेंगे।

**मीन** – आज आप कोई नया काम शुरू करने से बचें। किसी की गारंटी न लें वरना नुकसान हो सकता है। आपकी अच्छी सलाह भी लोगों को समझ नहीं आएगी इसीलिए बिना मांगे किसी को सलाह न दें। पुराने विवाद दोबारा उठ खड़े हो सकते हैं।

## सुडोकू -55

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 4 | | | 5 |
| 2 | 9 | | | 6 | | 3 | | |
| | 3 | | | | 7 | | | |
| | | 5 | | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | | | 4 | | 3 |
| | 6 | | | | | 8 | 9 | |
| | | 9 | | 4 | | | | |
| 8 | | 1 | | | | | 3 | 4 |
| 7 | | | 2 | | | | | |

### सुडोकू - 54 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 8 | 3 |
| 3 | 7 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 9 |
| 9 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 4 |
| 1 | 9 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 6 | 7 |
| 7 | 2 | 3 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 5 |
| 6 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 6 | 1 | 2 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 |



> चैंपियंस! इस युवा ग्रुप और उनके निडर क्रिकेट पर बहुत गर्व है। कोच और सपोर्ट स्टाफ समेत पूरी टीम को शाबाशी। इस पल का आनंद लें! जब आपके पास एक सूर्यवंशी हो, तो एक टाइमलेस ब्लॉकबस्टर की उम्मीद होती है! शाबाश, वैभव!
> –सचिन तेंदुलकर


# स्टेडियम

अयोध्या, रविवार, 8 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## आज के मैच

| टीम | समय |
|---|---|
| अफगानिस्तान-इंग्लैंड | सुबह 11 बजे |
| इंग्लैंड-नेपाल | दोपहर 3 बजे |
| श्रीलंका-आयरलैंड | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट

### अमेरिकी राजदूत रहे स्टेडियम में मौजूद

**मुंबई।** भारत के अमेरिका के राजदूत और दक्षिण एवं मध्य एशिया के विशेष दूत सर्जियो गोर शनिवार को यहां वानखेड़े स्टेडियम में भारत और अमेरिका के बीच टी20 विश्व कप मुकाबले के दौरान मौजूद रहे। गोर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) अध्यक्ष जय शाह के साथ मुकाबले से पहले आयोजित शानदार उद्घाटन समारोह और आतिशबाजी का लुत्फ उठाया। इस मौके पर भारत के पूर्व कप्तान और इस टी20 विश्व कप के इस सत्र के ब्रांड दूत रोहित शर्मा भी मौजूद थे। गोर ने इससे पहले 'एक्स' पर लिखा टी20 विश्व कप मैच के लिए मुंबई पहुंचा हूं। अमेरिका की टीम के लिए बड़ा दिन। अमेरिका की टीम को शुभकामनाएं।

### अधिक टीमों का खेलना अच्छा है : राशिद

**चेन्नई।** अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने टी20 विश्व कप के मौजूदा चरण से 20 टीम के विस्तार का स्वागत करते हुए शनिवार को कहा कि इससे और अधिक देशों के खिलाड़ियों को वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला है। आईसीसी टी20 विश्व कप का 2026 चरण टीम की संख्या के लिहाज से अब तक का सबसे बड़ा टूर्नामेंट है। न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले मैच की पूर्व संध्या पर राशिद ने कहा विश्व कप में ज्यादा टीम का होना हमेशा अच्छा है। इससे कई देश इसमें शामिल होगें और आपको बहुत नयी प्रतिभाएं देखने को मिलेंगी। अलग-अलग टीमें आती हैं। मुझे लगता है कि इसी तरह विश्व कप और बड़ा बनता जाता है।

### इलावेनिल को एयर राइफल में स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** ओलंपियन इलावेनिल वलारिवन ने दबाव में शानदार संयम दिखाते हुए जापान की मिसाकी नोबाटा की कड़ी चुनौती को पछाड़कर शनिवार को यहां एशियन चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस स्पर्धा में मेघना सज्जनर ने कांस्य पदक हासिल किया। इलावेनिल, आर्या बोर्से और मेघना सज्जनर की तिकड़ी ने टीम स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीतकर कर्णी सिंह परिसर में भारत की महिला राइफल निशानेबाजों के लिए दिन को यादगार बना दिया।

### लवलीना व सचिन फाइनल में

**ला नूसिया (स्पेन)।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन और विश्व कप स्वर्ण विजेता सचिन सिवाच ने शानदार जीत दर्ज करते हुए 'बॉक्सैम एलीट इंटरनेशनल 2026' के फाइनल में जगह बना ली। इन दोनों के अलावा 10 अन्य भारतीय मुक्केबाज भी फाइनल में पहुंचे हैं। स्वर्ण पदक की दावेदारी में भारत की आठ महिलाएं और चार पुरुष मुक्केबाज शामिल है।

# सूर्यकुमार की जुझारू पारी से भारत ने अमेरिका को दिया 162 रनों का लक्ष्य

## टी-20 विश्व कप : पहले मैच में मेजबान टीम के स्टार बल्लेबाज रहे फ्लॉप

मुंबई, एजेंसी

कप्तान सूर्यकुमार यादव की नाबाद 84 रन की अर्धशतकीय पारी की बदौलत भारत ने सामूहिक बल्लेबाजी नाकामी के बावजूद शनिवार को यहां वानखेड़े स्टेडियम में आईसीसी टी20 विश्व कप के शुरूआती मैच में अमेरिका के खिलाफ नौ विकेट पर 161 रन बना लिए।

खिताब के प्रबल दावेदार भारत के लिए सूर्यकुमार दबाव भरी परिस्थिति में संभलकर खेलते हुए अंत तक डटे रहे। उन्होंने 49 गेंद की नाबाद पारी में 10 चौके और चार छक्के जड़े। उनके अलावा केवल तीन बल्लेबाज ही दोहरे अंक तक पहुंच सके जिसमें तिलक वर्मा ने 25 रन और ईशान किशन ने 20 रन का योगदान दिया। 13वें ओवर में भारत का स्कोर छह विकेट पर 77 रन हो गया था और टीम बुरी तरह लड़खड़ा गई थी लेकिन सूर्यकुमार ने अकेले दम पर पारी को संभाला।

दक्षिण अफ्रीका में जन्में शैडली वान शाल्कविक ने चार ओवर में 25 रन देकर चार विकेट झटके। सूर्यकुमार को छोड़कर भारत का मशहूर बल्लेबाजी लाइन-अप पूरी तरह नाकाम रहा और एक समय टीम बहुत कम स्कोर पर सिमटने की ओर बढ़ती दिख रही थी। संकेत शुरुआत में ही मिल गया था जब भारत पहली चार गेंद पर कोई रन नहीं बना सका। अमेरिकी गेंदबाजों ने भारतीय बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का बिल्कुल भी मौका नहीं दिया। ईशान ने पांचवीं गेंद पर छक्का जड़कर खाता खोला, लेकिन दूसरे ओवर में अभिषेक शर्मा के पहली ही गेंद पर शून्य पर आउट होने से भारत को पहला झटका लगा। दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज अभिषेक ने अली खान की गेंद पर सीधे डीप कवर पर संजय कृष्णमूर्ति को कैच थमा दिया और वानखेड़े स्टेडियम खामोश हो गया। अमेरिकी कप्तान मोनांक पटेल की बेहद सटीक तरीके से क्षेत्ररक्षकों के सजाया हुआ था। तिलक ने तीसरे ओवर में सौरभ नेत्रवलकर पर सीधा शॉट लगाकर दबाव कम किया और अगले ओवर में वान शाल्कविक के खिलाफ तीन चौके जड़े। ऐसा लगा कि भारत अब लय पकड़ रहा है। लेकिन ईशान छठे ओवर की पहली ही गेंद पर वान शाल्कविक की गेंद को सीधे मिड-ऑन पर मार बैठे। जबकि इससे पहले उन्हें जीवनदान मिल चुका था।

वान शाल्कविक को यकीन नहीं हुआ जब तिलक एक शॉर्ट गेंद को ठीक से टाइम नहीं कर पाए और अमेरिका के कप्तान मोनांक पटेल को आसान कैच दे बैठे। शिवम दुबे एक साधारण सी धीमी बाउंसर से पूरी तरह चकमा खा गए और खाता भी नहीं खोल सके। रिंकू सिंह (14 गेंद में छह रन) मोहम्मद मोहसिन (16 रन देकर एक विकेट) की गेंद पर अपना आक्रामक शॉट नियंत्रित नहीं कर सके और लांग-ऑन पर कैच दे बैठे। हार्दिक पंड्या (05) मुंबई के पूर्व स्पिनर हरमीत सिंह (26 रन देकर दो विकेट) की गेंद पर स्वीपर कवर के ऊपर से मारने की कोशिश में आउट हो गए जबकि अक्षर पटेल (14) भी तेजी से रन बटोरने के प्रयास में पवेलियन लौटे। अब भारत को संकट से उबारने की पूरी जिम्मेदारी अकेले सूर्यकुमार पर आ गई। उन्होंने स्ट्राइक अपने पास रखी और अपने ट्रेडमार्क शॉट्स में शायद ही कोई चूक की।



नाबाद अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते कप्तान सूर्यकुमार यादव। एजेंसी

### भारत

**161/9** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| ईशान किशन का मिलिंद बो वान | 20 |
| अभिषेक का कृष्णमूर्ति बो अली | 00 |
| तिलक वर्मा का पटेल बो वान | 25 |
| सूर्यकुमार यादव नाबाद | 84 |
| शिवम दुबे का नेत्रवलकर बो वान | 00 |
| रिंकू सिंह का मिलिंद बो मोहसिन | 06 |
| हार्दिक का साईतेजा बो हरमीत | 05 |
| अक्षर का मोहसिन बो हरमीत | 14 |
| अर्शदीप सिह का मिलिंद बो वान | 04 |
| वरुण चक्रवर्ती रन आउट | 00 |

गेंदबाजी : सौरभ नेत्रवलकर 4-0-65-0, अली खान 2-0-13-1, शैडली वान शाल्कविक 4-0-25-4, मोहम्मद मोहसिन 4-0-16-1, शुभम रंजने 2-0-16-0, हरमीत सिंह 4-0-26-2

# युवा ब्रिगेड के हर सदस्य ने बखूबी निभाई अपनी भूमिका

मुंबई, एजेंसी

**अंडर 19 विश्व कप**

- सूर्यवंशी की आक्रामकता, म्हात्रे की दृढ़ता और जॉर्ज के हौसले से टीम ने रचा इतिहास

क्रिकेट के दीवाने देश के नूरे नजर बने वैभव सूर्यवंशी ने अपना सर्वश्रेष्ठ फाइनल के लिये बचा रखा था जबकि कप्तान आयुष म्हात्रे जरूरत के समय संकटमोचक साबित हुए और उनकी युवा ब्रिगेड के हर सदस्य ने अपनी भूमिका बखूबी निभाते हुए इंग्लैंड को सौ रन से हराकर भारत को छठी बार अंडर 19 विश्व कप दिलाया।

आईपीएल में अपनी प्रतिभा की बानगी पहले ही दे चुके चौदह वर्ष के सूर्यवंशी में भारत के महान खिलाड़ियों की लीग में शामिल होने का माद्दा है। मुंबई के एक और बल्लेबाज ने दृढता और आत्मविश्वास की नई कहानी लिखी और वह है कप्तान म्हात्रे जिन्होंने खराब फॉर्म को अलविदा कहकर नॉकआउट में अहम भूमिका निभाई।

**वैभव सूर्यवंशी :** फाइनल में 80 गेंद में 15 चौकों और 15 छक्कों के साथ 175 रन बनाने वाले सूर्यवंशी की सफलता ने भारतीय क्रिकेट के बेहतरीन ढांचे का भी परिचय दिया है जो युवा प्रतिभाओं को तलाशता और तराशता है। पिछले साल आईपीएल में दूसरा सबसे तेज शतक लगाने वाले बिहार के समस्तीपुर के इस 14 वर्षीय युवक का नाम आज फिर पूरे भारत की जबां पर है।

**आयुष म्हात्रे :** सेमीफाइनल से पहले छह मैचों में सिर्फ एक अर्धशतक लगा सके मुंबई के इस खिलाड़ी की आलोचना होने लगी थी। पाकिस्तान के खिलाफ खाता नहीं खोल सके लेकिन 21 रन देकर तीन विकेट लिये और भारत की जीत के सूत्रधार बने।।



वैभव सूर्यवंशी। एजेंसी

### बीसीसीआई ने दिए 7.5 करोड़ रुपये

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अंडर-19 विश्वकप 2026 का खिताब जीतने वाली भारतीय टीम के लिए साढ़े सात करोड़ रुपये के नगद पुरस्कार की घोषणा की है। बीसीसीआई के मानद सचिव देवजीत सैकिया ने छठी बार अंडर-19 विश्वकप का खिताब जीतने वाली भारतीय टीम, कोचिंग और सपोर्ट स्टाफ और जूनियर क्रिकेट कमेटी के लिए साढ़े सात करोड़ रूपये के नगद पुरस्कार की घोषणा की।

**आरोन जॉर्ज :** हैदराबाद के लिए खेलने वाले केरल के आरोन जॉर्ज को उनकी प्रवाहमय पारियों के लिए जाना जाता है। अफगानिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल में 300 से अधिक के लक्ष्य का पीछा करते हुए उन्होंने 115 रन बनाए।

# शेफर्ड की हैट्रिक से वेस्टइंडीज ने स्कॉटलैंड को परास्त किया

कोलकाता, एजेंसी

शिमरोन हेटमायर की तूफानी अर्धशतकीय पारी और रोमारियो शेफर्ड की हैट्रिक सहित पांच विकेट से वेस्टइंडीज ने शनिवार को यहां टी20 विश्व कप के ग्रुप सी मैच में स्कॉटलैंड को 35 रन से हराकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया। दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज ने हेटमायर के 36 गेंद में 64 रन की आक्रामक पारी के दम पर पांच विकेट पर 182 रन बनाने के बाद स्कॉटलैंड को 18.5 ओवर में 147 रन पर आउट कर दिया।

शेफर्ड ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए तीन ओवर में 20 रन देकर इस प्रारूप में पहली बार पांच विकेट झटके। उन्होंने इस दौरान पांच गेंद के अंदर चार विकेट लिये जिसमें मैथ्यू क्रॉस, माइकल लीस्क और ओलिवर डेविडसन के विकेटों के साथ हैट्रिक पूरी की। यह शेफर्ड की चार महीने में दूसरी टी20 अंतरराष्ट्रीय हैट्रिक है। उन्होंने इससे पहले अक्टूबर में बांग्लादेश के खिलाफ हैट्रिक ली थी। बांग्लादेश के हटने के बाद स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में भाग लेने की जानकारी केवल दो सप्ताह पहले मिली थी। उसकी गेंदबाजी अनुशासित दिखी लेकिन लक्ष्य का पीछा करते समय उनकी तैयारी की कमी साफ नजर आयी।

वेस्टइंडीज ने इसके साथ ही 2022-23 में इस टीम से मिली हार का बदला भी चुकता किया। टीम को कुछ दिनों पहले नेपाल से भी हार का सामना करना पड़ा था ऐसे में टी20 में यह वेस्टइंडीज की एसोसिएट देश पर पहली जीत है। स्कॉटलैंड के कप्तान रिची बेरिंग्टन ने 24 गेंदों में 42 रन की तेज पारी खेली, जबकि टॉम ब्रूस ने 28 गेंदों में 35 रन बनाए। इन दोनों की चौथे विकेट के लिए 47 गेंद में 78 रन की साझेदारी टूटने के बाद लगातार विकेट गिरने के कारण टीम काफी पीछे रह गयी।

जेसन होल्डर बेरिंगटन को धीमी गेंद पर आउट कर 100 टी20 अंतरराष्ट्रीय विकेट पूरे करने वाले वेस्टइंडीज के पहले गेंदबाज बने। हेटमायर ने भी शानदार क्षेत्ररक्षण करते हुए कवर पर जॉर्ज मन्सी एक हाथ से कैच लपका।



पांच विकेट का जश्न मनाते वेस्टइंडीज के रोमारियो शेफर्ड (बीच में)। एजेंसी

# आईसीसी ने पाकिस्तानी बोर्ड से मांगा स्पष्टीकरण

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान से यह स्पष्ट करने को कहा है कि भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच खेलने से इनकार को सही ठहराने के लिए 'फोर्स मेज्योर (अप्रत्याशित या नियंत्रण से बाहर की स्थिति)' प्रावधान कैसे लागू किया जा सकता है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इस मामले में सरकार पर जिम्मेदारी डालते हुए खुद को स्थिति से अलग करने की कोशिश की थी।

पीसीबी ने हालांकि आईसीसी से बातचीत शुरू कर दी है जिससे अब उम्मीद की एक किरण नजर आ रही है। आईसीसी के एक निदेशक ने उम्मीद जताई कि 15 फरवरी को होने वाला यह महत्वपूर्ण मुकाबला होगा। उन्होंने कहा बातचीत शुरू हो गई है। आईसीसी ने पीसीबी से पूछा है जब टीम सरकार के निर्देशों के तहत पूरे टूर्नामेंट में बाकी मैच खेलने को तैयार है, तो सिर्फ एक मुकाबले से हटने का फैसला कैसे जायज ठहराया जा सकता है। पीसीबी ने कुछ दिन पहले आईसीसी को 'फोर्स मेज्योर' प्रावधान लागू करने की मांग की थी।

# अशरफ की पारी से पाकिस्तान ने नीदरलैंड्स को तीन विकेट से हराया

कोलंबो, एजेंसी

- 148 रनों के लक्ष्य को अंतिम ओवर में हासिल किया

निचले क्रम के बल्लेबाज फहीम अशरफ के 11 गेंद में 29 रन की मदद से पाकिस्तान ने टी20 विश्व कप के पहले मैच में शनिवार को नीदरलैंड को तीन विकेट से हराया। जीत के लिए 148 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान का स्कोर दस ओवर के बाद दो विकेट पर 90 रन था लेकिन इसके बाद उसने लगातार विकेट गंवाए। एक समय 16.1 ओवर में सात विकेट पर स्कोर 114 रन था और उसे जीत के लिये 34 रन की जरूरत थी। आखिरी दो ओवर में पाकिस्तान को 29 रन चाहिए थे। अशरफ ने लोगान वान बीक की गेंद पर तीन छक्के और एक चौका लगाया और आखिरी ओवर में चौका जड़कर मैच तीन गेंद बाकी रहते पाकिस्तान के नाम किया।

इससे पहले ओडाउड ने अशरफ का कैच 19वें ओवर की दूसरी गेंद पर छोड़ा था जब वह सात रन पर थे। नीदरलैंड को इस कैच के छूटने की भारी कीमत चुकानी पड़ी। टी20 विश्व कप से पहले मैदान के बाहर की सुर्खियों ने पाकिस्तान की तैयारी को प्रभावित किया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाला मैच नहीं खेलने का फैसला किया है। पाकिस्तान के लिये साहिबजादा फरहान ने 31 गेंद में सर्वाधिक 47 रन बनाये जबकि सलामी बल्लेबाज सईम अयूब ने 13 गेंद में 24 रन का योगदान दिया। बाबर आजम 18 गेंद में 15 रन ही बना सके। पॉल वान मीकेरेन ने 12वें ओवर में फरहान और उस्मान खान (0) को आउट किया और 13वें ओवर में बाबर भी चले गए। पाकिस्तान का स्कोर इस समय पांच विकेट पर 100 रन था। आखिरी पांच ओवर में पाकिस्तान को 37 रन चाहिये थे लेकिन अनुभवी काइल क्लेन ने 16वें ओवर में मोहम्मद नवाज (छह) को पवेलियन भेजा। आखिरी चार ओवर में पाकिस्तान को 34 रन की जरूरत थी जब शादाब खान भी अपना विकेट गंवा बैठे। इसके बाद अशरफ ने टीम को संकट से निकाला। इससे पहले बल्लेबाजी के लिये भेजी गई नीदरलैंड टीम ने छठे ओवर में 14 रन निकालकर पावरप्ले के छह ओवरों में दो विकेट पर 50 रन बना लिये थे लेकिन आखिर में पूरी टीम 19.5 ओवर में 147 रन पर आउट हो गई।



शॉट लगाते फहीम अशरफ। एजेंसी

# न्यूजीलैंड को अफगानिस्तान के खिलाफ करना होगा बेहतर प्रदर्शन

चेन्नई, एजेंसी

उलटफेर करने में माहिर अफगानिस्तान जैसी खतरनाक टीम के खिलाफ न्यूजीलैंड को टी20 विश्व कप के ग्रुप डी के पहले मैच में रविवार को खेल के हर विभाग में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। विश्व कप से पहले इस प्रारूप में न्यूजीलैंड का प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा है और भारत ने उसे सीरीज में 4.1 से हराया।

टिम सीफर्ट और फिन एलेन के आने से शीर्षक्रम मजबूत लग रहा है लेकिन रचिन रविंद्र, मार्क चैपमैन और डेवोन कोंवे को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। भारत के खिलाफ मध्यक्रम की नाकामी न्यूजीलैंड को बहुत खली है। ऐसे में कोई कोताही महंगी पड़ सकती है क्योंकि इस ग्रुप में दक्षिण अफ्रीका भी है। न्यूजीलैंड को अपने गेंदबाजों के भी फॉर्म में लौटने की उम्मीद होगी जो भारत के खिलाफ काफी महंगे साबित हुए थे। लॉकी फर्ग्युसन ने भारत के खिलाफ एक ही मैच खेला लेकिन उनकी गेंदों में अतिरिक्त रफ्तार और विविधता देखी गई। उन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ अहम भूमिका निभानी होगी जबकि मिचेल सेंटनेर और लेग स्पिनर ईश सोढी उनका साथ देंगे।



### इंग्लैंड का सामना नेपाल से

**मुंबई।** दो बार की चैम्पियन इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक को उम्मीद है कि टी20 विश्व कप के पहले मैच में रविवार को उनकी टीम जब नेपाल से खेलेगी तो फोकस वेलिंगटन क्लब में हुई घटना की बजाय मैदान में प्रदर्शन पर रहेगा। टी20 प्रारूप में दमदार टीमों में से एक इंग्लैंड की कमान ब्रूक के हाथ में है लेकिन एशेज दौरे से पहले रात को नाइटक्लब में एक बाउंसर से हुई उनकी झड़प को लेकर लगातार वह सुर्खियों में रहे हैं। कप्तानों की प्रेस कांफ्रेंस में उनसे उस घटना से जुड़ा सवाल पूछा गया और हरफनमौला विल जैक्स को भी उन सवालों का जवाब देना पड़ा। जैक्स ने कहा मैं उस समय न्यूजीलैंड में नहीं था तो मुझे जानकारी नहीं है।

# खराब फॉर्म से जूझ रहे श्रीलंका का सामना आयरलैंड से

**कोलंबो।** खराब दौर से गुजर रही श्रीलंकाई टीम टी20 विश्व कप ग्रुप बी के अपने पहले मैच में रविवार को आयरलैंड से खेलेगी तो पिछली निराशाओं को भुलाकर अपने घरेलू दर्शकों को मुस्कुराने का मौका देने का इरादा होगा। भारत के साथ टूर्नामेंट की सह मेजबान श्रीलंका की तैयारी अच्छी नहीं रही है। उसे घरेलू टी20 श्रृंखला में इंग्लैंड ने 3-0 से हराया। अब श्रीलंका उन गलतियों से सबक लेकर बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगा। श्रीलंका की समस्या प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रही है।
इंग्लैंड के खिलाफ दबाव के हालात में उसके बल्लेबाज और गेंदबाज दोनों नहीं चल सके। बारह साल पहले टी20 विश्व कप जीत चुकी श्रीलंका को घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा मिलेगा और कागजों पर उसकी टीम मजबूत भी दिख रही है। श्रीलंका को पेचीदा ग्रुप मिला है जिसमें आस्ट्रेलिया भी है।

**डेविस कप क्वालीफायर**

**नीदरलैंड्स के गाइ डे ओडेन ने दी मात, भारत 0-1 से पीछे**

# सुमित नागल पहले एकल मुकाबले में हारे

बेंगलुरु, एजेंसी

भारतीय खिलाड़ी सुमित नागल ने पहले सेट में बिना कोई गेम जीते (बैगल) झेलने के बाद शानदार वापसी की, लेकिन लय बरकरार नहीं रख सके और शनिवार को यहां डेविस कप क्वालीफायर्स के पहले राउंड के मुकाबले में नीदरलैंड के गाए डे ओडेन के खिलाफ शुरुआती एकल मैच हार गए। इसके साथ ही भारत मुकाबीले में 0-1 से पीछे हो गया। नागल को दो घंटे 28 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 0-6, 6-4, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। अब भारत को मुकाबले में वापसी दिलाने की जिम्मेदारी दक्षिणेश्वर सुरेश पर है जिन्हें नीदरलैंड के नंबर एक और विश्व रैंकिंग में 73 नंबर पर काबिज जेस्पर डे जोंग से होगा।

पहले सेट में नागल पूरी तरह दबाव में नजर आए। डे ओडेन ने अपनी सर्विस पर सिर्फ एक अंक गंवाया और 38 मिनट में सेट अपने नाम कर लिया। नीदरलैंड के खिलाड़ी ने शुरुआती गेम में बिना कोई अंक गंवाए सर्विस बरकरार की और तुरंत ही नागल पर दबाव बना दिया। 40-0 की बढ़त के बावजूद नागल ने दो डबल फॉल्ट और कई अनफोर्स्ड गलती करते हुए अपनी सर्विस गंवा दी। नागल फिर लड़खड़ा गए। अगली सर्विस गेम में फोरहैंड की गलतियों के चलते कई ब्रेक पॉइंट दे बैठे। इससे नीदरलैंड खिलाड़ी को 4-0 की मजबूत बढ़त मिल गई। सेट में बने रहने के लिए सर्व करते हुए नागल ने एक सेट प्वाइंट बचाया, लेकिन अगला गंवा बैठे और घरेलू दर्शकों के सामने 0-6 से सेट हार गए। दूसरे सेट में नागल ने ज्यादा जुझारूपन दिखाया। उन्होंने शुरुआती सर्विस गेम बिना कोई अंक गंवाए जीता।





गाए डे ओडेन व सुमित नागल। एजेंसी

### नागल ने छूटे मौकों पर अफसोस जताया

**बेंगलुरु।** सुमित नागल ने स्वीकार किया कि निर्णायक सेट में कुछ महत्वपूर्ण गेम गंवाना उनके लिए महंगा साबित हुआ जिससे वह डेविस कप क्वालीफायर के पहले दौर के एकल मुकाबले में नीदरलैंड के खिलाफ हार गए। नागल ने हालांकि कहा कि यह हार उनके लिए एक सीखने का अनुभव था क्योंकि वह चोट से उबरने की कोशिश कर रहे हैं। गाए डे ओडेन के खिलाफ पहला सेट 0-6 से हराने के बाद नागल ने दूसरे सेट में वापसी की लेकिन तीसरे सेट में अहम मौकों को भुनाने में नाकाम रहे। उन्होंने कहा मैं तीसरे सेट से थोड़ा निराश हूं, खासकर 1-0 और फिर 4-3 के आसपास के गेम से। मुझे लगता है कि वही दो गेम मैच का फैसला कर गए।